* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

23 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 124

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही












# संदेशखाली की घटना से हिल उठा हिंदुस्तान

### भाजपा ने जारी किया वीडियो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली की घटना ने पूरे देश को हिला दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 मार्च को संदेशखाली जा सकते हैं। वह यहां यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं से बात कर सकते हैं। बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजुमदार ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। मजुमदार ने बताया कि प्रधनामंत्री 6 मार्च को नॉर्थ 24 परगना जिले के बारासात में एक महिला रैली को संबोधित करेंगे। अगर संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं प्रधानमंत्री से मिलने की इच्छा जतायेंगी, तो पार्टी इसकी व्यवस्था करेगी।

भाजपा ने संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न मामले में सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी जारी किया है। भाजपा ने कैप्शन में लिखा कि संदेशखाली का ऐसा सच जो हमारी अंतरात्मा को झकझोर कर रख देगा। ममता बनर्जी इस सच को छिपाने की कोशिश कर रही हैं। 20 मिनट 41 सेकेंड के इस वीडियो में महिलाएं अपनी आपबीती सुना रही हैं। इसमें एक महिला ने दावा किया कि टीएमसी नेता शिबप्रसाद हाजरा यानी शिबू हाजरा उन्हें घर से उठवा कर ले जाता था। टीएमसी के लोग लड़कियों की सुंदरता देख कर उन्हें अपने साथ ले जाते थे। उनके लिए लड़कियां एंटरटेनमेंट थीं। एक महिला ने बताया कि हाजरा के लोग रात के दो बजे बुलाने आते थे। कहते थे कि दादा (शिबू हाजरा) बुला रहे हैं। उनका आदेश मतलब भगवान का आदेश। मैं रात के दो बजे जाती थी और सुबह 5 बजे आती थी। मैं दुकान चलाती हूं। उनके बुलाने पर नहीं जाती तो मेरी दुकान तोड़ देते।

**टीएमसी के तीन नेता आरोपी, दो गिरफ्तार:** संदेशखाली में टीएमसी नेता शेख शाहजहां और उसके दो साथियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर आरोप है कि वे महिलाओं का गैंगरेप कर रहे थे। इस केस में शिबू हाजरा और उत्तम सरदार समेत 18 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शाहजहां अब तक फरार है। शाहजहां शेख टीएमसी का जिला स्तर का नेता है। राशन घोटाले में इडी ने 5 जनवरी को उसके घर पर रेड की थी। तब शाहजहां के 200 से ज्यादा सपोर्टर्स ने टीम पर अटैक कर दिया। अफसरों को जान बचा कर भागना पड़ा था। तभी से शाहजहां शेख फरार है।

### प्रधानमंत्री जा सकते हैं पीड़ितों से मिलने


संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं (वीडियो से ली गयी तस्वीर)

### क्या है संदेशखाली विवाद

बीते दिनों संदेशखाली की स्थानीय महिलाओं ने आरोप लगाया था कि उनकी जमीन को टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों ने कब्जा लिया है। साथ ही उनमें से कई के साथ यौन शोषण भी किया गया। शाहजहां शेख पश्चिम बंगाल राशन घोटाले में भी आरोपी है और फिलहाल फरार है। शाहजहां शेख पर इडी की टीम पर हमला कराने का भी आरोप लगा है। संदेशखाली के लोगों का दावा है कि शाहजहां शेख और उसके साथियों ने संदेशखाली में हजारों एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है और वहां वे मछलीपालन करते हैं। आरोप है कि शाहजहां शेख और उसके साथियों का संदेशखाली में इतना दबदबा है कि शिकायत के बावजूद पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे: डीजीपी

डीजीपी राजीव कुमार ने संदेशखाली से लौटने के बाद गुरुवार को मीडिया से बात की। वह बुधवार को संदेशखाली गये थे। उन्होंने रात भर वहां रुक कर हालात का जायजा लिया। डीजीपी ने कहा कि पुलिस संदेशखाली में हर व्यक्ति की शिकायत सुनेगी और दोषी पाये जानेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। अगर लोगों को टॉर्चर करने में कोई शामिल होगा, तो हम उसके खिलाफ एक्शन लेंगे।

### एनसीएसटी और एनएचआरसी ने सीएस और डीजीपी से मांगी रिपोर्ट

नेशनल कमीशन फॉर शेड्यूल ट्राइब्स (एनसीएसटी) की टीम गुरुवार को संदेशखाली गयी। एनसीएसटी के वाइस चेयरमैन अनंत नायक ने कहा कि हमने डीजीपी राजीव कुमार और बंगाल के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका से रिपोर्ट मांगी है। उन्हें तीन दिन का समय दिया गया है। मामले की जांच के लिए नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (एनएचआरसी) की एक विशेष टीम ने भी गुरुवार को संदेशखाली का दौरा किया। एनएचआरसी ने मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर आरोपियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई को लेकर चार हफ्ते के भीतर रिपोर्ट मांगी है।

## न्यूज रील्स

### भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच आज से

रांची। भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में शुक्रवार से चौथा टेस्ट खेला जाने वाला है। इसके लिए दोनों टीमें कड़ी तैयारी कर रही है। रांची में मैच की तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्टेडियम तैयार हो चुका है। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गुरुवार को यहां खूब पसीना बहाया। इग्लैंड ने इस मैट के लिए अपनी प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है। भारत अपने प्लेइंग-11 की घोषणा मैच से पहले करेगी।

(विस्तृत खबर पेज-3 पर)

### केजरीवाल को इडी का सातवां समन

नयी दिल्ली। इडी ने शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को सातवां समन भेजा है। एजेंसी ने उन्हें 26 फरवरी को पेश होने को कहा है। अब तक एक बार भी केजरीवाल एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। आम आदमी पार्टी एजेंसी के समन को राजनीति से प्रेरित बताती आयी है। आप ने कहा था कि इडी का समन गैरकानूनी है। जब समन की वैधता को लेकर कोर्ट में सुनवाई चल रही है, तो बार-बार समन भेजने की जगह एजेंसी को कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

### बहन को नकल कराने के लिए बना नकली पुलिसकर्मी

मुंबई। महाराष्ट्र में बहन को परीक्षा में नकल करवाने के लिए फर्जी तरीके से पुलिस बने शख्स को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान 24 साल के अनुपम मदन खंडारे के रूप में हुई है। वो वर्दी पहनकर फर्जी पुलिसकर्मी बन गया। लेकिन परीक्षा केंद्र पर जब उसने अधिकारियों को गलत तरीके से सैल्यूट किया तो पकड़ा गया।

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से

- चंपाई सरकार 27 को बजट पेश करेगी
- सत्ता पक्ष और विपक्ष ने की तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। चंपाई सोरेन सरकार 27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करेगी। बजट सत्र की तैयारी को लेकर अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो राज्य के आला अफसरों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर चुके हैं। उन्होंने गुरुवार को विधायक दल के नेताओं के साथ बैठक की। इसमें नेता सत्ता पक्ष मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, नेता विपक्ष अमर कुमार बाउरी समेत अन्य विधायक शामिल हुए। उधर, सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों की भी तैयारी को लेकर बैठक हुई। चंपाई सरकार पहली बार बजट पेश करेगी। विपक्ष ने सरकार को घेरने के लिए पूरी तैयारी की है। सरकार अपने स्तर से हर सवाल का जवाब देने की तैयारी जुटी है। वहीं, भाजपा ने अल्प समय के लिए बजट सत्र बुलाने की आलोचना की है। उसने बजट सत्र बढ़ाने की मांग की है।

**सात दिन चलेगा बजट सत्र :** बजट सत्र 2 मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल सात कार्यदिवस होंगे। संक्षिप्त अवधि के इस सत्र में राज्य सरकार चालू वित्तीय वर्ष का तीसरा अनुपूरक बजट पहले दिन ही पेश करेगी। 24 और 25 फरवरी को शनिवार और रविवार को अवकाश रहेगा। सोमवार 26 फरवरी को तृतीय अनुपूरक बजट पर बहस होगी। राज्य के वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट 27 फरवरी को विधानसभा में पेश होगा। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट पर वाद-विवाद होगा। पहले दिवस को छोड़ कर सभी दिन प्रश्नकाल निर्धारित किया गया है। बजट पर सरकार का उत्तर 29 फरवरी और 1 मार्च को होगा। अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प सदन के पटल पर रखे जायेंगे।

**सत्ता पक्ष और विपक्ष की तैयारी:** प्रदेश भाजपा मुख्यालय में गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। इसमें सत्र के दौरान सरकार को किन मुद्दों पर घेरा जायेगा। कौन-कौन से मुद्दे उठाये जायेंगे, इस पर चर्चा हुई। उधर, झामुमो, कांग्रेस, राजद यानी गठबंधन दल की बैठक भी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई। इसमें किस तरह से विपक्ष के सवालों का जवाब देना है, उनके आरोपों को किस तरह से काटना है, इस पर चर्चा हुई। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम अभी राज्य से बाहर हैं। वे 25 फरवरी को रांची लौटेंगे। कांग्रेस विधायक दल की बैठक संभवतः इसके बाद होगी।



### हेमंत सोरेन बजट सत्र में नहीं हो पायेंगे शामिल



प्रीवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी है। कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी। हेमंत ने बजट सत्र में शामिल होने को लेकर कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि बजट सत्र में मनी बिल पास होना है, जिसमें उनका रहना जरूरी है। विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने इसका विरोध किया।

हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की थी। दोनों पक्ष की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को अदालत में फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पर गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी। वह बजट सत्र में शामिल नहीं हो सकेंगे। हेमंत सोरेन अभी इडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

### हेमंत-भानु की इडी कोर्ट में पेशी अब 7 को

बड़गाईं अंचल की जमीन दखल मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इडी की विशेष अदालत में पेशी हुई। कोर्ट ने इन दोनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 7 मार्च तक बढ़ा दी है। इनकी अगली पेशी कोर्ट में 7 मार्च को होगी। वे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल होटवार में हैं।

# कांग्रेस ने भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा दिये: नरेंद्र मोदी


### प्रधानमंत्री महेसाणा के मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा में हुए शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने धार्मिक स्थलों पर सवाल उठाये। यह कांग्रेस ही है, जिसने सोमनाथ और पावागढ़ मंदिरों के विकास कार्यों में रुकावट पैदा की। अब जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन कर तैयार हो गया है, तो भी उन्होंने नकारात्मक रवैया दिखाया। इन लोगों ने तो भगवान राम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाये। कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव पैदा किया, लेकिन हम अपने देश की भव्य विरासत पर भी काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। प्रधानमंत्री गुरुवार को गुजरात में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।



अहमदाबाद में प्रधानमंत्री अमूल फेडरेशन के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने अमूल डेयरी की 50 साल की यात्रा पर बनी डॉक्यूमेंट्री देखी और डेयरी के ऑटोमेटिक प्लांट का उद्घाटन किया। इसके बाद महेसाणा के लिए रवाना हो गये। यहां वालीनाथ महादेव मंदिर पहुंचे और मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुए। वालीनाथ महादेव मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा में करीब 5 लाख लोग शामिल हुए। मंदिर प्रांगण में रबारी समुदाय के महंत बलदेवगिरि बापू की प्रतिमा भी स्थापित की गयी है। प्रधानमंत्री अहमदाबाद में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। विकास कार्यों का ई-लोकार्पण और ई-भूमिपूजन किया। वह चार दिनों तक गुजरात और उत्तरप्रदेश का दौरा करनेवाले हैं।



# टाटीझरिया की तीन दर्जन महिलाओं के साथ हुई धोखाधड़ी

- बैंकों में खाता खुलवाया और कर लिया करोड़ों का लेन-देन
- इडी का समन मिलने के बाद हुआ मामले का भंडाफोड़
- कई पीड़ित महिलाओं ने दर्ज करायी थाने में एफआइआर

**ज्योतिष पंडा**

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिले के टाटीझरिया इलाके की करीब तीन दर्जन महिलाओं के साथ ठगी करने का अनोखा मामला सामने आया है। इन महिलाओं को काम देने का झांसा देकर हजारीबाग में विभिन्न बैंकों की शाखाओं में खाता खुलवाया गया। फिर उन खातों से एक साल के भीतर तीन करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन किया गया। इतनी अधिक रकम के लेन-देन पर बैंक को संदेह हुआ, तो उसने खाते को फ्रीज कर दिया और इडी को इसकी सूचना दी। इडी ने जब खाताधारी महिलाओं को समन भेज कर इतनी अधिक रकम के बारे में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा, तब मामले का खुलासा हुआ। इनमें से कई महिलाओं ने अब थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।



**क्या है पूरा मामला :** इस मामले की शुरुआत 23 जनवरी 2022 को हुई, जब गुड़िया देवी नामक एक महिला झरपो इलाके में आयी। उसने महिलाओं से कहा कि यदि वे एक स्वयं सहायता समूह बनाती हैं और बैंक में खाता खोलती हैं, तो उन्हें अगरबत्ती और मोमबत्ती उद्योग लगाने के लिए अनुदान मिल सकता है। गरीब महिलाएं उसके झांसे में आ गयीं और सभी ने एक महिला समूह बनाया। इसके बाद वे सभी गुड़िया देवी के साथ हजारीबाग गयीं। वहां महिलाओं का खाता एचडीएफसी बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक और एक्सिस बैंक में खुलवाया गया। सभी खाते में मोबाइल नंबर गुड़िया देवी का ही था। महिलाओं को जो चेकबुक और एटीएम कार्ड दिया गया, उसे भी गुड़िया देवी ने रख लिया। खाता खोलने के बाद महिलाएं अनुदान का इंतजार करने लगीं। इसी बीच कई महिलाओं से बैंक ने संपर्क किया और खाते से हो रहे लेन-देन के बारे में पूछताछ की। तब महिलाएं परेशान हो गयीं। वे सभी बैंक पहुंचीं, तो वहां से उन्हें यह कह कर भगा दिया गया कि गुड़िया देवी को खोज कर लायें। महिलाएं निराश होकर घर लौट गयीं। इधर बैंक ने पाया कि इन खातों से करीब सवा तीन करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ है। इतना अधिक लेन-देन होने पर बैंक को संदेह हुआ और उसने सभी संदिग्ध खातों के संचालन पर रोक लगा दी। बैंक ने इडी को इसकी सूचना दी।

इडी ने मामला दर्ज कर खाताधारकों को नोटिस भेजना शुरू किया। तीन दिन पहले जब कुछ महिलाओं को इडी का समन मिला, तब महिलाओं को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। इसके बाद सुनीता देवी और अन्य ने टाटीझरिया थाना में आवेदन देकर इस मामले की पूरी जांच करने का आग्रह किया है।

### क्या कहते हैं डीएसपी

मामले की बाबत पूछे जाने पर डीएसपी ने कहा कि थाने में शिकायत आयी है। मामले की जांच चल रही है। इस बाबत अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,200 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# पलामू से कौन, इस बार भी बीडी राम या कोई और

## ■ कई तरह की सियासी खिचड़ी पकती है 132 साल पुराने पलामू में
## ■ जातीय से लेकर स्थानीय समस्याओं के प्रति संवेदनशील है यह संसदीय क्षेत्र
## ■ दलों की किस्मत भी बदलती है अनुसूचित जाति के लिए इस सुरक्षित सीट पर
## ■ पलामू के सीने में इस बार भी छिपे हैं कई राजनीतिक समीकरणों के गंभीर संकेत

आजाद सिपाही विशेष

**पलामू, यानी पलाश, लाह और महुआ की धरती, जो एक जिला के रूप में 132 साल पहले 1 जनवरी, 1892 को अस्तित्व में आया था। झारखंड के सबसे पिछड़े इलाके के रूप में जाना जाता है, लेकिन राजनीतिक रूप से यहां की धरती बेहद उर्वर रही है। पलामू संसदीय सीट पर पिछले 75 साल में कई स्वाद की खिचड़ी पक चुकी है और यह क्षेत्र कभी किसी एक दल का गढ़ नहीं रहा। झारखंड के 14 संसदीय क्षेत्रों में से केवल पलामू ही अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित है। इस क्षेत्र पर कभी खरवार, उरांव और चेरो ने शासन किया। मुगलकाल में इसे 'पलून' या 'पालून' भी कहा जाता था। जंगलों-पहाड़ों से घिरा पलामू क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक-पौराणिक स्थलों से परिपूर्ण है। लेकिन रेन शैडो क्षेत्र होने के कारण यहां अक्सर अनावृष्टि और सुखाड़ की स्थिति बनी रहती है। कहते हैं कि पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ समय यहां पर बिताया था। मध्य बिहार के औरंगाबाद और यूपी-छत्तीसगढ़ से सटे होने के कारण पलामू संसदीय सीट राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील भी है और महत्वपूर्ण भी। हर चुनाव में पलामू संसदीय क्षेत्र के मतदाता राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की कड़ी परीक्षा लेते हैं, क्योंकि यहां आज भी जातीय राजनीति का बोलबाला है। कभी नक्सलियों का गढ़ रहे पलामू ने एक पूर्व नक्सली कमांडर को भी अपना सांसद चुना है, तो एक पूर्व डीजीपी को भी। पलामू संसदीय सीट की यह विशिष्टता है। इस बार के लोकसभा चुनाव में यहां कौन से मुद्दे हो सकते हैं और क्या है पलामू का राजनीतिक परिदृश्य, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पलामू का नाम सामने आते ही एक ऐसे इलाके की तस्वीर सामने आती है, जहां हर साल सुखाड़ या अनावृष्टि की स्थिति बनती है। बिना किसी बड़े उद्योग-धंधे वाले इस क्षेत्र के पिछड़ेपन के बारे में बहुत कुछ लिखा गया, लेकिन पलामू संसदीय सीट का राजनीतिक परिदृश्य उतना ही रोमांच पैदा करता है। पलामू लोकसभा सीट, झारखंड के दो जिलों पलामू और गढ़वा में फैली हुई है।

### महाभारत काल से जुड़ा है इतिहास

पलामू जिला का इतिहास 132 साल पुराना है। 1 जनवरी 1892 को पलामू को जिला घोषित किया गया था। इससे पहले 1857 के विद्रोह के बाद से यह डालटनगंज में मुख्यालय के साथ एक उपखंड था। 1871 में परगना जपला और बेलौजा को गया से पलामू में स्थानांतरित कर दिया गया था। पलामू का प्रारंभिक इतिहास किंवदंतियों और परंपराओं से भरा है। स्वायत्त जनजातियां शायद अतीत में क्षेत्र में निवास करती थीं। खरवार, उरांव और चेरो ने पलामू पर शासन किया। पलामू का इतिहास मुगल काल से अधिक प्रामाणिक है। आज के समय में पलामू की सीमा बिहार से छूती है। पलामू की स्थानीय भाषा नागपुरी है। पलामू में जिले का मुख्यालय मेदिनीनगर है। नागपुरी भाषा यहां की स्थानीय बोली है। पलामू की प्रमुख जनजातियों में खेरवार, चेरो, उरांव, बिरजिया और बिरहोर शामिल हैं। जनजातीय विश्वास और रीति-रिवाज के चलते लोग जंगलों को पवित्र मानते हैं। पलामू के जनजातीय समुदाय पवित्र वनों की सरना पूजा करते हैं। वे करम वृक्ष को पवित्र मानते हैं। वर्ष में एक बार करमा पूजा होती है। हाथी, कछुआ, सांप आदि अनेक जीव-जंतुओं की भी पूजा होती है। इन प्राचीन मान्यताओं के कारण सदियों से यहां की जैविक विविधता पोषित होती आ रही है। यहां रहनेवाले खेरवार अपने-आपको सूर्यवंशी क्षत्रिय बताते हैं। अपना उद्गम अयोध्या से बताते हैं। जंगलों-पहाड़ों से घिरा पलामू क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक-पौराणिक स्थलों से परिपूर्ण है। इसी क्षेत्र में हुसैनाबाद अनुमंडल का मोहम्मदगंज भी शामिल है। यहीं पर है पौराणिक भीम चूल्हा। किंवदंतियों के अनुसार यह वही पांच हजार साल पुराना चूल्हा है, जिस पर पांडवों के अज्ञातवास के दौरान भीम भोजन बनाया करते थे। कोयल नदी के तट पर शिलाखंडों से बना यह चूल्हा पांडवों के इस इलाके में ठहराव का मूक गवाह है। बगल में ही मोहम्मदगंज बराज है। भीम चूल्हा के पास में पहाड़ी के पास पत्थर की तराशी हुई हाथी की मूर्ति भी है, जिसकी लोग पूजा भी करते हैं। इसके अलावा यहां पर बेतला नेशनल पार्क है। यह 226 वर्ग किमी में फैला है। इसमें 175 प्रजातियों के पक्षी और 40 प्रजातियों के स्तनधारी जीव रहते हैं। साथ ही यहां पर पलामू टाइगर रिजर्व भी है। यह करीब 923 वर्ग किमी में फैला है। यहां पर 44 बाघ हैं। इसके अलावा लोध झरना भी बहुत विख्यात है।



### पलामू का राजनीतिक परिदृश्य

पलामू की राजनीति में धुरंधर माने जानेवाले नेताओं के राजनीतिक रिश्ते बनते-बिगड़ते रहे हैं। पलामू ने वह दौर भी देखा है, जब लोकसभा चुनाव को लेकर उपजे विवाद के कारण डालटनगंज विधानसभा में उपचुनाव भी हो गया था, क्योंकि तब डालटनगंज के तत्कालीन विधायक इंदर सिंह नामधारी ने सिर्फ इसलिए विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, क्योंकि तब जदयू के शीर्ष नेतृत्व ने उनकी बात नहीं सुनी थी। लेकिन 12 वर्षों के बाद पलामू के राजनीतिक मैदान का स्वरूप पूरी तरह से बदला हुआ है। इंदर सिंह नामधारी के राजनीतिक नेपथ्य में जाने के बाद 2007 में घुरन राम को गिरिनाथ सिंह ने दिल्ली पहुंचाया था। आज वही गिरिनाथ सिंह भाजपा के लिए खड़े हैं। घुरन राम भी भाजपा में शामिल हो गये हैं। 2009 में नवजवान संघर्ष मोर्चा प्रमुख भानु प्रताप शाही ने कामेश्वर बैठा के लिए खुल कर काम किया था। तब बैठा को शाही ने कांग्रेस, झामुमो और नवजवान संघर्ष मोर्चा के प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतारा था। गिरिनाथ पलामू प्रमंडल में राजद की कमान संभाल रहे थे। वह हर हाल में कामेश्वर को रोकना चाहते थे। गिरिनाथ और भानु के रिश्तों में काफी तल्खी भी आ गयी थी। भानु बैठा को दिल्ली में तो ले आये, लेकिन इससे उनके राजनीतिक विरोधी बढ़ गये। आज भानु और गिरिनाथ के अलावा घुरन भी भाजपा में हैं।

### जब पलामू के चार लाल एक साथ पहुंचे थे संसद

आजादी से लेकर अब तक पलामू पिछड़ा कहा जाता रहा है। सच्चाई भी है कि हर क्षेत्र में धनी होने के बावजूद इस क्षेत्र के माथे पर पिछड़ेपन का टीका लगा हुआ है। पलामू की धरती ऐसी है कि यहां जंगल-पहाड़, खेत-खलिहान और मैदान सब कुछ है। पलामू में कई बड़ी-बड़ी नदियां, राष्ट्रीय स्तर के नेता, मंत्री और सांसद रह चुके हैं। संयुक्त पलामू आज तीन जिलों का प्रमंडल बन गया है। लेकिन विडंबना देखिये कि जिस पलामू ने इंदर सिंह नामधारी से लेकर, घुरन राम, कामेश्वर बैठा और वीडी राम को स्थापित किया, वह पलामू आज भी एक अदद फोन लेन सड़क के लिए तरस रहा है। रांची से पलामू जाते वक्त आप जैसे ही कुडू पार करेंगे, आपको एहसास हो जायेगा कि वहीं से पलामू शुरू हो रहा है। पलामू जाना कितना कठिन था या है यह कहावत में भी प्रचलित है। जब कोई सुदूर गांव में कहीं जाता था और उससे कोई पूछता था कि कहां जा रहे हैं, तो वह कहता था बहुत दूर। प्रश्न करनेवाला छूटते ही पूछता था कि क्या पलामू जा रहे हैं। वह कहावत आज भी पलामू के बारे में चरितार्थ हो रही है। कुडू से लेकर डालटनगंज तक आपको हिचकोले खाते हुए आज भी जाना पड़ता है। आज तक किन कारणों से यह सड़क फोरलेन नहीं बनी, इसका बेहतर जवाब तो वहां के सांसद और जनप्रतिनिधि ही दे सकते हैं। हां, अब कहा जा रहा है कि फोरलेन पास हो गया है। कहीं-कहीं काम भी शुरू हो गया है, लेकिन यह बनेगा कब, राजनेता ही जानें।

पलामू प्रमंडल, विशेषकर पलामू लोकसभा की राजनीतिक पृष्ठभूमि अपनी गोद में पूरा इतिहास समेटे हुए है। पलामू को पिछड़ा कहनेवालों को शायद पता नहीं है कि यहां के चार लाल ने एक साथ झारखंड के चार अलग-अलग संसदीय सीट पर कब्जा जमा रखा था। वर्ष 2004 में पूरे देश में 14वीं लोकसभा का आम चुनाव हुआ। इसमें पलामू सीट से राजद प्रत्याशी सतबरवा निवासी मनोज कुमार, संयुक्त पलामू निवासी अब गढ़वा जिला के मंझिआंव चौखरा गांव निवासी चंद्रशेखर दुबे धनबाद, पलामू जिला मुख्यालय से सटे चियांकी गांव निवासी रामेश्वर उरांव लोहरदगा और पलामू के ही सुबोधकांत सहाय रांची से एक साथ सांसद बने थे। इन चारों में से पलामू पर राजद और अन्य तीनों लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अपना परचम लहराया था। उस समय पलामू वासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया था। इस पिछड़े क्षेत्र के चार योद्धाओं ने दूसरे संसदीय क्षेत्र में अपनी धाक जमा कर पलामू का नाम रौशन किया था। आज भी उनका नाम झारखंड स्तर पर स्थापित है। लेकिन बाद के सांसदों की पहचान मात्र यही रही कि वे सिर्फ पलामू के सांसद बन कर रह गये। पलामू की धरती पूरे विश्व को यह संदेश देने में कामयाब रही कि गरीबी में भी उसके पास अमीरी है। वर्ष 2009 में भी पलामू के दो धरती पुत्र इंदरसिंह नामधारी और सुबोधकांत सहाय सांसद बने थे। इंदरसिंह नामधारी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चतरा लोकसभा सीट से जीत दर्ज की थी। सुबोधकांत सहाय ने सूबे की राजधानी रांची संसदीय क्षेत्र से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की थी। इससे पूर्व देखें तो चार दशक पहले भीष्मनारायण सिंह पलामू के चमकते सितारे थे। पलामू के छतरपुर प्रखंड के उदयगढ़ गांव निवासी भीष्मनारायण सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच कर पलामू को विश्व पटल पर लाने का प्रयास किया। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि हर स्तर पर बुलंदी तक पहुंचाने वाली पलामू प्रमंडल की धरती आज भी अपने पिछड़ेपन पर आंसू बहाने को विवश है। पलामू प्रमंडल के लोगों को इंतजार है एक ऐसे रहबर की, जो आये और पलामू को गरीबी-मुफलिसी की बेड़ी से एक हद तक आजाद करा दे। फोर लेन सड़क का निर्माण करवा दे। उनके खेतों तक पानी पहुंचा दे। पीने का शुद्ध जल दे दे।

### पलामू का राजनीतिक माहौल

पलामू संसदीय सीट पर इस बार लोकसभा चुनाव काफी दिलचस्प होगा। राजद के पूर्व नेता और इस सीट से पिछले तीन संसदीय चुनाव लड़ चुके घुरन राम भाजपा में शामिल हो गये हैं। इससे भाजपा और राजद दोनों के अंदर का राजनीतिक समीकरण पूरी तरह से बदल गया है। दोनों पार्टियों के अंदर टिकट की लॉबिंग के लिए नेताओं की सक्रियता बढ़ गयी है। सबसे ज्यादा राजनीतिक घमासान तो प्रदेश भाजपा के अंदर देखने को मिल सकता है। वहीं, राजद के कई नेता इस सीट पर अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं। भाजपा के वर्तमान सांसद बीडी राम के टिकट जाने की चर्चा दबी जुबान पहले से ही राजनीतिक गलियारों में है। अब घुरन राम के आने के बाद सांसद बीडी राम के सामने चुनौती और भी बढ़ गयी है। भाजपा द्वारा उम्मीदवारों को टिकट देने में 70 साल से अधिक उम्र के साथ-साथ स्वास्थ्य जैसे कई बिंदुओं का ध्यान दिया जाता है। बीडी राम की आयु 70 साल से अधिक हो चुकी है। वहीं उनकी पहचान मात्र सांसद के नाम पर ही है। पार्टी में वह बहुत सक्रिय नहीं हैं। इसके अलावा इस सीट पर पलामू के पूर्व सांसद जोरावर राम के बेटे राकेश पासवान के उतरने से त्रिकोणीय मुकाबला बनता दिख रहा है। राकेश पासवान इस सीट पर बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। भाजपा के अंदर कुछ और चेहरे भी हैं, जो यहां से चुनाव लड़ने के लिए लॉबिंग कर रहे हैं। इसमें पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, रघुवर दास सरकार में अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रह चुके शिवधारी राम, प्रभात भुइयां सरीखे नेता भी टिकट के लिए लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा भी कर रहे हैं।

### 2019 में भाजपा ने लहराया था परचम

2019 के लोकसभा चुनाव में पलामू संसदीय सीट पर घुरन राम राजद के टिकट पर चुनाव लड़े थे। उन्हें भाजपा उम्मीदवार बीडी राम ने करारी शिकस्त थी। वोटों की बात करें, तो राजद को केवल 22.9 प्रतिशत वोट ही मिला था। वहीं भाजपा के हिस्से में 62.4 प्रतिशत वोट आया था।

### जातीय समीकरण है निर्णायक

जातीय समीकरण और वोटों के हिसाब से पलामू संसदीय सीट पर अनुसूचित जाति काफी अहम भूमिका निभाती है। वोटों के हिसाब से देखें तो यहां एससी जाति की संख्या करीब 27 प्रतिशत के करीब है। इसमें राम (15.1), भुइयां (5 प्रतिशत), पासवान (2.4), प्रसाद (2.1), बैठा (1.2), मांझी (0.6), मोची (0.3 ) प्रमुखता से शामिल हैं। यहां का जातीय समीकरण ही जीत-हार तय करता है। 2024 के लिए बन रहे चुनावी समीकरण में भाजपा का दावा मजबूत माना जा रहा है, लेकिन यह उसके प्रत्याशी पर निर्भर करता है। अब देखना यह है कि क्या बीडी राम को यहां से तीसरी बार टिकट मिलता है या भाजपा किसी और चेहरे पर दांव लगाती है।

---

## भारतीय अर्थव्यवस्था और बाजारों पर जेफरीज की रिपोर्ट

# 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत

### 2030 तक बाजार पूंजीकरण 10 ट्रिलियन डॉलर होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वैश्विक निवेश सलाहकार फर्म, जेफरीज ने भारतीय अर्थव्यवस्था और इक्विटी बाजारों के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण का अनुमान प्रस्तुत किया है। न्यूयॉर्क मुख्यालय वाली फर्म ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत में मूलभूत संरचनात्मक सुधार हुए हैं। इसके फलस्वरूप देश को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए एक रूपरेखा मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले 4 वर्षों में भारत की जीडीपी संभवतः 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जायेगी। इससे यह 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगी और सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा बरकरार रखेगी।

सतत आर्थिक विकास की प्रक्रिया में जेफरीज को उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय शेयर बाजार 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जायेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का बाजार पूंजीकरण 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका (44.7 ट्रिलियन डॉलर), चीन (9.8 ट्रिलियन डॉलर), जापान (6 ट्रिलियन डॉलर) और हांगकांग (4.8 ट्रिलियन डॉलर) से पीछे दुनिया में 5वें स्थान पर है। भारतीय इक्विटी बाजार पिछले 5-20 वर्षों की अवधि में डॉलर के संदर्भ में लगातार 10 प्रतिशत वार्षिक रिटर्न देने में सक्षम रहे हैं, जो उभरते बाजार क्षेत्र में अपने किसी भी वैश्विक प्रतिस्पर्द्धी से कहीं बेहतर हैं। फर्म का कहना है कि नये सिरे से पूंजीगत व्यय चक्र और मजबूत आय स्वरूप के साथ भारतीय बाजार अगले 5-7 वर्षों में आकर्षक वृद्धि जारी रखेंगे। बहरहाल, भारत में डिजिटल प्रगति ने पारंपरिक और खुदरा निवेशकों के बीच के भेद को मिटा दिया है। खुदरा निवेशक प्रौद्योगिकी से पूरी तरह वाकिफ हैं और वे स्टॉक मार्केट तक अभूतपूर्व पहुंच रखते हैं।




### बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए उपयुक्त समय

जेफरीज ने भारतीय सहायक कंपनी को सूचीबद्ध करने के दक्षिण कोरियाई बहुराष्ट्रीय कंपनी हुंदै इंडिया के फैसले का उदाहरण देते हुए रिपोर्ट में कहा है कि देश में मजबूत पकड़ वाली कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए सूचीबद्ध संस्थाएं बनने का यह उपयुक्त समय है। यदि अमेजॉन, सैमसंग, एप्पल, टोयोटा आदि जैसी बड़ी वैश्विक कंपनियां ऐसा सोचने लगे, तो यह कदम भारतीय इक्विटी पूंजी बाजारों के लिए परिवर्तनकारी हो सकता है।

### दीर्घकालिक सुधारों ने मजबूत भविष्य की नींव रखी

यह रिपोर्ट उच्च वृद्धि के उद्देश्य से एक इकोसिस्टम बनाने के लिए सरकार द्वारा किये गये निरंतर सुधारों को श्रेय देती है। 2014 के बाद से मोदी सरकार ने देश में 'कारोबार में सुगमता' को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई सुधारों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। 2017 के ऐतिहासिक जीएसटी सुधार ने कई कराधान संरचनाओं को एक सामान राष्ट्रीय प्रणाली में सीमित कर दिया, जो भारतीय राज्यों में वस्तुओं और सेवाओं की 'यूरोजोन' शैली प्रवाह बनाने के समान था। 2016 का दिवाला कानून बैंकिंग प्रणाली में ऐसे ऋणों का प्रबंध करने में तेजी लाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ, जहां उधारकर्ताओं को एक निर्धारित समय के भीतर बकाया ऋण चुकाना था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.0 °c | 17.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.47 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.16 बजे |



# भारत-इंग्लैंड चौथा टेस्ट आज से, रांची में क्रिकेट का बुखार

**दोनों टीमों ने प्रैक्टिस में पसीना बहाया**

**इंग्लैड टीम के प्लेइंग 11 की घोषणा, दो बदलाव किये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में शुक्रवार से चौथा टेस्ट खेला जानेवाला है। इसके लिए दोनों टीमें कड़ी तैयारी कर रही हैं। पिच को लेकर काफी चर्चा चल रही है। रांची की पिच कैसी होगी। यहां तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी या स्पिनर्स कारगर रहेंगे? सबके



जेहन में ये सवाल है। पिच बेशक जैसी भी हो, लेकिन रांची में टीम इंडिया एक भी टेस्ट में असफल नहीं हुई है। टीम इंडिया यहां अब तक एक भी टेस्ट मैच नहीं हारी है।

**इंग्लैड ने दो बदलाव किये:** रांची में मैच की तैयारी पूरी कर ली गयी है। स्टेडियम तैयार हो चुका है। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने गुरुवार को यहां खूब पसीना बहाया। इस बीच इग्लैंड ने इस मैट के लिए अपनी प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है। इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में दो बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। स्पिनर रेहान अहमद की जगह मिस्ट्री स्पिनर शोएब बशीर को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। वहीं मार्क वुड की जगह तेज गेंदबाज ओली रोबिंसन को भी प्लेइंग-11 में जगह मिली है। भारत अपने प्लेइंग-11 की घोषणा मैच से पहले करेगा।

## रांची में अब तक हुए हैं दो टेस्ट मैच

रांची में अब तक सिर्फ दो ही टेस्ट मैच खेले गये हैं। यहां पहला मुकाबला 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था, जो ड्रॉ रहा था। जबकि दूसरा मुकाबला उसके दो साल बाद 2019 में हुआ था, जहां विराट कोहली की कप्तानी में भारत ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक पारी और 202 रन से बड़ी जीत दर्ज की थी। बहरहाल रांची में शुक्रवार से शुरू हो रहे चौथे टेस्ट में भारत की नजर अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी तो वहीं इंग्लैंड सीरीज में बने रहने के लिए जीत और ड्रॉ की उम्मीद करेगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों से अनावश्यक वाद-विवाद,उलझन होने की संभावना।

**वृष** बनते कार्य में रुकावटे खड़ी होगी। जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। कामकाज अच्छा चलेगा.आमदनी बढ़ेगी, कर्ज की स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी। मानसिक चिंता रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी, नया काम शुरू होने में अब कोई देर नहीं।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो, ऐसी इच्छा की पूर्ति होने का सिलसिला प्रारंभ होगा।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों से आप संबन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी। मित्रों से प्रेम और सहानुभूति मिलेगी।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

### जेएमएम केंद्रीय कार्यकारिणी की सीएम आवास में बैठक

# झारखंड सहित चार राज्यों में लोस चुनाव लड़ेगा जेएमएम

**सीएम चंपाई ने की अध्यक्षता, स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन अनुपस्थित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेएमएम की कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता सीएम और पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपाई सोरेन ने की। स्वास्थ्य कारणों से केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन अनुपस्थित रहे। मिली जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान विधायकों को जेएमएम-कांग्रेस की दिल्ली में हुई बैठक की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बार का लोकसभा चुनाव पार्टी



केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल और असम में भी लड़ेगी। इन सभी राज्यों में पार्टी की ओर से उम्मीदवार खड़े किये जायेंगे। सीटों के बंटवारे में सीटों की संख्या क्या होगी, यह स्पष्ट नहीं किया गया है।

**राज्य से पंचायत तक जारी रहेगा न्याय मार्च :** वहीं बैठक में इडी की कार्रवाई के खिलाफ पार्टी की ओर से शुरू किया गया न्याय मार्च और उपवास कार्यक्रम को जारी रखने का सीएम ने निर्देश दिया। सीएम चंपाई ने कहा कि हमारे नेता हेमंत सोरेन को केंद्र के इशारे पर इडी परेशान कर रही है। उन्हें प्रताड़ित कर रही है। बैठक में उन्होंने सभी से कहा कि पार्टी की ओर से आंदोलन का जो स्वरूप तय किया गया है, उसे राज्य से पंचायत तक जारी रखा जायेगा।

### योजना गिनायें और बतायें जांच एजेंसी क्या कर रही

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी लोगों के घरों तक पहुंचे और उन्हें बताये कि हेमंत सोरेन जब-जब आप लोगों के लिए काम किया, यूनिवर्सल पेंशन जरूरतमंदों को दिया, राज्यकर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम से जोड़ा, अबुआ आवास देने लगे, वंचित समुदाय के युवाओं को पढ़ाई के लिए विदेश भेजने की व्यवस्था की, तो उन्हें साजिश कर के भाजपा और केंद्र की सरकार ने झूठे मामले में फंसा दिया।

### जेवीबीएनएल को इडी ने भेजा नोटिस, पूछा

# बड़गाईं की एक जमीन पर दो मीटर किसके नाम पर हैं

**रांची (आजाद सिपाही)।** इडी ने झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम को नोटिस भेजा है। नोटिस में इडी ने बड़गाईं अंचल में लगे दो मीटर की जानकारी मांगी है। पूछा गया है कि बड़गाईं की एक जमीन, जिसमें दो मीटर लगे हुए हैं, वह मीटर किसके नाम से एलॉट है। इसका जवाब जल्द देने को कहा गया है। जेवीबीएनएल ने इडी के जवाब के लिए रांची जीएम को पत्र लिखा है और कनीय अफसरों को पूरा ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा है। इडी की ओर से बड़गाईं अंचल में सेना के जमीन मामले में पिछले कुछ दिनों से जांच जारी है।

### बालू की किल्लत पर दीपक प्रकाश ने सीएम को लिखा पत्र

# आठ लाख मजदूरों के सामने रोजगार का संकट : दीपक प्रकाश

**बड़े पैमाने पर झारखंड के बाहर भाग रहे मजदूर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में बालू की किल्लत पर सांसद दीपक प्रकाश ने सीएम चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है। श्री प्रकाश ने लिखा है कि राज्य में बालू की किल्लत है। इसकी कालाबाजारी हो रही है। राज्य में सिर्फ 21 बालू घाट चालू हैं, बाकी सभी बंद हैं। बालू की अवैध ढुलाई हो रही है और अवैध ढुलाई कर रहे वाहनों को पकड़ा जा रहा है। पकड़ने के बाद अवैध वसूली की जा रही है, जिसके कारण बालू की कीमत आसमान छू रही है। राज्य सरकार को मिलनेवाले राजस्व में कमी हो रही है।

श्री प्रकाश ने कहा है कि रांची में एक हाइवा बालू 18 हजार रुपये में मिलता था, लेकिन ब्लैक बालू आज-कल 40 से 50 हजार रुपये में मिल रहा है। वहीं, अब प्रति टर्बो बालू की कीमत 6500 से 7500 हो गयी है, जो पहले तीन हजार रुपये थी। वह भी कठिन परिस्थितियों के बाद मिलता है। पत्र में कहा गया है कि यह



विडंबना है कि जिस राज्य में हर कुछ किलोमीटर की दूरी पर नदी है। बालू नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य ठप है। संवेदकों ने अपना काम रोक दिया है। प्रधानमंत्री आवास हो या फिर अबुआ आवास, सभी काम रुक गये हैं। रांची नगर निगम में ही 216 सड़क, कल्वर्ट और नाले जैसी परियोजनाओं पर काम चल रहा था, जिसे बालू की किल्लत के कारण रोक दिया गया है। राज्य में निर्माण क्षेत्र में लगभग आठ लाख लोग काम करते हैं। इनमें से एक लाख लोग रांची और आसपास के क्षेत्रों में काम करते हैं। इनके समक्ष रोजगार का संकट है। ये दूसरे राज्यों में पलायन करने के लिए मजबूर हैं। श्री प्रकाश ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि इस समस्या के समाधान की दिशा में अविलंब कदम उठायें।

# पीएम 26 को रांची रेल मंडल की योजनाओं का करेंगे शिलान्यास

**बालसीरिंग, गोविंदपुर, बानो और ओरगा स्टेशन का होगा अपग्रेडेशन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को रांची रेल मंडल की कई विकास योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री बालसीरिंग, गोविंदपुर, बानो, ओरगा स्टेशन के अपग्रेडेशन की योजना का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा रेल ओवरब्रिज का भी शिलान्यास करेंगे।



हटिया-बंडामुंडा लाइन में लोधमा, महाबुआंग में बने रोड अंडर ब्रिज का उद्घाटन किया जायेगा।

रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने के लिए रेल मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा था। उसे स्वीकृत कर लिया गया। इसके बनने से लोगों को सुविधा होगी। रेलवे ने रांची को एक साल में लगभग 2000 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट दिया है। रांची रेल डिविजन में पहली बार केंद्र ने कई बड़ी परियोजनाओं की स्वीकृति दी है। इनकी आधारशिला रखी जायेगी। चांदनी चौक हटिया से प्रोजेक्ट भवन जानेवाली सड़क स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाया जायेगा। इसके बन जाने से लोगों को रेलवे फाटक के पास घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसका निर्माण एनएचआइ करेगा। इसके अलावा अरगोड़ा स्टेशन के समीप दो और नामकुम में एक अंडरपास बनाया जायेगा।

# जेएसएससी-जेपीएससी की सभी परीक्षा की जांच सीबीआइ से हो: अमित मंडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह विधायक अमित मंडल ने प्रदेश कार्यालय में कहा कि गठबंधन सरकार में युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। 2019 से लेकर अब तक आयोजित जेपीएससी और जेएसएससी की सभी परीक्षा की जांच सीबीआइ से करायी जाये। उन्होंने कहा कि जेपीएससी का फुल फॉर्म मतलब झामुमो सरकार की सर्विस और कमीशन है। राज्य सरकार में कई विरोधाभास देखने को मिलते हैं। नियुक्ति नियमावली, नियोजन नीति और भाषा का विवाद हुआ। राज्य



के युवाओं से छुपा नहीं है। जेपीएससी और जेएसएससी को लेकर भाजपा शुरू से ही युवाओं के हक-अधिकार को लेकर सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ती रही है। राज्य सरकार ने भाजपा के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया, यहां तक कि संगीन धारा लगा कर प्राथमिकी दर्ज करायी। पेपर लीक मामले, अन्य ब्लैक लिस्टेड एजेंसी और सरकार के लोगों की मिलीभगत का प्रमाण राज्य की जनता देख रही है। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक सरकार द्वारा युवाओं के आवाज को दबाने का एक षड्यंत्र है, जो सरकार के घोटालों के खिलाफ बोलेगा, वह जेल जायेगा।

अमित मंडल ने कहा कि 2019 में ठाणे महाराष्ट्र में रेलवे भर्ती बोर्ड आरआरबी जेइ पेपर लीक मामले में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई को दोषी माना गया था। 2017 को आर्डिनेंस फैक्ट्री त्रिची नियुक्ति घोटाले में सीबीआइ ने इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड के नाम को चार्जशीट में डाला था। पूछा कि क्या कारण है कि लैब असिस्टेंट और जेएसएससी पीजीटी में सतवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को शामिल किया था, जबकि लैब असिस्टेंट में छह प्रश्न और जेइ में 22 प्रश्न को रद्द कर दिया था। अमित मंडल ने राज्य सरकार से चार बिंदुओं पर एक्शन लेने और जवाब देने की मांग की। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित थे।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग ने किया एमओयू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के जंतु विज्ञान विभाग ने आइक्यूएसी अकादमिक सहयोग पहल के तहत ब्रेनोलॉजी साइंटिफिक एकेडेमी ऑफ झारखंड के साथ गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के छात्रों और शिक्षाविदों के लिए संयुक्त शैक्षणिक अनुसंधान, संयुक्त कार्यशालाओं और व्यावसायिक विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में ज्ञान और कौशल प्रदान करने के लिए एक व्यापक साझेदारी की सुविधा प्रदान करना है। मौके पर प्राचार्य फादर डॉ नाबोर लकड़ा, जंतु विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ भारती रायपत और ब्रेनोलॉजी साइंटिफिक



एकेडमी से बीएसएजे के सचिव और संस्थापक निदेशक कु डॉली कृष्णन और अध्यक्ष मोहित वर्मा ने क्रमशः कॉलेज और संस्थान की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉ रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, प्रोफेसर डॉ वेंकट अप्पा राव, डॉ रितेश शुक्ला, डॉ प्रिया श्रीवास्तव, संस्थान के उप निदेशक आमोस टोपनो, प्रो मौली, एनी और छात्र भी उपस्थित थे। इस तरह के सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रिंसिपल ने कहा कि अच्छी तरह से योग्य पेशेवरों को विकसित करना शिक्षा और उद्योग दोनों की जिम्मेदारी है। यह सहयोग युवा शोधकर्ताओं को शिक्षाविदों को प्रभावित करने वाली उभरती प्रौद्योगिकियों का विश्लेषण और मिलान करने के लिए आवश्यक कौशल सेट और योग्यता से लैस करने में मदद करेगा। डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने सेंट जेवियर्स कॉलेज के प्रिंसिपल फादर नाबोर लकड़ा एसजे और विभागाध्यक्ष डॉ भारती रायपत को धन्यवाद दिया और इस प्रयास का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि कैसे दोनों संस्थानों के बीच यह साझेदारी क्रॉस-संस्थागत से उत्पन्न होने वाले अवसरों का लाभ उठाने में काफी मदद करेगी।

# खेलकूद से अनुशासन की भावना प्रबल होती है : राज्यपाल

### गृह रक्षा वाहिनी-अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि खेलकूद की प्रतिस्पर्धा में भाग लेने से अनुशासन और आपसी समन्वय की भावना प्रबल होती है। प्रतिभागी जय और पराजय दोनों में समभाव की भावना रखते हैं। यह भावना मनोबल को बढ़ाता है। इससे वे अपने कार्यों को दक्षतापूर्वक और कुशलतापूर्वक संपन्न करने की दिशा में प्रेरित होते हैं। राज्यपाल गुरुवार को रांची स्थित होमगार्ड के सेंट्रल ट्रेनिंग सेंटर में झारखंड गृह



रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि गृह रक्षा वाहिनी की स्थापना व्यापक उद्देश्य के साथ की गयी थी। आज यह संगठन राज्य स्तर पर कानून-व्यवस्था के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। आपातकालीन समय में भी यह सक्रिय रहता है। होमगार्ड की सेवा में ढांचागत सुधार, सुविधा में बढ़ोत्तरी के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन सेवा के लिए अग्निशमन सेवा अधिनियम की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिससे भविष्य में इस सेवा में व्यापक सुधार हो सकेगा। राज्यपाल ने कहा कि सभी प्रतिभागी खेल भावना का परिचय देंगे और इसी भावना के साथ अपने कर्तव्य का भी निर्वहन करेंगे।

### 10 खेलों में 450 प्रतिभागी दिखा रहे दम

कमांडेंट अमित कुमार सिंह ने बताया कि इसमें 450 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के तहत 10 खेलों का आयोजन किया गया है। इनमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबाल शामिल हैं। प्रतियोगिता का समापन 24 फरवरी को होगा। इस दिन मुख्य अतिथि के रूप में खेल मंत्री हफिजुल हसन शामिल होंगे। मौके पर डीजी अनिल पालटा, एडीजी प्रिया दुबे, डीआइजी वाइएस रमेश समेत अन्य वरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### कृषि विभाग की राज्यस्तरीय समीक्षा

# सरायकेला, सिमडेगा, हजारीबाग, गुमला और जमशेदपुर के पदाधिकारी को शोकॉज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दिकी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि कृषि, पशुपालन से जुड़ी योजनाओं के लिए आवंटित राशि का सदुपयोग करें। लाभुकों के चयन के अनुसार व्यय करना सुनिश्चित हो। गुरुवार को नेपाल हाउस स्थित एनआइसी सभागार में सभी जिला के कृषि पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा में निर्देश भी दिये। सचिव ने निराशाजनक प्रदर्शन को लेकर गिरिडीह, पूर्वी सिंहभूम, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला और लोहरदगा के जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, हजारीबाग-रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, लातेहार और खूंटी के जिला कृषि पदाधिकारी और सरायकेला, सिमडेगा, हजारीबाग, जमशेदपुर और गुमला के जिला पशुपालन पदाधिकारी को शो कोज किया गया। कहा कि अगले आठ दिनों के अंदर अगर योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी नहीं आती है, तो कार्रवाई होगी। बैठक में सूरज कुमार, आदित्य रंजन, मो शाहनवाज अख्तर, प्रदीप हजारे सहित कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए पैसे की मांग की शिकायत के लिए डीसी ने जारी किया फोन नंबर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अबुआ आवास योजना के धरातल पर उतरते ही असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई है। इसी कड़ी में कटकमदाग प्रखंड से एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें मोबाइल संख्या 9608372085 से कई लाभूकों को फोन कर योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की गयी है। अवैधकर्ता ने अपने को डीसी ऑफिस का स्टॉफ भी बताया है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। उपायुक्त ने इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए कारवाई के निर्देश दिए है साथ ही उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गरीब जनता को आवास का लाभ दिलाने के लिए राज्य सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की है लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा योजना का लाभ दिलाने के एवज में पैसे की मांग की सूचना प्राप्त हुई है। मेरी अपील है कि इस प्रकार के जालसाजों के झांसे में न आये बल्कि अपनी सूझबूझ का इस्तेमाल कर इसकी जानकारी जिला प्रशासन को जिला कंट्रोल रूम के टेलीफोन संख्या 06546-264159 पर उपलब्ध करायें।

## झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बीते 19 फरवरी को पत्रकार संतोष मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क हादसे में हुई मौत को लेकर झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के साथ पूरे प्रान्त के पत्रकार मर्माहत हैं। संतोष मिश्रा के निधन के बाद उनके परिवार पर आयी इस विपदा को लेकर एसोसिएशन काफी चिंतित है। इसी को लेकर जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती के नेतृत्व में प्रदेश प्रभारी चंदन मिश्रा और राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन ने गुरुवार को उनके परिवार से मिलकर अपनी संवेदना देते हुए हर संभव मदद की बात कही। उन्होंने स्व. संतोष मिश्रा के बच्चों से उनकी पढ़ाई को लेकर भी चर्चा की और हर समय साथ देने का विश्वास दिलाया। तत्पश्चात स्थानीय पत्रकारों के साथ कोडरमा के उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मृतक की पत्नी रंजीता कुमारी को किसी रूप में स्थायी नौकरी दिलाने, परिजनों को सभी प्रकार की सरकारी सहायता व योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की गयी है। ज्ञापन सौंपने और परिजनों से मिलने में इनके साथ पत्रकार संजीव समीर, आलोक कुमार सिन्हा, संदीप मुखर्जी, राम कुमार, रवि छाबड़ा, प्रेम भारती, सचिन कुमार, राहुल सिंह, सुधीर पांडेय, धीरज कुमार, अनिल सिंह, आशीष डे, बीरेंद्र पांडेय आदि मौजूद थे।

## जयनगर में निकाली गयी कलश यात्रा



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाघमारा में नवनिर्मित भवन गृह पूजन लेकर 151 कुंवारी कन्या, महिलाओं के द्वारा ढोल बाजा के साथ जय श्री राम, जय माता दी, हर हर महादेव आदि नारों के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। बडानो बराकर ऊतरवाहिनी में पंडित अक्षय शास्त्री के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः नगर भ्रमण करते हुए बाघमारा यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। मुख्य यजमान सिमंता कुमारी, पति सचिन गुप्ता ने निभायें। दिनांक 22 फरवरी बेदी स्थापन, दैनिक पूजन, संध्या में महाआरती, 23 फरवरी दैनिक पूजन दुर्गा, सरस्वती पाठ, नगर भ्रमण और कुल देवी देवता पूजन, 24 फरवरी दैनिक दुर्गा पूजन, सरस्वती पूजन, घृतढारी, गृह प्रवेश, कुमारी कन्या भोजन, ब्राह्मण भोजन, प्रीतिभोज का कार्यक्रम है। मौके पर गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, समाजसेवी रविंद्र कुमार यादव, उप मुखिया चन्दन कुमार, पंचायत समिति सदस्य धानेश्वर राणा, शिक्षाविद रामदेव प्रसाद यादव, रामचंद्र यादव, शक्ति गुप्ता, सुजीत कुमार राज, वार्ड सदस्य उपेंद्र यादव, श्यामसुंदर राणा, सौरभ गुप्ता सहित सैकड़ो महिला पुरुष शामिल थे।

## ढिबरा का काम शुरू करने के लिए याचिका

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में ढिबरा श्रमिकों की सहकारी समिति औद्योगिक स्वावलंबी को-ऑपरेटिव सोसाइटी ने विधानसभा की लोक उपक्रमों संबंधी समिति के समक्ष याचिका दाखिल कर झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) द्वारा सरकार की नियमावली के तहत ढीबरा का काम शुरू करने के मामले में घोर लापरवाही और विफलता बरतने की जांच की मांग की है। समिति के अध्यक्ष विधायक सरयू राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 4 मार्च को आहूत बैठक के एजेंडा में शामिल करने का निर्देश दिया है। सहकारी समिति के अध्यक्ष अशोक वर्मा द्वारा दाखिल याचिका में शिकायत की गयी है कि नियमावली के तहत जेएसएमडीसी को ढीबरा डंपों से अभ्रक के निष्पादन के लिए उत्तरदायी बनाया गया है। इस काम में निगम को ढिबरा श्रमिकों की सहकारी समितियों की मदद लेनी है। गत 17 जनवरी, 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियमावली के तहत कोडरमा में ढिबरा डंपों से अभ्रक के निष्पादन के कार्य का समारोहपूर्वक उद्घाटन कर चुके हैं। परंतु 15 महीने गुजर जाने के बाद भी निगम कार्य शुरू करने में विफल रहा है। नियमावली के तहत काम नहीं शुरू होने का लाखों गरीब श्रमिकों पर बेहद बुरा असर पड़ा है। रोजगार के अभाव में भूखमरी की नौबत आ गयी है।

## संयुक्त किसान मोर्चा ने दिया धरना




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** किसान आन्दोलन पर जारी हमले, किसानों की मौत और मजदूर विरोधी श्रम कोड के खिलाफ गुरुवार को संयुक्त किसान मजदूर मोर्चा ने कोडरमा की भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी के आवास के सामने धरना दिया। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कोडरमा के किसान और मजदूर शामिल हुए। कार्यक्रम के माध्यम से सांसद को 12 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया। जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा के साथ भारत सरकार की दिसंबर 2021 में हुई लिखित समझौता लागू करने, किसान आंदोलन पर हो रहे दमन को बंद किया जाये, सी 2 + 50 प्रतिशत के आधार पर एमएसपी को कानून के दायरे में लाने, सभी कृषि लोन को माफ करने, 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को पुनर्बहाल करने समेत कई मांगें शामिल है। प्रदर्शनकारी किसानों को संबोधित करते हुए किसान महासभा के नेता पुरन महतो ने कहा कि देश के किसनों के खिलाफ केंद्र सरकार युद्ध पर उतर आयी है। किसान मजदूर मोर्चा के नेता प्रकाश रजक ने कहा कि किसान आदोलन के दौरान सात सौ किसनों की मौत हो गयी पर सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। एक्टू नेता भूवनेश्वर केवट ने कहा कि मोदी सरकार की गारंटी झूठ का पुलिंदा है, पिछले दस वर्षों में देश की जनता को जितनी गारंटी दी गई वो सबके सब फेल है। सभा को तुलसी राणा, इब्राहीम अंसारी, मुन्ना यादव, राजेन्द्र मेहता, शारदा देवी, शैरु निशा, एक्टू नेता विजय पासवान, महेश प्रसाद अर्जुन यादव रामेश्वर यादव असगर अली रामचंद्र शर्मा काली सिंह, संदीप कुमार, अशोक यादव, विजय यादव, अमर यादव, अमर नाथ यादव ढिबरा मजदूरों के नेता गयासुद्दीन अंसारी ने संबधित किया।

# पुलिस ने तीन साइबर फ्रॉड को दबोचा

**महादेव एप के जरीये ऑनलाइन साइबर ठगी का करते थे कारोबार**

**12 मोबाइल, सिम, एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, लैपटॉप समेत कई सामान जब्त**



दीपक सिंह

**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** कोर्रा पुलिस ने नये थाना प्रभारी शमशेर बहादुर के नेतृत्व में तीन साइबर फ्रॉड को धर दबोचा है। तीनो साइबर फ्रॉड सिंदूर के सियारी में केदार मेहता के मकान में रह रहे थे। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि प्रतिबिम्ब ऐप में मोबाइल जिसका मोबाइल नंबर 7898381304 लगा हुआ था। यह नंबर कोर्रा क्षेत्र में सक्रिय है। उस नंबर से राजस्थान में 11 फरवरी को 55000 रुपये का ऑनलाइन फाइनेंसियल फ्रॉड की सूचना दर्ज है। धर पकड़ के लिए एक टीम का गठन किया गया। तकनिकी साक्ष्य के मदद से सियारी सिन्दूर स्थित केदार मेहता का मकान से 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तीनों ने अपना नाम विकास पाल, कुलदीप मेहता और रोहित मेहता बताया। इनके द्वारा यह भी बताया गया कि इस काम में हम तीनों के द्वारा महादेव एप का काउंटर चलाते है जो ऑल इण्डिया में अवैध रूप से सक्रिय है। साथ ही आइसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप में सट्टाबाजी का कार्य भी करते हैं। मुख्य रूप से हम सभी का काम महादेव एप के जरीये ऑनलाईन साईबर ठगी का कारोबार किया करते हैं। जांच में यह बात प्रकाश में आई कि इनके द्वारा 50 से अधिक बैंक खातों में जिनमें वह पैसे प्राप्त करते है और फिर से उसे एटीएम से निकाल लेते है। उसके बाद सारा पैसा देश के कई राज्यों में जमा कर दिया जाता है। ये पिछले कुछ दिनों से हजारीबाग जिले के कोर्रा थाना क्षेत्र में रहकर उक्त कार्या को कर रहे थे। इसे सूचना प्राप्त होते ही उक्त घटना में संलिप्त अपराधियों को गिरफ्तार कर उद्भेदन किया गया।

### बरामद सामानों की सूची

विभिन्न कंपनी के 12 मोबाईल, विभिन्न कंपनी के कई सिम, विभिन्न कंपनी के 12 डेविड कार्ड/एटीएम कार्ड, पासबुक 1, चेकबुक 3, लैपटॉप 3, 1 एयरटेल फाईबर केबल बरामद किया गया।

### गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम

विकास पाल पिता रामनाथ पाल ग्राम - नारायणपुर थाना पिरो हसनपुर ओपी जिला आरा बिहार, कुलदीप मेहता पिता द्वारिका महतो ग्राम-बिहारी थाना-पदमा जिला हजारीबाग और रोहित मेहता पिता केदार मेहता ग्राम- बेबादौरी थाना-मयुरहंड जिला चतरा।

### छापेमारी में शामिल

पुअनि शमशेर बहादुर, थाना प्रभारी कोर्रा और कोर्रा थाना सशस्त्र बल

# नावाडीह रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** नावाडीह रेलवे स्टेशन पर इंटर सिटी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर गुरुवार को कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, डीआरएम कमल किशोर सिंह धनबाद, विधायक डॉ नीरा यादव, सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार, टीआइ अरविंद कुमार सुमन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि कोलकाता और पटना जाने के लिए उन्हें इस ट्रेन से कोडरमा या मधुपुर तक जाने में सुविधा होगी। अब लोगों की और दो मांगों पर रेलवे विचार कर रहा है। सांसद ने कहा कि इस इंटरसिटी ट्रेन के परिचालन से प्रखंड के ग्रामीणों के साथ साथ नावाडीह के लोग रांची जाने तथा मधुपुर तक आसानी से कम खर्चा में सफर कर सकेंगे। इस दौरान नावाडीह रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां नावाडीह स्थित भारती उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत गान और झारखंडी नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर कमर्शियल इंस्पेटर बच्चा सिंह, दीपक कुमार, सहायक सिंगल रेलवे कोडरमा सतीश कुमार, एके सिंह, मरकच्चो प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, भाजपा वरिष्ठ नेता सह मुखिया बेदू साव, रंजीत सिंह, सुनील यादव, सांसद प्रतिनिधि सकलदेव सिंह, कैलाश यादव, सावित्री देवी, संभू सिंह, हीरालाल यादव, अभियंता राजकुमार यादव, महावीर वर्मा मौजूद थे।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# समय पर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश

**संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों के चिन्हितीकरण कार्य में गति लाने का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में इस अरविंद कुमार सिंह समेत सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

बैठक में आसन्न चुनाव के बाबत संवेदनशील और अतिसंवेदनशील बूथों, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के क्रियाशील करने, शिक्षा विभाग से डेमोक्रेसी रूम को लेकर एमओयू, स्वीप और चुनाव कार्यों के प्रयुक्त पुलिस फोर्स के आवासन के लिए भवनों के चिंहितिकरण आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी।

उपायुक्त ने संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर गति लाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथों के चिन्हांकन के तय मानको के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने विगत चुनाव में हिंसा, विवाद या कम मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर उन बूथ पर जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। संवेदनशील बूथों के चिन्हांकन कार्यों में सभी संबंधितों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की बात कही। बूथों पर एएमएफ के बुनियादी सुविधाओं यथा बिजली, पानी, शौचालय, रैंप की सुविधा को सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने बताया कि इस बार सेक्टर वाइज इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाये जायेंगे ताकि रिजर्व ईवीएम को सुरक्षित रखा जा सके। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। उन्होंने कहा कि अत्यंत आवश्यक होने और अति संवेदनशील क्षेत्रों में ही क्लस्टर बनाये जायेंगे। उन्होंने महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस बार पोलिंग डे से एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टी अपने संबंधित बूथों पर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे ताकि चुनाव के दिन पोलिंग ससमय प्रारंभ किया जा सके। इस संबंध में उपायुक्त ने सीओ व थाना प्रभारी को समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। इस मौके पर एसपी अरविंद कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, एसडीओ अशोक कुमार, एसडीपीओ कुमार शिवाशिश समेत अन्य मौजूद थे।

## उपायुक्त ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध खनन पर रोक लगाने के निर्देश

**क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में माइनिंग टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कहा की खनन विभाग की समीक्षा प्रत्येक माह की जाती है इसलिए यह आवश्यक है की सभी अधिकारी गंभीरता पूर्वक कार्यों को अंजाम दे। उन्होंने कहा जिलेभर में कई अधिकारीयों के तबादले हुए है जिस कारण कारवाई में कमी आयी है लेकीन राज्य स्तर पर खनन विभाग की गहन समीक्षा की जाती है इसलिए तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में हो रहे बालू और कोयले के अवैध परिवहन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ साथ पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कार्रवाई से अवैध खनन पर रोक लगाना संभव नहीं है। अतः अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करें। एसपी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को नियमित रूप से अवैध परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाने और नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएफओ वाइल्ड लाइफ, एसडीपीओ सुभाशीष कुमार, एसडीओ सदर अशोक कुमार, बरही अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार, डीएसपी सभी अंचलाधिकारी, सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### एनजीटी गाइडलाइन का पालन करायें

**उपायुक्त ने जिले के बंद पड़े खदानों में अवैध माइनिंग पर सख्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने एनजीटी के गाइडलाइन का गंभीरता से पालन करने तथा लगातार पुलिस अधिकारी को अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अवैध बालू और कोयले के परिचालन में सख्ती से नियमित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।**

## कांडतरी में वृद्धा पेंशन योजना शिविर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कांडतरी पंचायत में त्रिदिवसिय मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन शिविर का आयोजन कांडतरी पंचायत मुखिया सह मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद के अध्यक्षता में किया। जिसमें सैकड़ों लाभुकों द्वारा आवेदन दिया गया। वही मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राज्यभर के महिलाओं के लिए 50 वर्ष की उम्र और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति पुरुषों के लिए 50 वर्ष की उम्र वाले पेंशन का लाभ ले सकते हैं ज्ञातव्य है कि पूर्व में इस योजना का लाभ उठाने के लिए न्यूनतम उम्र 60 वर्ष था। जिसे राज्य सरकार द्वारा घटाकर इसे 50 वर्ष कर दिया गया, यह योजना राज्य सरकार द्वारा असहाय और गरीब लोगों के लिए चलाया जा रहा है। इस योजना में लाभुकों को प्रतिमाह 1000 की राशि प्रदान की जाती हैं। मौके पर पंचायत के सचिव अरविन्द दांगी, बीएलओ कौसल्या देवी, रोजगार सेवक अजय राज, जिसिआरपी संगीता कुमारी और अन्य लाभुक लोग मौजूद थे।

## टाटीझरिया में चलंत इवीएम वाहन से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव में 'अबकी बार, 80 पार' अभियान के तहत लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मतदान किये जाने के प्रति जागरूक करने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर टाटीझरिया प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर इवीएम वीवीपीएटी प्रदर्शनी वाहन को भेजा रहा है। जहां मतदाताओं को इवीएम मशीन कैसै कार्य करती है और कैसे मतदान करना है से संबंधि जानकारी दिया जा रहा है। आगामी आम चुनाव में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने झारखंड का मतदान प्रतिशत 80 प्रतिशत से पार का लक्ष्य रखा है। इस निमित्त एक एक मतदाता को चुनाव पूर्व मतदान के प्रति और मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि शत प्रतिशत मतदाता मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर पहूंचकर मतदान में भाग ले सके। इस अभियान में शामिल होकर सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने लोगों को मतदान में भाग लेकर अपने अधिकार लेने का आग्रह किया। पुर्व में हुए वोटिंग से ज्यादा वोटिंग करवाने का आग्रह किया। इस जागरुकता अभियान में पंचायत सेवक विश्वजीत दुबे, संजय कुमार, अनिल कुमार समेत क्षेत्र के बीएल ओ उपस्थित था।

## नो इंट्री की मांग को लेकर सौंपा आवेदन



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में भारी वाहनों हाइवा और ट्रक के परिचालन से हो रही बेतहासा मौतों को देखते हुए प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम ने जिले के उपायुक्त नैंसी सहाय से भारी वाहनों का परिचालन रोकने हेतु क्षेत्र में नो इंट्री की मांग की है गुरुवार को अर्जुन रान ने हजारीबाग स्थित उपायुक्त कार्यालय में डीसी नैंसी सहाय से मुलाकात कर लिखित आवेदन सौंपा है। इस आवेदन में के माध्यम से मांग किया गया है की 2019 में पूर्व उपायुक्त रविशंकर शुक्ल के द्वारा क्षेत्र में भारी वाहनों का परिचालन बन्द किया गया था। लेकिन विगत समय से फिर से वाहनों का अंधाधुंध आवागमन हो रहा है जिस से क्षेत्र की जनता अत्यंत भयभीत है। हाइवा ट्रक के परिचालन से आये दिन कई मौतें हो रही है और लोगों को जान माल का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में एनएसएस के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कु चतुवेर्दी ने कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग निष्पक्ष करना सभी नागरिकों का कर्तव्य है। स्वर्णा मिश्रा ने कहा कि आज की पीढ़ी देश के भविष्य हैं, आप सभी के द्वारा मतदान जागरूकता कराना भारतीय लोकतंत्र और चुनावी प्रक्रिया में आपका बेहतर योगदान होगा। मौके पर सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, ओमकार नाथ शर्मा, अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव, राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव, चंदन कुमार, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो, प्रवीण कुमार जायसवाल, विपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, अदृश मुखर्जी, डॉ सतीश चंद्र यादव, जयपाल राणा, डॉ अम्बरीश कुमार दुबे, डॉ विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कुमार पाठक, सीमा, छबि राम सिंह, अजीत कुमार, संतोष कुमार, विनोद कुमार, धर्मनाथ महतो, सौरभ सुमन, प्रकाश कुमार, लक्ष्मण कुमार आदि उपस्थित थे।

## सदर विधायक ने योजनाओं का किया शिलान्यास



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को दारू प्रखंड अंर्तगत जिनगा और दारू में दो योजनाओं का शिलान्यास किया। बता दे कि डीएमएफटी मद अंर्तगत 11 लाख 86 हजार कि प्राकलित राशि से जिनगा में विवाह भवन का निर्माण होगा जिसमें एक रूम, एक बरामदा एक हांल और दो शौचालय बनाया जायेगा। वही दारू में ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत एनएच 522 से पांडे टोला होते हुए दारूडीह नदी तक 92 लाख की प्राकलित राशि से 2.350 किलोमीटर कालीकरन सड़क का निर्माण किया जायेगा। शिलान्यास के बाद ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक पहुंचे दारू अंचल। शिलान्यास के दौरान कुछ ग्रामीणों ने मनीष जयसवाल को दारू अंचल के कार्यो की लापारवाही से अवगत कराया।

## मवेशी लदा पिकअप जब्त, एक गिरफ्तार

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर देर रात्रि जयनगर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार राणा पुलिस जवान ने थाना क्षेत्र के तेतरोन चौक के समीप से देर रात्रि 8 मवेशी लदा एक बोलेरो पिकअप वैन जेएच 02 बीएम 4651 जब्त किया। बता दें कि कोडरमा की ओर से मवेशी लदा एक पिकअप वाहन आ रहा था। सूचना पर पुलिस ने तेतरोन चौक के समीप वाहन को रूकवाया तो ये भागने लगे जिसका पीछा कर पकड़ा। मौके पर से पिकअप के साथ रफाकत अंसारी (29 वर्ष, पिता छोटा हुसैन गांव भवानंद, थाना डुमरी जिला गिरिडीह) को गिरफ्तार किया।

## प्रशिक्षु डीएसपी ने बंद डिपो का तोड़ा ताला



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिला के प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद ने बुधवार की रात्रि सयाल मोड़ स्थित भुरकुंडा कोल डिपो में छापामारी की। इस दौरान डिपो के गेट पर लगे ताला को तुड़वा कर डीएसपी ने डिपो परिसर में रखे करीब 6 से 7 टन कोयला जब्त किया। इस दौरान पुलिस ने डिपो की टीन वाली चहारदीवारी को भी क्षतिग्रस्त करते हुए गिरा दिया। इसके बाद पुलिस ने डिपो में मौजूद कोयले को दो अलग-अलग ट्रैक्टरों में लोड कराकर थाने ले गयी। जहां डीएसपी के निर्देश पर डिपो संचालक अनुपम पाठक के खिलाफ अवैध कोयला भंडारण का केस दर्ज किया गया। प्रशिक्षु डीएसपी के इस कार्रवाई को डिपो संचालक अनुपम पाठक ने गैर कानूनी बताते हुए कहा कि उन्हें बगैर सूचना दिये डिपो का ताला तोड़ा गया है। जबकि नियमतः पुलिस को यदि बंद डिपो में कोई जांच करनी थी तो उन्हें बुलाया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा की उनका डिपो वैध है, जिससे संबंधित सारे कागजात मौजूद हैं। पुलिस ने जो कोयला जब्त किया है, उसका भी उनके पास कागज मौजूद है। उन्होंने बताया कि उनके डिपो से संबंधित सारे कागजात भुरकुंडा पुलिस के पास पहले से मौजूद है, जिसकी जांच के लिए पुलिय ने माइनिंग विभाग को भेजा है। उसी वक्त 3 जनवरी से उनका डिपो बंद है। अनुपम पाठक ने कहा कि प्रशिक्षु डीएसपी समेत छापामारी दल में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ वे कोर्ट की शरण में जायेंगे।

## वृद्धावस्था पेंशन योजना शिविर संपन्न



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में चल रहे मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तीन दिवसीय विशेष शिविर का गुरूवार को समापन हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर का अध्यक्षता स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी और संचालक पंचायत सचिव सागर कुमार ने किया। शिविर में 50 से 60 आयु वर्ग के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पुरुषों का 15 आवेदन, महिलाओं का 83 और 60 वर्ष से ऊपर के 16 आवेदन लिया गया। शिविर को सफल बनाने पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, वार्ड सदस्य सह जेएसपीएलएस की सक्रिय महिला दयामुनि मुर्मू, वार्ड सदस्य वीना देवी, पुष्पा सिन्हा, आंगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, प्रेमी सलोनी तिर्की, एलिजाबेथ डोडराय, सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष सेरोफेना एक्का, रविकांत सिंह, भगवान दास करमाली आदि का विशेष योगदान रहा।

## मुखिया ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली पंचायत अंतर्गत डुमरिया और उरैली गांव में गुरुवार को नव निर्मित आंगनवाड़ी भवन का विधिवत उद्घाटन पंचायत के मुखिया संजय कुमार सिंह पंचायत समिति सदस्य रीता देवी, उप मुखिया विवेक कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह और आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका शांति देवी के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायत के आंगनबाड़ी सेविका गीता देवी, शांति देवी, मंजू देवी, संध्या देवी, पिंकी देवी और ग्रामीण अजीत कुमार, वार्ड सदस्य पंकज कुमार सिंह और स्वयं सेवक राजू पासवान और रोजगार सेवक अनूप समदर्शी मौके पर उपस्थित थें।

## बजरंगबली मंदिर का भूमि पूजन



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत दुलकी डेम स्थित गोसाईडीह गांव में गुरुवार को बजरंगबली मंदिर के निर्माण को लेकर भूमि पूजन किया गया। यह कार्यक्रम पंडित नीरज पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया। पूरे विधि विधान के साथ मंदिर निर्माण की नीव रखी गयी। इस मौके पर अजीत कुमार प्रजापति, बिनोद प्रजापति, शिवनंदन, प्रजापति, दिलीप प्रजापति, महावीर प्रजापति, भीम प्रजापति, रविन्द्र प्रजापति, कृष्ण प्रजापति, नागेश्वर प्रजापति, बीरेंद्र प्रजापति, पिंटू प्रजापति, प्रभु प्रजापति सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थें।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो 9 को आयेंगे टंडवा



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** आजसू सुप्रीमो सह पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो आगामी 9 मार्च को टंडवा के किसुनपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। इसकी जानकारी आजसू के जिला अध्यक्ष महेश महतो और जिला सचिव धनेश्वर विश्व कर्मा ने दी। बताया गया कि पार्टी का एक शिष्टमंडल आज सुप्रीमो से रांची जाकर मुलाकात के दौरान संगठन मजबूती पर चर्चा हुई। इस मौके पर रंजीत गुप्ता, नंदा थापा, अशोक महतो, सुरेंद्र सोनी, धनेश्वर बिशाकर्म, सरोज गुप्ता, जितेंद्र सोनी, छोटू भोगता समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## माही केक शॉप का हुआ उद्घाटन

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोरी प्रतापपुर मोड़ के समीप गुरुवार को माही केक शॉप का उदघाटन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, उप प्रमुख राहुल गुप्ता, मुखिया मो शमशाद , उप मुखिया प्रतिनिधि रामरतन साहू ने संयुक्त रूप से फीता एवं केक काटकर किया। केक शॉप के संचालक मुकेश कुमार ने बताया की अब जोरी तथा आस पास के लोगों को बर्थडे, एनिवर्सरी, और अन्य आयोजन हेतु केक के लिए बाहर जाने या बाहर से मंगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी । हमारे शॉप में तुरंत ताजा केक बनाकर मिलेगी । इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

# रामगढ़ थाना हाजत में युवक ने लगायी फांसी, भारी हंगामा

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हुआ शव का पोस्टमार्टम, फॉरेंसिक टीम ने जुटाये सैंपल**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़।** रामगढ़ थाने के हाजत में गुरुवार को एक युवक ने फांसी लगा ली। इस हादसे के सनसनी फैल गई। इस मामले की पुष्टि करते हुए रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि मृतक अनिकेत उर्फ कोका चोरी की एक मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था। बुधवार की देर रात तक उससे पूछताछ नहीं हो पायी थी। इसी बीच उसने हाजत में पुलिस द्वारा दिये गये कंबल को फाड़कर हाजत के शौचालय में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने जब देखा कि अनिकेत 10 मिनट के बाद भी शौचालय से बाहर नहीं निकाला और आवाज देने के बाद भी उसने कोई रिस्पांस नहीं किया तो तत्काल टीम अंदर घुसी। पुलिस ने उसे फंदे से लटका देखा तो उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि यह खुदकुशी का मामला है। मिलोनी क्लब निवासी महेंद्र राम के पुत्र अनिकेत कुमार उर्फ कोका (19 वर्ष) को पूछताछ के लिए बुधवार की रात थाने लाया गया था। देर रात हो जाने की वजह से उससे ज्यादा पूछताछ नहीं हो पायी और उसे हाजत में रखा गया।

**एनएचआरसी के पूरे नियम का किया गया अनुपालन**

**एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि हाजत में युवक के द्वारा खुदकुशी किए जाने के बाद एनएचआरसी के पूरे नियम का अनुपालन किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए जब भेजा गया तो वहां वीडियोग्राफी के साथ-साथ दंडाधिकारी की नियुक्ति भी हुई। इसके अलावा पांच सदस्य मेडिकल टीम ने युवक का पोस्टमार्टम किया है। किसी भी स्तर पर कोई गुंजाइश न रहे इसके लिए पूरी जांच टीम निष्पक्ष रूप से अपना काम कर रही है। यहां तक की मानवाधिकार आयोग की टीम भी इस पूरे मामले की जांच करेगी। एसपी ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी की फिलहाल कोई संलिप्तता परिलक्षित नहीं हुई है। जांच के बाद सारी चीजें स्पष्ट हो जायेगी।**

**चोरी की वारदात में शामिल होने का था संदेह, पहले भी गया था जेलः** पुलिस के अनुसार रामगढ़ में चोरी की कई वारदातें हुई थीं। जिसमें रामगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज भवन की वारदात शामिल है। इसी मामले की पूछताछ के लिए अनिकेत को थाने लाया गया था। अनिकेत का एक साथी विकास नगर निवासी धुकरी महतो पिता डेगा महतो को चोरी के आरोप में ही आरपीएफ पुलिस ने जेल भेजा था। पुलिस के अनुसार अनिकेत चोरी के मामले में पहले भी जेल गया था। कांड संख्या 308/22 में उसके खिलाफ चार्जशीट भी दायर हो चुकी थी।

**परिजनों ने पुलिस पर लगाया मारपीट कर हत्या करने का आरोपः** अनिकेत की मौत को लेकर परिजनों ने जमकर बवाल काटा। सबसे पहले परिजन गुरुवार की सुबह जब रामगढ़ थाना पहुंचे तो उन्हें यह बताया गया कि उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। यह सुनकर परिजन आपा खो बैठे और उन्होंने पुलिस पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया। जब परिजन अस्पताल पहुंचे तो वहां भी अनिकेत से वे मिल नहीं पाये। इसके बाद उन्हें पता चला कि अनिकेत की लाश पोस्टमार्टम हाउस में पड़ी हुई है। इतना सुनने के बाद परिजनों के होश उड़ गये। अनिकेत के पिता महेंद्र राम और माता रीना देवी व उनके साथ जुटे हुए दर्जनों लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। काफी मशक्कत के बाद देर शाम अनिकेत के शव का पोस्टमार्टम हो सका। कोका के पिता महेंद्र राम और मां रीना देवी ने कहा कि चोरी की मामले में पुलिस जांच कर रही थी। इसी सिलसिले में पूछताछ के लिए अनिकेत और विकास नगर निवासी सद्दाम हुसैन को पुलिस थाने ले गयी थी। बुधवार की रात हाजत में ही उन लोगों को रखा गया था।

**रामगढ़ थाने के हाजत से फोरेंसिक टीम ने कलेक्ट किया सैंपलः** संदिग्ध मौत की जांच में रांची से फॉरेंसिक डिपार्टमेंट की टीम रामगढ़ थाने पहुंची। उन्होंने सारे सैंपल कलेक्ट किए। अनिकेत को थाने के जिस हाजत में रखा गया था, वहां से फिंगरप्रिंट भी कलेक्ट किये गये हैं। इस पूरे मामले की जांच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम भी कर रही है।

# निर्माणाधीन वाटर फिल्टर प्लांट का विरोध

**किसी भी कीमत पर नहीं निर्माण होने देंगे वाटर फिल्टर प्लांटः ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** ग्राम गोबरदरहा में नमामी गंगे के तहत बन रहे वाटर फिल्टर प्लांट को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों ने गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और विधायक सुनीता चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। साथ ही बन रहे योजना को हर हाल में यहां नहीं लगाने की मांग किया। आवेदन में प्रतिलिपि के माध्यम से विधायक रामगढ़, उपायुक्त रामगढ़, अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, भूमि सुधार उपसमाहर्ता रामगढ़, अंचल अधिकारी रामगढ़ को जानकारी दिये। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि इस छोटे से गांव में लगभग दो हजार की आबादी खेती बारी कर अपना जीवन यापन करते आ रहे हैं। इस उपजाऊ जमीन पर इस प्रकार के निर्माण होने से पूरी आबादी प्रभावित होगी और खेती बारी कर जीवन यापन करने पर बहुत बड़ी मुसीबत पड़ जायेगी। उक्त भूमि पर हमलोग का देव स्थल भी है। जो हमारे गांव की रक्षा करते हैं। इसलिए किसी भी हाल में क्षति नहीं होने देंगे। साथी ही इस भूमि और जमींदारी के समय से रैयतो के नाम पर जमाबंदी दर्ज है और लगातार लगान रसीद कटता आ रहा है।

**कौन कौन थे उपस्थित**

**मौके गणेश महतो, कमलनाथ महतो, महेश प्रसाद महतो, चंद्रमोहन महतो, राजेंद्र महतो, कैलाश महतो, मनोज कुमार महतो, पुरुषोत्तम कुमार, बसंत महतो, जितेंद्र महतो, कृष्ण कांत महतो, निरंजन कुमार, उमेश महतो, रामस्वरूप महतो, तेजपाल महतो, नागेश्वर महतो, चुरामन महतो, प्रमेश्वर महतो आदि ग्रामीण उपस्थित थे।**

## पतरातू के थाना प्रभारी बने शिवलाल कुमार गुप्ता



**पतरातू (आजाद सिपाही)। एसपी रामगढ़ के निर्देशानुसार पतरातू थाना प्रभारी के रूप में शिवलाल कुमार गुप्ता ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवनियुक्त थाना प्रभारी ने कहा पतरातू थाना क्षेत्र को अपराधमुक्त कर शांतिपूर्ण माहौल कायम करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। पतरातू में अपराधीयों को लगाम लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि आम जन मुझसे सीधा संपर्क कर अपनी शिकायत साझा कर सकते हैं।**

# चितरपुर में लाखों के सामान की हुई चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर गांगी जमुनी स्थित देवराज तिवारी के घर मे चोरों ने बुधवार की रात को चोरी की घटना को अंजाम दिया है जिससे पूरा परिवार सदमे में हैं। इनके घर से लगभग 8 लाख के सामान की चोरी हुई हैं जिससे आसपास के लोग सहमे हुए हैं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही रजरप्पा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पांडेय घटनास्थल पहुंचे और गहनता से मामले की छानबीन में जुट गये हैं। भुक्तभोगी ने बताया की मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर बंद करके खूंटी गये थे और जब सवेरे वापस लौटे तो पाया कि उनके घर का बंद दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और घर में रखे जेवरात और नगद राशि को चोर ले गये। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर छानबीन में जुट गये। मकान मालिक देवराज तिवारी ने बताया कि कुल मिलाकर लगभग 7 से 8 लाख रुपये की चोरी हुई है।

# मारपीट में जख्मी युवक की मौत, गिरफ्तारी की मांग

**दुकानदारों ने बंद रखी मंदिर परिसर की दुकानें, श्रद्धालुओं को हुई परेशानी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** तीन दिवसीय राजकीय ईटखोरी महोत्सव को लेकर देश-विदेश में सुर्खियों में रहा तीन धर्मो का संगम स्थल मां भद्रकाली मंदिर परिसर आज वीरान है। मंदिर परिसर की सभी सभी दुकानें बंद है। परिसर में संचालित प्रसाद दुकान के दुकानदार के पुत्र की बेरहमी से पिटाई के बाद इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की मौत से नाराज दुकानदारों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं। मारपीट की घटना इटखोरी थाना क्षेत्र में सरस्वती पूजा के दौरान घटी थी। दो गुटों में हुई हिंसक झड़प के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से जख्मी मिथलेश कुमार नामक युवक की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी । युवक की मौत की खबर सुनते ही ग्रामीणों में उबाल है। ग्रामीणों ने पुलिस पर अभियुक्तों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए इटखोरी थाना में जमकर बवाल काटा और सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की। घायल युवक की मौत और ग्रामीणों के हंगामे की खबर के बाद डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार इटखोरी थाना पहुंचे। डीएसपी ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन ग्रामीण बगैर गिरफ्तारी मौके से जाने को तैयार नहीं थे। डीएसपी ने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा। इस मामले को लेकर मृतक के परिजनों ने गांव के ही पप्पू सिंह, लक्की सिंह, अमित कुमार सिंह, कमलेश गिरि, विशाल गिरि, लल्लू गिरि, छोटू गिरि, संदीप गिरि, राजेश गिरि, गन्नू ठाकुर, रोहित गिरि व बब्लू सोनी को नामजद आरोपी बनाते हुए एफआइआर दर्ज करायी थी। हालांकि पुलिस पूर्व में आरोपी पप्पू सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपी पुलिस की पहुंच से दूर हैं।

## दिगंबर पांडेय बने कुजू थाना प्रभारी



**कुजू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के निर्देशानुसार कुजू ओपी में 51वां नये ओपी प्रभारी के रूप में दिगंबर पांडेय ने गुरुवार को अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर अंकुश लगाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की समस्या होने पर बेहिचक सीधा मुझसे संपर्क कर अपनी शिकायत बता सकते हैं। मालूम हो कि, 2018 बैच के दिगंबर पांडेय इससे पूर्व खूंटी जिला में जेएसआई के पद पर सेवा दे रहे थे। रामगढ़ जिले में उनकी पहली पदस्थापना कुजू ओपी में हुई है। वहीं, तीन साल पूरी होने पर निवर्तमान ओपी प्रभारी विनय कुमार का स्थानांतरण गिरिडीह जिला में हुआ है।**


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रूघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं: (1) **ई-निविदा संख्याः** एसएण्डटी-सी-डीएचएन-19, **ई-निविदा सूचना संख्या :** एसएण्डटी-सी-डीएचएन-19, **कार्य का नामः** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन में सिंदरी मार्शलिंग यार्ड में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इंडोर और आउटडोर) का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **अनुमानित लागतः** Rs. 15,58,31,622.60, **अमानत राशिः** Rs. 9,29,200/- **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य। **कार्य निस्पादित करने का समयः** 06 महिना। **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समयः** 14.03.2024 को 12:00 बजे तक। (2) **ई-निविदा संख्या :** एसएण्डटी- सी-डीएचएन-20, **ई-निविदा सूचना संख्या :** एसएण्डटी-सी-डीएचएन-20, **कार्य का नामः** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में मल्टी ट्रैकिंग कार्य के संबंध में गोमो-प्रधानखुंटा खंड के बीच सिग्नलिंग केबल, लोकेशन बॉक्स, काड, ओएफसी और अन्य एस एंड टी उपयोगिताओं का स्थानांतरण।। **अनुमानित लागतः** Rs. 38,43,858.28/-, **अमानत राशिः** Rs. 76,900/- **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य। **कार्य निस्पादित करने का समयः** 06 महिना। **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समयः** 14.03.2024 को 12:00 बजे तक। **विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज भारतीय रेल की वेबसाइट** http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/धनबाद**

**पीआर/02374/सीडीएचएन/एसएण्डटी/टी/23-24/40**


## मुखिया ने बच्चों के बीच बांटी किताबें



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** एसएस हाई स्कूल पतरातू और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के स्कूली बच्चों के बीच गुरुवार को बीआरसी से प्राप्त डिक्शनरी जेनरल नॉलेज की किताबें और अन्य सामग्री पतरातू पंचायत के मुखिया गिरजेश कुमार के द्वारा वितरित कराया गया। इस मौके पर स्थानीय मुखिया गिरजेश कुमार ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं इन्हें शिक्षित बनाना जरूरी है। बच्चों को शिक्षा के लिए पुस्तक के उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चे कड़ी मेहनत कर अपनी शिक्षा ग्रहण करें जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। मुखिया गिरजेश ने कहा कि एसएस हाई स्कूल पतरातू और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जाती है। तमाम बच्चों की शिक्षा के लिए सरकार से कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। वही पुस्तक प्रकार बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्राचार्य रविंद्र रविदास ने कहा कि जीवन में शिक्षा का काफी महत्व है। इस मौके पर प्रमोद प्रकाश, विनेश्वर महतो, निर्मला कुमारी, गोविंद कुमार सिंह, अशोकठाकुर, अशोक कुमार, कमला सिंकु आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## संस्कार पब्लिक स्कूल का मना वार्षिकोत्सव



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संस्कार पब्लिक स्कूल, बोंगावार मोड़ का धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजमेंट हेड डॉ अशोक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही, पुस्तकालय का लोकार्पण फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक अयोध्या वर्मा और संचालन विद्यालय निदेशक अमित कुमार ने की। मौके पर डॉ अशोक कुमार ने कहा कि संस्कार पब्लिक स्कूल परिवार अपनी लगन और मेहनत से क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगा रहा है। तत्पश्चात झंडारोहण कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। बच्चों ने मनमोहक झांकियां की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। वही, सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल अंजली पांडेय ने वार्षिक प्रतिवेदन की प्रस्तुति की। वही, विद्यालय निदेशक अमित कुमार ने कहा कि ऐसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों को भाग लेने से अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राहुल, आरती, रानी, मिथिलेश, गंगा, पूजा, खुशी, मनीषा समेत कई कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर चांसलर उषा देवी, सविता पांडेय, सोनी कुमारी, कृष्ण वर्मा, पूजा कुमारी, अधिवक्ता ओमप्रकाश, गुड्डू सिंह, संतोष साहू समेत काफी संख्या में अभिभावक व विद्यार्थी शामिल रहे।

## डीसी के फेक अकाउंट से की जा रही ठगी




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीसी चंदन कुमार के नाम पर सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाकर लोगों से ठगी की जा रही है। आम नागरिक हो, अधिवक्ता होन या किसी अन्य वर्ग के लोग। हर किसी को मैसेंजर पर मैसेज भेज कर उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं। डीसी चंदन कुमार ने इन सभी फेक अकाउंट को लेकर जिला वासियों को आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि वह किसी भी सोशल मीडिया अकाउंट पर सक्रिय नहीं है। रामगढ़ जिले के डीसी के नाम पर फेसबुक और एक्स ऐप पर ऑफीशियली सूचना दी जाती है। लेकिन उससे किसी को भी मैसेज नहीं किया जाता। डीसी ने बताया कि विभिन्न स्रोतों से यह पता चला है कि उनके नाम से फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाने और पैसे की मांग सहित अपनी गलत मंशा की पूर्ति हेतु फर्जी अकाउंट से मैसेज भेजे जा रहे हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि उपायुक्त चंदन कुमार का किसी भी सोशल मीडिया हैंडल पर कोई भी अकाउंट संचालित नहीं है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी कार्यों और आवश्यक सूचनाएं आम जनों तक पहुंचाने हेतु जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से आधिकारिक फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अकाउंट संचालित किया जाता है। जिला प्रशासन द्वारा संचालित सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह का कोई मैसेज नहीं किया जाता है और सभी लोगों से अपील है कि वे किसी भी फर्जी आईडी से कोई भी मैसेज आने पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया ना दें। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा फर्जी तरीके से लोगों को गुमराह करने वाले दोषियों को पकड़ने और उन पर कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## आरके सिन्हा होंगे सीसीएल कुजू के नये जीएम

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल रांची मुख्यालय द्वारा आरके सिन्हा को सीसीएल कुजू जीएम के पद पर नियुक्ति के लिए पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में आगामी 29 फरवरी को कुजू जीएम एनके सिन्हा के सेवानिवृत्त होने पर आरके सिन्हा का पदभार ग्रहण करने की बात कही गयी है। इधर, आरके सिन्हा ने गुरुवार को कुजू क्षेत्र के सभी विभाग के मुख्य अधिकारियों व पीओ से औपचारिक मुलाकात कर परिचय प्राप्त की।

# वेलडन मीलॉर्ड! आपने लोकतंत्र को बचा लिया

चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। देश की सर्वोच्च अदालत 30 जनवरी को आये चुनाव नतीजों को पलटते हुए भारतीय जनता पार्टी की जगह आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को विजेता घोषित किया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने इस बात की तस्दीक की है कि चुनावों की निष्पक्षता बनाये रखने से ही लोकतंत्र में विश्वास बना रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले को सही ठहराने के लिए संविधान के अनुच्छेद 142 का हवाला दिया है। इस अनुच्छेद के तहत, अदालत को 'पूर्ण न्याय' सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी करने का अधिकार है। इससे पता चलता है कि कोर्ट ने इस मामले को कितनी गंभीरता से लिया है।

**फिर से चुनाव करवाने की मांग खारिजः** वोटों की गिनती के वक्त पीठासीन अधिकारी की तरफ से गड़बड़ी किये जाने के सबूत सामने आने के बाद दोबारा चुनाव कराने पर बहस हुई थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मतपत्रों की जांच के बाद इस तर्क को खारिज करने का सही फैसला लिया। जांच में पाया गया कि मतपत्र में कोई गड़बड़ी नहीं थी। नगर निगम के नियमों के अनुसार, मतपत्रों को जिन पैमानों के आधार पर अमान्य माना जाता है, उनमें से कोई भी शर्त पूरी नहीं हुई थी। यानी मतगणना के दौरान पीठासीन अधिकारी की तरफ से की गयी गड़बड़ी के कारण ही चुनाव परिणाम गलत आये।

**सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव के नतीजों को पलटते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को विजेता घोषित कर दिया है। कोर्ट ने पाया कि मतगणना के दौरान पीठासीन अधिकारी की कार्रवाइयों ने परिणाम को प्रभावित किया था। सुप्रीम कोर्ट ने न केवल पीठासीन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की, बल्कि अदालत को गुमराह करने के लिए उसके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही भी शुरू की।**

**कार्रवाई तो जरूरी थीः** सुप्रीम कोर्ट ने न केवल पीठासीन अधिकारी के खिलाफ परिणाम में हेराफेरी करने की कोशिश करने के लिए कार्रवाई की, बल्कि अदालत को गुमराह करने के लिए उसके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही भी शुरू की। यह एक कड़ा संदेश है कि चुनाव परिणामों से छेड़छाड़ करने के गंभीर नतीजे होंगे। ऐसे उपायों की आवश्यकता है, ताकि लोगों को ऐसी गतिविधियों में शामिल होने से रोका जा सके।

**समय पर आये फैसले का महत्वः** सुप्रीम कोर्ट के फैसले का एक उल्लेखनीय पहलू यह है कि उसने फैसला देने में देरी नहीं की। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की सरकार के पतन पर अदालत का फैसला आने में लगभग एक साल लग गया था। महाराष्ट्र के राज्यपाल की तरफ से अविश्वास प्रस्ताव लाये जाने को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से गलत ठहराया जाना कानूनन सही हो सकता है, लेकिन इसका व्यावहारिक प्रभाव सीमित था। चुनावी कदाचार के मामलों में देरी से न्याय मिलना अन्याय के समान है।

**निर्वाचन आयोग और चुनावः** भारत में चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का शानदार इतिहास है, जिसका श्रेय काफी हद तक चुनाव आयोग को जाता है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद निर्वाचन आयोग ने सुनिश्चित किया कि भारत में ऐसे हालात कभी नहीं बनें, जैसे 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के दौरान हुई अराजकता से पैदा हुए थे। चूंकि चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव निर्वाचन आयोग के दायरे से बाहर था, इसलिए सुप्रीम कोर्ट के लिए इस मामले को तेजी से सुलझाना महत्वपूर्ण हो गया था। यह फैसला आगामी आम चुनावों में शामिल होने जा रहे पुलिस या प्रशासन के सभी अधिकारियों को एक सख्त संदेश देता है कि निष्पक्षता पर कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हुआ और कृषि संबंधी समझौते (एओए) पर हस्ताक्षर किये। इस कदम ने भारत की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया। उससे पहले भारत की नीतिगत व्यवस्था आयात को प्रतिबंधित करने की थी। श्री राव के अधीन भारत कृषि निर्यात को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाले एक महत्वपूर्ण जरिये के रूप में देखने लगा।**

# किसानों को बाजार की जरूरत, दान की नहीं

संजीव चोपड़ा



**पिछले** तीन भारत रत्न वास्तव में भारत के किसानों की उद्यमशीलता की भावना का सम्मान है। भारत रत्न पाने वाली तीनों हस्तियां- दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चरण सिंह और पीवी नरसिंह राव के साथ-साथ हरित क्रांति के जनक वैज्ञानिक प्रशासक डॉ एमएस स्वामीनाथन कृषि के साथ-साथ किसानों के कल्याण से गहराई से जुड़ी थीं और इसके प्रति व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध थीं। स्वामीनाथन का योगदान काफी जाना-माना है, लेकिन उस राजनीतिक अर्थव्यवस्था के संदर्भ को समझना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिसमें हरित क्रांति सफल रही थी। यह चरण सिंह ही थे, जिन्होंने नेहरू को सोवियत और चीन के तरीके की 'सामूहिक खेती' के नुकसान से अवगत कराया था। उनका स्पष्ट मानना था कि किसान पूरी तरह से स्वतंत्र खेतिहर हैं और वे 'लैंड पूलिंग एवं सहकारी खेती' की किसी भी केंद्रीकृत योजना के सख्त विरोधी हैं। 'लैंड पूलिंग और सहकारी खेती' की अवधारणा से तत्कालीन योजना आयोग अभिभूत था।

**नीति बनाना आसान हिस्सा है, वास्तविक और आइटी बुनियादी ढांचे का निर्माण अधिक कठिन है।**

पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल के दौरान भारत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में शामिल हुआ और कृषि संबंधी समझौते (एओए) पर हस्ताक्षर किये। इस कदम ने भारत की कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना दिया। उससे पहले भारत की नीतिगत व्यवस्था आयात को प्रतिबंधित करने की थी। श्री राव के अधीन भारत कृषि निर्यात को विदेशी मुद्रा अर्जित करने वाले एक महत्वपूर्ण जरिये के रूप में देखने लगा। एपीडा को बजटीय और संस्थागत समर्थन प्रदान करके उन्होंने भारतीय कृषि को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद की। हालांकि कृषिगत वस्तुओं का घरेलू व्यापार प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवस्थाओं के जरिये ही संचालित होता रहा, जो खरीद एजेंसियों और एपीएमसी के पंजीकृत व्यापारियों के लिए तो अच्छा था, लेकिन किसानों के लिए नहीं।

लेकिन संभवतः उनके द्वारा किया गया सबसे सार्थक नीतिगत उपाय 1994 में छोटे किसानों का कृषि व्यवसाय संघ (एसएफएसी) की स्थापना करना था।



**राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों द्वारा 1.7 लाख अन्य एकीकृत लाइसेंस जारी किये गये हैं, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण साढ़े तीन हजार किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की सक्रिय भागीदारी है। उनके लेन-देन इस मंच के लिए दृढ़ समर्थन प्रदर्शित करते हैं। जनवरी 2024 तक इस प्लेटफॉर्म पर तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि का कारोबार हो चुका था।**

इस संगठन को अब कृषि के लिए राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक बाजार की स्थापना का जिम्मा सौंपा गया है। यह सब आठ साल पहले बैसाख प्रथम (14 अप्रैल) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गयी एक परिवर्तनकारी पहल की पृष्ठभूमि और संदर्भ प्रदान करता है। यहां संदर्भ-एसएफएसी समर्थित इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार (इ-नाम) पहलः 'फिजिटल (फिजिकल प्लस डिजिटल) बाजार' का है। यह फिजिकल बैकएंड वाला एक सिंगल विंडो पोर्टल है, जो कार्रवाई योग्य जानकारी, भौतिक बुनियादी ढांचा, व्यापार के विकल्प और भुगतानों का इलेक्ट्रॉनिक निपटान प्रदान करता है।

मौजूदा समय में एसएफएसी की इसी पहल की बदौलत 10.7 मिलियन किसानों को 23 राज्यों और 4 केंद्र-शासित प्रदेशों के 1389 विनियमित थोक बाजारों में अपने मोबाइल फोन पर अपनी भाषा में लेन-देन करने की स्वतंत्रता, लचीलापन और सुविधा प्राप्त है। राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों द्वारा 1.7 लाख अन्य एकीकृत लाइसेंस जारी किये गये हैं, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण साढ़े तीन हजार किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) की सक्रिय भागीदारी है। उनके लेन-देन इस मंच के लिए दृढ़ समर्थन प्रदर्शित करते हैं। जनवरी 2024 तक इस प्लेटफॉर्म पर तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राशि का कारोबार हो चुका था।

इस सफल उपाय की पृष्ठभूमि साझा करना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि पचास के दशक में जब एपीएमसी की शुरुआत हुई थी, तो किसानों को संकटकालीन बिक्री से सुरक्षा की आवश्यकता थी। एपीएमसी को एमएसपी व्यवस्था के तहत राज्य एजेंसियों द्वारा 'मूल्य खोज' सुनिश्चित करने और खरीद के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। हालांकि इस प्रक्रिया में उन्होंने बिचौलिये-व्यापारी का एक विशेष वर्ग भी तैयार कर दिया, जिसके पास अधिसूचित कमान क्षेत्र के साथ विशेष मंडी में काम करने का लाइसेंस हुआ करता था।

हालांकि जैसे-जैसे भारत एक आइटी महाशक्ति बना और कृषि, किसान के पास से उत्पादन के मार्केट मोड में चली गयी, व्यापार के प्रतिबंधात्मक नियमों को बदलने की आवश्यकता महसूस हुई। एसएफएसी जैसे संस्थानों की स्थापना सीमांत और छोटे किसानों के व्यापार की शर्तों में सुधार लाने के लिए प्रौद्योगिकियों और वित्तीय साधनों का लाभ उठाने के लिए की गयी थी। कृषि व्यवसाय उद्यमियों को उद्यम पूंजी निधि प्रदान करने से लेकर बुनियादी ढांचा तैयार करने तक एसएफएसी ने एफपीओ की स्थापना, मार्केट इंटेलिजेंस, भंडारण और खरीद समर्थन की दिशा में नवोन्मेषी पहल की। कोई अचरज की बात नहीं कि इ-नाम की स्थापना का दायित्व भी एसएफएसी को सौंपा गया।

शुरुआत करने के लिए कृषि मंत्रालय ने उन नियंत्रित मंडियों में उपकरण/बुनियादी ढांचे, जैसे कंप्यूटर हार्डवेयर, इंटरनेट सुविधा, परख उपकरण आदि के लिए प्रति मंडी 30 लाख रुपये का अनुदान दिया, जहां इ-मार्केट प्लेटफॉर्म की स्थापना होनी है। सफाई, ग्रेडिंग और पैकेजिंग सुविधाओं तथा बायो कंपोस्टिंग यूनिट जैसी अतिरिक्त बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए इसे 2017 में बढ़ाकर 75 लाख रुपये कर दिया गया। वहीं पहले तीन वर्षों में लगभग दो सौ मंडियों को इसके दायरे में लाया गया था। मई 2020 तक 415 मंडियों, जुलाई 2022 तक 260 और मंडियों, मार्च 2023 तक 101 और मंडियों तथा पिछले कैलेंडर के अंत तक 28 मंडियों के साथ गति बढ़ी। यह संख्या हर तिमाही में बढ़ रही है।

नीति बनाना आसान हिस्सा है, वास्तविक और आइटी बुनियादी ढांचे का निर्माण अधिक कठिन है। सबसे कठिन काम है इसे जमीन पर कारगर बनाना। प्रारंभिक हैंडहोल्डिंग के लिए एसएफएसी एक आइटी विशेषज्ञ (मंडी विश्लेषक) की पहचान करता है और उसका समर्थन करता है ताकि इ-नाम के साथ जुड़ी प्रत्येक मंडी की एक वर्ष की अवधि के लिए प्रारंभ में लगातार मदद की जा सके। वे राज्य समन्वयकों को रिपोर्ट करते हैं, जिनमें से प्रत्येक 50 मंडियों का दिन-प्रतिदिन तालमेल बिठाते हैं। वे इ-नाम प्रणाली में सभी हितधारकों-किसानों, व्यापारियों, कमीशन एजेंटों और मंडी अधिकारियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए भी जिम्मेदार हैं।

आगे क्या? अपनी उपलब्धियों पर संतुष्ट होने की बजाय इ-नाम नए और उच्च मानक स्थापित कर रहा है। इसके संशोधित अधिदेश में किसानों को प्रतिस्पर्धी मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए एपीएमसी/विनियमित बाजार समिति मंडियों से परे मंच खोलकर इ-नाम का विस्तार और समेकन शामिल है। गोदाम आधारित बिक्री (डब्ल्यूबीएस) और इ-नाम के माध्यम से जोर दिया जा रहा है। आखिर में यह मूल्य खोज और बेचने की स्वतंत्रता है, जो किसान के लिए अधिक समृद्धि लायेगी।

**(लेखक पंजाब के रहने वाले एक सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हैं और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी के पूर्व निदेशक हैं। व्यक्त किये गये विचार उनके निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सरकार ने बदल दिया है संस्कारः सुदेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि खतियान की दुहाई देनेवाली सरकार साढ़े चार साल में स्थानीय, नियोजन, विस्थापन बनाने में नाकाम रही है। सरकार लोगों की भावना को समझने और जीवन स्तर में बदलाव लाने में भी असफल है। सरकार ने संस्कार बदल दिये। सरकार होने का एहसास नहीं करा पायी गठबंधन सरकार। राज्य के समुचित विकास के लिए पढ़ाई, दवाई और न्याय के क्षेत्र में बेहतर काम करने की जरूरत है। इसके बिना राज्य का विकास अंसभव है। सुदेश कुमार महतो पोस्ट ऑफिस मैदान रायकेरा झंगडपुर में आयोजित मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय संकल्प सभा सह मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान आनंदपुर प्रखंड अध्यक्ष दिलवर खाखा के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की। सुदेश महतो ने कहा कि राजनीति में मूल्यांकन आवश्यक है। कोल्हान क्षेत्र ने राज्य को कई मंत्री, मुख्यमंत्री दिये, लेकिन विकास के नक्शे पर कोल्हान पीछे रह गया। कहा कि अबुआ आवास की चयन प्रक्रिया में ग्राम सभा को नजरअंदाज करना गलत है। जिस सरकार की उम्र छह महीने की है, वह जनता को अगले छह साल का आश्वासन दे रही है। परीक्षा बेचने के बाद इनकी तैयारी अबुआ आवास को बेचने की है। अबुआ योजना अब बबुआ योजना बन कर रह गयी है। मुख्यमंत्री को भी इस मामले में सफाई देने की आवश्यकता पड़ गयी है। कहा कि प्रदेश में सभी वर्ग के लोग राज्य में फैली अराजक व्यवस्था के सामने लाचार महसूस कर रहे हैं। जनता अब इस अराजक सरकार से मुक्ति चाहती है।

## सुदेश महतो का हुआ स्वागत

**मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय संकल्प सभा सह मिलन समारोह में शामिल होने रांची से मनोहरपुर जाने के क्रम में विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो का भव्य स्वागत किया। मौके पर रामचंद्र सहिस, डॉ देवशरण भगत, डॉ रीना गोड्सरा, प्रो रविशंकर मौर्य, राजू सांडिल, बिरसा मुंडा, शिवप्रताप सिंह देव, नंदलाल विरूआ, शंकर सिंह मुंडा, रामलाल मुंडा, कन्हैया सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।**


# जमशेदपुर प्रखंड की पलाशबनी पंचायत में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर 24 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झालसा के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन के द्वारा 24 फरवरी को जमशेदपुर प्रखंड के पलाशबनी पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। गुरुवार को डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर उपविकास आयुक्त मनीष कुमार ने कार्यक्रम स्थल में तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजीव रंजन समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। उपविकास आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान मंच निर्माण की तैयारी, विभिन्न स्टॉल निर्माण की प्रगति, आंगतुकों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग,बेरिकेडिंग की समीक्षा कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। आदिम जनजाति समूह को लक्षित कर शिविर का आयोजन किया जारहा है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ग्रामीणों को योजनाओं से आच्छादित किया जायेगा। ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य, पशुपालन, कल्याण, समाज कल्याण, ऊर्जा, पेयजल एवं स्वच्छता, श्रम, सामाजिक सुरक्षा,वन विभाग, आपूर्ति विभाग समेत अन्य विभागों के स्टॉल में ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण पहुंच कर योजनाओं का लाभ ले सके।

# आस्था वॉटरमार्क डेवलपर्स के मामले में एसडीओ ने जारी किया तीसरा समन, 4 मार्च तक अल्टीमेटम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गम्हरिया।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया अंचल के आनंदपुर मौजा में लगभग 7 एकड़ जमीन में निर्माणाधीन आस्था वॉटरमार्क डेवलपर्स को सरायकेला एसडीओ ने तीसरा समन भी जारी कर दिया। एसडीओ ने आगामी 4 मार्च को पूरी रिपोर्ट के साथ तलब किया। हालांकि इससे पूर्व एसडीओ के निर्देश पर सीओ ने अपनी जांच रिपोर्ट में डेवलपर्स द्वारा 1.92.81 एकड़ जमीन प्रोजेक्ट के अंदर करने की पुष्टि की है। सूत्रों की मानें तो एसडीओ के आदेश पर अंचल अधिकारी ने जो रिपोर्ट सौंपी हैं, उसमें बिल्डरों ने अनाबाद बिहार सरकार और सर्वसाधारण जमीन की घेराबंदी की है। उधर डेवलपर्स के अनुसार उनकी जमीन के अंदर ही सरकारी जमीन है। साथ ही नगर निगम के द्वारा प्रोजेक्ट का नक्शा क्लियरेंस है। उन्होंने किसी सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं करने की बात कही। वहीं नगर आयुक्त आलोक कुमार ने बताया कि नक्शा बगैर अंचल कार्यालय की रिपोर्ट के पास नहीं किया जाता है। फिर भी यदि ऐसा हुआ है तो इसकी जांच की जायेगी। यदि गलत पाया गया तो उसे निरस्त किया जायेगा। इस मामले में एसडीओ पारुल सिंह ने बताया कि एसडीओ कार्यालय से डेवलपर्स को न तो एनओसी दिया गया, न कोई आदेश दिया गया है। उन्हें पूर्व में दो-दो समन देकर रिपोर्ट के साथ बुलाया गया है, लेकिन उनका कोई प्रतिनिधि नहीं आया। उन्होंने बताया कि फिलहाल उन्हें तीसरा नोटिस के माध्यम से 4 मार्च तक पुनः रिपोर्ट के साथ तलब किया गया। यदि फिर भी वे नहीं आते हैं तो इसे अवहेलना समझा जायेगा।

# सिंहभूम चैंबर में इनकम टैक्स एक्ट की महत्ता पर परिचर्चा 24 को, कोलकाता के चार्टर्ड एकाउंटेंट सदस्यों से होंगे रूबरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर भवन में सेक्शन-143बी(एच) ऑफ इनकम टैक्स एक्ट के तहत नये कानून की महत्त पर परिचर्चा का आयोजन शनिवार को संध्या 6.30 बजे से किया जायेगा।परिचर्चा में कोलकाता के अनुभवी सीए शिवांक छापरिया मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने विस्तृत जानकारी के साथ सदस्यों के सवालों का जवाब देंगे। चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने सभी सदस्यों, व्यवसायियों और उद्यमियों से उक्त लाभकारी परिचर्चा में उपस्थित होने के लिए आग्रह किया।



# जिला स्तरीय युवा चौपाल कार्यशाला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में आगामी युवा चौपाल कार्यक्रम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। हर शक्ति केंद्र स्तर पर भाजयुमो जिला भर में युवा चौपाल लगाकर केन्द्र सरकार की उपलब्धि एवं राज्य सरकार की नाकामी को युवाओं के बिच रखेगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसको लेकर भाजयुमो कार्यकर्ता गांव-गांव युवा चौपाल लगाएंगे। जिससे लोगों को मोदी सरकार की उपलब्धि और राज्य सरकार की नाकामी को बताया जा सके। भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया है भाजपा सरकार में देश खुशहाल हुआ है विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि भाजयुमो कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते हैं युवाओं के दम पर भाजपा लोकसभा और विधानसभा चुनाव में पुर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। युवा चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से जन जन तक मोदी सरकार की उपलब्धि पहुंचेगी। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नेता जितेन्द्र चंद्रवंशी भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी जिला मंत्री शिवम भारद्वाज मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मजदूरों से भरा पिकअप वैन 15 फिट गहरी खाई में गिरा

राजू सिंह

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सारो गांव से नलजल योजना में काम करने जारहे मजदूरो से भरा पिकअप वैन 15 फिट गहरी खायी में गिर गयी, जिसमें लगभग 17 मजदूर गंभीर रूप से धायल हो गये। जबकि एक मजदूर ओमप्रकाश वियार की ईलाज के दौरान मौत हो गयी। मजदूर की मौत के बाद अक्रोशित ग्रामीणों चालक की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग को लेकर घंटों सड़क जाम रखा। दुर्घटना में तीन मजदूर सुगिया देवी, ओमप्रकाश बीयर, दुबे वियार की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल भेजा गया था। जिसमें एक की मौत हो गयी। बाकी मजदूरों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल बंशीधर नगर भेजा गया। यह घटना गुरुवार की सुबह की है। घटना के अनुसार सारो गांव के मुड़ा अहरा से दर्जनों मजदूर पिकअप वैंन में सवार होकर रोजाना कि तरह नलजल योजना में मजदूरी करने जा रहे थे। इसी दौरान कुछ ही दूरी पर पिकअप वैंन सारो गांव के हनुमान मंदिर स्थित कोठिलवा आहर लगभग 15 फिट गहरी खायी में अनियंत्रित हो कर पलट गयी। अचानक जोरदार आवाज और मजदूरों की रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव में अफरा तफरी मच गयी। जिसके बाद घटना स्थल पर सैकड़ो ग्रामीण पहुच कर आहर में गिरी पिकअप वैंन में फंसे सभी घायल मजदूरों को बाहर निकाला। ग्रामीणों द्वारा तत्काल घायलों की इलाज के लिए 108 पर फोन कर एंबुलेंस बुलायी गयी।



घटना स्थल पर पहुची एंबुलेंस पर ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों मजदूरों को अस्पताल भेजा गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह दलबल के साथ धटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी लिया। उसके बाद पुलिस के द्वारा जेसीबी की मदद से खायी में गिरी पिकअप को निकाला गया। तथा पिकअप को जब्त कर थाना ले गयी। वहीं घायल सुगिया देवी को बेहतर इलाज के लिये रांची रेफर किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना में मृतक ओमप्रकाश बियार अपने घर का इकलौता चिराग था। बचपन में ही उनके पिता विचार बियार की मृत्यु हो गयी थी। इसके बाद अपनी मां चंपा कुंवर के साथ मजदूरी कर जीवन यापन कर रहे थे।

## तीन दर्जन गौ के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने द्वारा गुरुवार को तस्कर के लिए ले जा रहे तीन दर्जन गोवंशीय पशु के साथ एक तस्कर को पकड़ कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया। थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल ने बताया कि थाना के तीसर टैटूका गांव निवासी कलामुद्दीन अंसारी पिता मोइनुद्दीन अंसारी को झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत करीब तीन दर्जन गोवंशीय पशु के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विदित हो कि थाना क्षेत्र के गेरुआ गांव के पास से तस्करी के लिए पशुओं को ले जाने के क्रम में कलामुद्दीन अंसारी को पशुओं के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस द्वारा पूरी छानबीन करने के बाद कलामुद्दीन के खिलाफ भादवी और 12 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। श्री मंडल ने बताया कि थाना क्षेत्र में सभी प्रकार के अवैध कारोबार तथा अपराध को रोकने के लिए पुलिस सक्रिय है। पकड़े गये पशुओं को फिलहाल थाना परिसर में रखा गया है।

## भालू ने लगन कोरवा पर हमला कर उसे घायल किया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना क्षेत्र के सरुवत में एक भालू ने 40 वर्षीय लगन कोरवा पर हमला कर उसे नोच डाला। भालू के द्वारा लगन कोरवा के चेहरे को पूरी तरह से नोच दिया गया है, वहीं इस घटना में उसका एक हाथ टूट गया। बताया गया कि खून से लहूलुहान लगन कोरबा घायल अवस्था में जंगल में ही रात भर पड़ा रहा। सूचना के बाद गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने उसे भंडरिया के स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां से उसे भंडरिया अशोक केशरी, सुमन सिन्हा और मोजेस किसपोटा ने मिलकर चार हजार पांच सौ रुपये सहायता कर गढ़वा भेज दिया। भंडरिया घटना के संबंध में बताया जाता है कि घायल लगन कोरवा बुधवार को सारुवत से 5 किलोमीटर दूर छत्तीसगढ़ के सबाग बाजार गया हुआ था। बाजार से सामानों की खरीदारी कर लौटते समय रात होने के कारण सरुअत गांव के पास एक नाले के पास भालू ने उस पर अचानक हमला कर दिया। ग्रामीण बताते हैं कि इस क्षेत्र में भालू की ओर से हमला करने की घटना अक्सर होती रहती है। पिछले 4 से 5 सालों के बीच भालू ने करीब आधा दर्जन लोगों पर हमला कर घायल कर दिया है। इधर इस मामले में गढ़वा दक्षिणी वन क्षेत्र के डीएफओ शशि कुमार ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को मुआवजा मुहैया कराया जायेगा।

## दो बाइक की भिड़ंत में एक महिला समेत तीन घायल



सगमा (आजाद सिपाही)। बीरबल सगमा मुख्यपथ पर दो बाईक के बीच हुए आमने सामने भिड़ंत में एक महिला समेत तीन लोग हुए घायल। मिली जानकारी के अनुसार दिन के लगभग डेढ़ बजे बीरबल सगमा मुख्यपथ पर प्रमुख चौराहा के पास दोनों तरफ से आमने सामने भिड़ंत हो गया। दोनों बाईक पर सवार तीन लोग घायल हो गये। इसे देख इर्द गिर्द के लोगों के साथ सगमा प्रमुख अजय साह बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा पूर्व मुखिया इशहाक अंसारी घटना स्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को गांव में चल रहे निजी क्लिनिक में ईलाज के लिए ले गये। जहां तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, मगर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एंबुलेंस से सभी घायल तीनों को रेफरल अस्पताल श्री बंसीधर नगर भेज दिया गया है। लोगों का कहना है कि तीनों की स्थिति काफी गंभीर है, सभी घायल को हाथ पैर के साथ सर में गंभीर चोट लगा है। लोगों ने बताया कि भाई बहन दूसरे गांव के होने के कारण नाम का पता नहीं चल पाया है।

# सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देनेवाली याचिका पर सुनवाई 29 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में राज्य सरकार और सफल अभ्यर्थियों की ओर से पक्ष रखा गया। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि सरकार को अधिकार है कि वह नियमावली में परिवर्तन कर सकती है और रूल फ्रेम कर सकती है। जो भी नियुक्ति की गयी है, वह नियम संगत है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 29 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टुडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गयी हैं। झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमीशन की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार एवं राकेश रंजन ने पैरवी की। पुलिस मेंस एसोसिएशन की ओर से दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की।

याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनायी गयी नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नयी नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी।

# बाबू दिनेश सिंह विवि में वर्कशॉप कैंप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के सभागार कक्ष में जिला नियोजनालय गढ़वा द्वारा मोबिलाइजेशन वर्कशॉप कम रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें वनांचल कॉलेज आफ साइंस के प्राचार्य डॉक्टर मनीष दुबे, पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर पीडी तिवारी, दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता और जिला नियोजनालय गढ़वा से आए हुए यंग प्रोफेशनल श्री हिमांशु सिंह और साथ में तेजस पांडे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री हिमांशु सिंह ने मोबिलाइजेशन वर्कशॉप के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा छात्र-छात्राओं को पंजीयन करने हेतु प्रोत्साहित किया, तथा छात्र-छात्राओं के समस्या का समाधान भी किया। इस कार्यक्रम में पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉक्टर पी डी तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की। दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बेरोजगारी एक अभिशाप है और सरकार के द्वारा आयोजित यह कार्यशाला सभी छात्र-छात्राओं को रोजगार उन्मुख होने हेतु प्रोत्साहित किया। फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनीष दुबे ने इस पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। बाबू दिनेश सिंह विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह और कुलपति प्रो० (डॉ०) एमके सिंह और कुल सचिव डॉ लल्लन सिंह ने इस कार्यक्रम की सफल संचालन हेतु बधाई और शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों में अरविंद तिवारी, जनार्दन शुक्ला, आनंद कुमार चौबे, ओम प्रकाश, मनोज गुप्ता, अभिमन्यु शुक्ला, शशिकांत सिंह यादव, डॉक्टर आशुतोष मिश्रा, डॉक्टर एसके सिंह, डॉ ज्योति शंकर तिवारी, राहुल कुमार, रोहित गुप्ता, शशि भूषण तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों में सुधीर दुबे, बीएन सिंह, संतोष ठाकुर, अंकित, अनुज, चंदन आदि तथा दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन, फामेर्सी कॉलेज, पैरामेडिकल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉक्टर पीडी तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सुनीता गुप्ता के द्वारा किया गया।

# तीन साल से जमे कर्मियों को दो दिन में विरमित करें: सीइओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी जिलों के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि आगामी समय में कभी भी लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा हो सकती है। ऐसे में भारत निर्वाचन आयोग से मिले निर्देश के आलोक में यह देखें कि उनके जिलों में पिछले चार सालों में निर्वाचन कार्य से जुड़े कौन-कौन पदाधिकारी और कर्मचारी कितने दिनों से पदस्थापित हैं। जिनका तीन सालों का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उन्हें हर हाल में विरमित किया जाये।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक अब भी ऐसी सूचना है कि कई पदाधिकारी निर्वाचन कार्य से संबंधित तीन साल या इससे अधिक समय से किसी जिले में पदस्थापित हैं, जिनका ट्रांसफर हो चुका है, वे अभी भी पुरानी जगह पर ही जमे हैं। इससे निर्वाचन से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पुलिस सहित अन्य विभागों में जिनका ट्रांसफर हो चुका है या तीन साल की अवधि पूरी हो चुकी है, उनके मामले में अगले दो दिनों में कदम उठायें।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्रों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्रों ने जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त उपलब्धि पर बीईईओ विजय कुमार पांडे, बीपीओ रविंद्र मेहता ने छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान के लिए चयनित मॉडल को प्रस्तुत किया था। जिला चयन समिति ने सभी मॉडल की प्रस्तुति और संबंधित प्रश्नोत्तरी के बाद टीम ने भवनाथपुर को प्रथम, नगर उंटारी प्रखंड को द्वितीय, जबकि सगमा प्रखंड को तृतीय स्थान दिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्रों ने हृदय का मॉडल बनाकर सभी के दिलों को खुश कर दिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भवनाथपुर प्रखंड के आर्यन कुमार शर्मा और फैजान हुसैन को प्रषस्ति पत्र देकर समान्नित किया गया।

## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा

सूचना

सरकार के प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या 01स्था (वि0)–74/2023/2178 रांची, दिनांक 04.09.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में झारखण्ड बिल्डिंग बायलॉज 2016 को संकल्प संख्या 3428 दिनांक 10.10.2017 के द्वारा राज्य के पंचायती राज संस्थाओं के क्षेत्राधिकार के लिए अंगीकृत किया गया है। उक्त संकल्प के आलोक में 5000 वर्गफीट या उससे अधिक के RCC छत वाले पक्के मकानों को नक्सा की स्वीकृति की शक्ति संबंधित जिला परिषद को है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 SFT या उससे उपर बनने वाले सभी प्रकार के सरकारी, गैर सरकारी एवं निजि भवनों का Jharkhand Unified Building Bye-Laws 2016 के प्रावधानों के अनुसार जिला परिषद से नक्सा पारित कराना अनिवार्य है। बिना नक्सा पास कराये भवन निर्माण अवैध होंगे एवं उसमें प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई भी की जायेगी। जिला परिषद कोडरमा से नक्सा पारित करने हेतु जिला परिषद कोडरमा से निबंधित LTP (Licenced Technical Person) के माध्यम से Online आवेदन किया जा सकता है।

LTP के निबंधन हेतु कोई भी Architect, Engineer, Structural Engineer, Town Planner तथा Supervisor/Draftman अपना निबंधन Jharkhand Unified Building Bye-Laws 2016 के Annexure-1 के अनुसार जिला परिषद में Online कर सकतें है। Online आवेदन एवं विशेष जानकारी हेतु BPAMS Portal के वेबसाईट http:103.13.97.2 पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, कोडरमा।

PR.NO.320059 Panchayati Raj(23-24):D

# डालमिया सीमेंट के ब्रांड एंबेसडर बने रणवीर सिंह

- पोजिशनिंग के साथ होम बिल्डर्स पर किया फोकस
- तकनीकी सहायता टीम के जरिये होम बिल्डर्स तक तकनीकी उत्कृष्टता की विरासत का किया विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** घर के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी रूफ कॉलम फाउंडेशन (आरसीएफ) में सीमेंट के सही इस्तेमाल पर ग्राहकों का मार्गदर्शन और सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हुए डालमिया सीमेंट ने नयी पहल की है। डालमिया सीमेंट नये अभियान आरसीएफ स्ट्रांग तो घर स्ट्रांग के साथ अपने ब्रांड फोकस में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। नये ग्राहक-केंद्रित संदेश का उद्देश्य घर बनाने वालों और ठेकेदारों के बीच सही सीमेंट चुनने, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने और अपने सपनों का घर बनाने के लिए सबसे बेहतरीन निर्माण प्रणालियों का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है। डालमिया सीमेंट को 'आरसीएफ एक्सपर्ट' के तौर पर प्रस्तुत करने वाले इस अभियान में सुपरस्टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे। इसे एक व्यापक मल्टीमीडिया अप्रोच के जरिये लांच किया जायेगा, जिसमें सुपरस्टार रणवीर ब्रांड की तकनीकी जानकारी और अनूठी सेवा के संदेश को अधिक प्रभावी तरीके से फैलाने में सहयोग देंगे। कंपनी के एमडी और सीइओ पुनीत डालमिया ने कहा कि पिछले आठ दशक की हमारी शानदार यात्रा के दौरान डालमिया सीमेंट देश को उसकी बुनियाद से बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है। कंपनी ने देश में तमाम नेशनल लैंडमार्क बनाने और लाखों लोगों के लिए खुशहाल घर का सपना पूरा करने में अपना अहम योगदान दिया है। कहा कि सुपरस्टार रणवीर सिंह ने कंपनी के साथ अपने सहयोग के बारे में कहा कि हमारा उद्देश्य साथ मिलकर लोगों को शिक्षित करना है, ताकि वे पूरी समझदारी से फैसले कर सकें। सीइओ समीर नागपाल ने कहा कि हमारा मानना है कि ब्रांड को उपभोक्ताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए, ताकि वे सही जानकारी पर आधारित विकल्प चुन सकें।

## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या– 308/भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 17/02/2024

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा लोलो, थाना नं0 107, राजस्व थाना रामगढ़, अंचल रामगढ़, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा ललकी घाटी से छत्तरमाण्डू भाया लिचिंग चौक (लम्बाई 10.91 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.375** एकड़ यानि 0.15175 हेक्टेयर है। जो मौजा लोलो, थाना नं0 107, राजस्व थाना रामगढ़, अंचल रामगढ़, जिला रामगढ़ में है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 122 | 889 | रैयती | दोन–I | 0.07 | राजनाथ पिता ठाकुर महतो वगै0 | सड़क | नीज | 898, 879 | नीज |
| 2 | 76 | 890 | रैयती | टांड़–I | 0.05 | ललीत महतो वगै0 | सड़क | अंश | अंश 898 | 879 |
| 3 | 122 | 889 | रैयती | दोन–I | 0.05 | राजनाथ पिता ठाकुर महतो इत्यादि | सड़क | नीज | 902 | 890 |
| 4 | 150 | 906 | रैयती | टांड़–III | 0.01 | लाला बलु ललकु पिता जिवा महतो | सड़क | नीज | 907 | 902 |
| 5 | 80 | 907 | रैयती | टांड़–II | 0.0150 | फुलु पिता पुरन महतो वगै0 | सड़क | अंश | 908 | 406 |
| 6 | 123 | 908 | रैयती | टांड़–I | 0.02 | राजनाथ पिता ठाकुर महतो | सड़क | अंश | 913 | 907 |
| 7 | 114 | 913 | रैयती | दोन–II आवासीय | 0.03 | माघों पिता गिरधारी मुण्डा एवं हरदयाल पिता धनु मुण्डा | सड़क | अंश | 914 | 908 |
| 8 | 163 | 914 | रैयती | टांड़–III | 0.01 | सिताराम पिता अभूत महतो वगै0 | सड़क | नीज | 916 | 993 |
| 9 | 11 | 916 | रैयती | टांड़–III | 0.01 | कार्तिक पिता खेदु महतो | सड़क | नीज | 917 | 914 |
| 10 | - | 917 | रैयती | टांड़ | 0.01 | कार्तिक महतो | सड़क | नीज | 919 | 916 |
| 11 | 02 | 919 | रैयती | आवासीय दोन–I | 0.02 | अनुलाल विषेष्वर पिता खेमल महतो वगै0 | सड़क | नीज | 921 | 917 |
| 12 | 126 | 902 | रैयती | टांड़–III | 0.03 | रथो पिता रघु महतो सुरजा विरजनाथ पिता अघनु महतो वगै0 | सड़क | 906 | नीज | 898 |
| 13 | 33 | 921 | रैयती | आवासीय टांड–II | 0.0250 | घंमडी मिखु मिनु पिता लालदेव महतो वगै0 | सड़क | नीज | 922 | 919 |
| 14 | 33 | 922 | रैयती | टांड़–II | 0.0250 | घंमडी मिखु मिनु पिता लालदेव महतो वगै0 | सड़क | नीज | उसरा | अंश |
| कुल रकबा | | | | | 0.375 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है।

ह०/– कानूनगो, रामगढ़
ह०/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़
ह०/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़
ह०/– उपायुक्त, रामगढ़

PR 319965 Land Reforms(23-24).D

## झामुमो ने निकाला न्याय मार्च




**केंद्र सरकार आदिवासियों के साथ शोषण कर रही है : तिवारी उरांव**

**लोकसभा विधानसभा चुनाव मे भाजपा को सबक सिखाने कि जरूरत : परवेज अंसारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के जमगाई पंचायत में गुरुवार को झामुमो का न्याय मार्च निकाला । जिसका अगवाई भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने किया जिसमे मुख्य अथिति के रूप मे जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव मंसूर अंसारी शामिल हुए। इस मौके पर तिवारी उरांव ने कहा कि ईडी ने भाजपा व केंद्र सरकार के इशारे पर झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन पर साजिश के तहत कार्रवाई की है। इससे कार्यकताओं व जनता में आक्रोश है। अल्पसंख्यक जिला सचिव मंसूर अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के लोगों के दिल में बसे हैं। उन्होंने कहा जिस तरह से एक सीधे- साधे आंदोलनकारी के बेटे को साजिश के तहत सत्ता हासिल करने के लिए झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई, झारखंड की जनता समझ रही है। न्याय मार्च में वार्ड सदस्य प्रेम उरांव, जल सहिया लालो उराईन, विजय उरांव, प्रेमचंद उरांव, विनोद खाखा, अमित उरांव , चरवा उरांव, विनोद उरांव, महेंद्र उरांव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में आती है सुख - समृद्धि : बैद्यनाथ राम

रूपेश अग्रवाल

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** विधायक सह श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के मुख्य संरक्षक बैद्यनाथ राम ने कहा धार्मिक अनुष्ठानों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। विधायक ने गुरुवार को शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर नौ कन्या पूजन व भंडारा के शुभारंभ के मौके पर उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर न सिर्फ लातेहार वरन आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक है। उनका इस मंदिर से पुरानी आस्था है। वे जब भी अवसर मिलता है यहां आते हैं और माता का आशिर्वाद प्राप्त करते हैं।

लोग इस वार्षिकोत्सव को एक पर्व की तरह मनाते हैं और प्रति वर्ष इसका इंतजार करते हैं। मंदिर समिति के पदाधिकारी और सदस्य पूरे तनमन से इस कार्य में लगते हैं और एक महीने पहले से ही तैयारी करते हैं। पहले विधायक ने मंदिर परिसर में माता दुर्गा की पूजा अर्चना की। मौके पर वेदिक मंत्रोच्चारण पंडित त्रिभुवन पांडेय व राजेश्वर पाठक ने किया। इसके बाद विधायक और जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने नौ कन्या पूजन किया और उन्हें प्रसाद ग्रहण करा कर भंडारा का शुभारंभ किया। विधायक ने मंदिर परिसर में बैठ का माता का प्रसाद ग्रहण किया।



इस मौके पर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, अमरेश प्रसाद गुप्ता, विनोद कुमार साहु, सुरेंद्र कुमार शौंडिक, मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता उर्फ भोला समेत कई लोग मौजूद थे।

**10 हजार श्रद्धालुओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया :** मंदिर समिति के सचिव आशीष टैगोर तथा सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद्र प्रजापति ने बताया कि 31 वें वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित भंडारे में लातेहार समेंत आसपास के क्षेत्रों के तकरीबन 10 हजार लोगों ने मंदिर परिसर में बैठ कर माता का प्रसाद ग्रहण किया। अध्यक्ष श्री गुप्ता ने तन मन व धन से सहयोग करने के लिए आम लोगों के प्रति आभार प्रकट किया. कहा कि सामुहिक सहयोग से ही कोई भी बड़ा आयोजन सफल हो पाता है। इस आयोजन में लोग भंडारा सामाग्री से लेका वृहत पैमाने में आर्थिक सहयोग करते हैं।

## कार्यक्रम के दो घंटे बाद आमंत्रित करने पर जनप्रतिनिधियों ने जतायी नाराजगी

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के कन्या मध्य विद्यालय परिसर में गुरुवार को शिक्षा विभाग के द्वारा जिला स्तरीय हस्तकला प्रदर्शनी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के सरकारी विद्यालय के छात्र छात्राए अपने द्वारा बनायी गयी हस्तकला प्रदर्शनी लेकर शामिल हुए। वही कार्यक्रम के आयोजन को लेकर किसी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को विभाग के द्वारा आमंत्रित नहीं किया गया था। जिसका आभास बीइइओ नागेंद्र कुमार सिंह को उद्घाटन होने पर 12 बजे के बाद होने पर उनके द्वारा आनन फानन में चिठी तैयार कर के जिला परिषद प्रमुख, विधायक प्रतिनिधि, सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य जनप्रतिनिधियों को व्हाट्सएप के माध्यम से आमंत्रण भेजने के साथ फोन के माध्यम से कार्यक्रम के समापन में शामिल होकर पुरस्कार वितरण में शामिल होने का आमंत्रण दिया, पर एकाएक मिले आमंत्रण पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कोई जनप्रतिनिधि शामिल नहीं हुए। जिला परिषद सदस्य सन्तोषी शेखर ने कहा की कार्यक्रम की सूचना उद्घाटन के बाद मिली यह आश्चर्य है कि विभाग की ऐसी लापरवाही को क्या कहा जाये यह विभाग के अधिकारियों की मनमानी और कार्यशैली को स्पष्ट करता है जहां कार्यक्रम की सभी तैयारी कई दिनों से हो रही, वहीं जनप्रतिनिधियों और यहां तक स्थानीय पत्रकारों को आमंत्रित करने का मौका विभाग को नहीं मिला।

## थाना प्रभारी से मिले सदर आफताब आलम



**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा अरविंद सिंह को भंडरा का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। यहां पर नए थाना प्रभारी के रूप में अरविंद सिंह ने भंडरा थाना में अपना योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि भंडरा के नए थाना प्रभारी के रूप में अरविंद सिंह के योगदान देने के बाद समाजसेवी सह प्रखंड सदर आफताब आलम ने उनका सॉल देकर स्वागत किया। इस दौरान थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि भंडरा में कानून व्यवस्था पर नजर रखना उनकी प्रमुख जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं अधिकारियों के पुण्य सहयोग के साथ जनता के बीच में जाएंगे। उनकी समस्याओं से अवगत होकर कठिनाइयों को दूर करेंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उनके पास फरियाद लेकर आएगा तो उसकी सुनवाई होगी। मौके पर नायब सदर मुमताज अंसारी, नायब सेकेट्री मोबारक अंसारी, सलमान अंसारी, मुनव्वर अंसारी, ताज अंसारी , मुख्तार अंसारी , मकबूल अंसारी, फिरोज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# छापामारी में 28 हजार घनफीट बालू और टाटा टर्बो ट्रक जब्त

**बालू का अवैध भंडारण दंडनीय अपराधः डीएमओ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** बालू के अवैध भंडारण कर कारोबार करने की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस टीम ने कैरो थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर 22 फरवरी की रात्रि सघन छापामारी अभियान चलाया। कैरो थाना क्षेत्र के सड़ाबे, उतका गाँव समेत पांच ठिकानों में अवैध रूप से भंडारण किया गया लगभग 28 हजार घनफिट बालू एवं एक टाटा टर्बो मिनी ट्रक जेएच 01 इसी 6095 जप्त किया गया। बालू का अवैध भंडारण कर इसका कारोबार करने के आरोप में सड़ाबे गांव निवासी सतीश कुमार, सत्तार अंसारी, कमल साहू एवं अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कैरो थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार मामले पर खान एवं खनिज अधिनियम 1957 का उल्लंघन, झारखंड लघु खनिज समानुदान नियमावली का उल्लंघन एवं सरकारी संपत्ति चोरी करने का आरोप दर्ज प्राथमिकी में लगाया गया है। उपरोक्त नियमावली का उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद की अगुवाई में की गयी छापामारी में कैरो थाना क्षेत्र के सड़ाबे गांव में चार अलग-अलग स्थान से 26 हजार घनफिट बालू जप्त किया गया। जबकि, उतका गांव में अवैध भंडारित 2 हजार घनफिट बालू और एक टाटा टर्बो ट्रक को जप्त किया गया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, कैरो थाना क्षेत्र के उतका और सड़ाबे गांव में किसी व्यक्ति को बालू भंडार कर इसका व्यावसायिक उपयोग करने की अनुज्ञप्ति खनन कार्यालय से नहीं दिया गया है। बिना अनुज्ञप्ति के बालू का भंडारण करना अवैध और दंडनीय अपराध है। कहा कि, छापामारी के बाद बालू के भंडारण को जप्त कर अवैध कारोबार में लगे व्यक्तियों के विरुद्ध कैरो थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया है।




## पिकअप वैन की हुई चोरी, मामला दर्ज

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय निवासी व्यवसाई सतीश प्रसाद के घर के बाहर से बीते बुधवार रात्रि अज्ञात चोरों ने खड़े पिकअप वैन की चोरी कर चलते बने। सतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वे किराये पर बालूमाथ निवासी मुनिया देवी, पति दशरथ यादव से पिकअप गाड़ी जेएच 13 एच 2207 चलाने के लिया एक सप्ताह पूर्व लाया था। हर दिन की तरह बुधवार रात्रि घर के सामने खड़ा किया था। जो बुधवार रात्रि लगभग 11 बजे तक गाडी को देखा गया। गुरुवार अहले सुबह लगभग पांच बजे उठा तो देखा कि गाड़ी नहीं है। काफी खोजबीन करने के पश्चात भी वाहन का कोई पता नहीं चला तब जाकर वाहन ऑनर को सूचना दे कर अपने घर बुलाया। इसके पश्चात गाडी चोरी होने की लिखित आवेदन गाडी मालिक मुनिया देवी पति दशरथ यादव के द्वारा स्थानीय थाना को दे कर गाड़ी बरामद करने की गुहार लगायी।

# मालगाड़ी के गार्ड वैन का चक्का हुआ बेपटरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह बरकाकाना रेलखंड के छिपादोहर स्टेशन के समीप गुरुवार सुबह पोल संख्या 248/3 के समीप गुड्स ट्रैन का गार्ड वैन बेपटरी हो गयी। जिससे दो से ढाई घंटा तक रेल यातायात प्रभावित हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह राय रेलवे स्टेशन से रेल चालक यूपी नायक कोयला लदी मालगाड़ी लेकर अप रेलवे लाइन से खुलकर सिंगनल नहीं होने के कारण सुबह छिपादोहर रेलवे स्टेशन में खड़ी हो गयी। इसी बीच सिंगनल मिलने के बाद सुबह 3:30 करीब मालगाड़ी खुलने के दौरान मालगाड़ी गाड़ी आगे पीछे होने के क्रम गार्ड ब्रेकभान का चार पहिया में बेपटरी हो गयी। समय रहते मालगाड़ी के गार्ड अशोक कुमार राय व चालक की तत्परता से ट्रेन को आगे नहीं चलाया गया। जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गयी। घटना की सूचना तत्काल बरवाडीह स्टेशन एवं संबंधित अधिकारियों को दी गयी। जिसके बाद बरवाडीह से दुर्घटना राहत ट्रेन रेल अधिकारियों व रेल कर्मियों के साथ घटनास्थल पहुंचकर बेपटरी गार्ड वेन को दुरुस्त किया गया। घटना की सूचना पर सहायक मंडल रेल प्रबंधक (बरका) अमित कुमार, रेल अधिकारी संजीव कुमार, मनीष सौरभ समेत कई अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे।



## निवर्तमान थाना प्रभारी को दी गयी विदाई



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह, एसआई दिनेश मेहता, सोनू चौधरी, राधा रागिनी, जोशफिना हेम्ब्रम को विदाई देने और थाना में पदस्थापित नए प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो का स्वागत करने के लिए गुरुवार को कूडू थाना परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। हालांकि एक केस अनुसंधान में व्यस्त होने के कारण नए थाना प्रभारी कार्यक्रयम में उपस्थित नही हो सके। विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता एएसआइ संजय कुमार सिंह और संचालन राजू राम ने किया। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व अन्य बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित लोगो और पुलिस कर्मियों ने निवर्तमान थाना प्रभारी को शाल, माला, बुके एवं उपहार देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते निवर्तमान थाना प्रभारी बिश्वजीत कुमार सिंह ने भावुक मन से कहा कि हम सरकारी सेवकों का आना-जाना लगा रहता है। लेकिन अपने कार्यकाल में यहां की आम जनता, समाजसेवी, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों का जो सहयोग मिला उसी के बदौलत मैं क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रख सका। मौके पर एसआइ सामिल उरांव, एएसआइ लवकुश सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, सुरेश उरांव, सेनसइ अमित सिंह, सतोष साहू, गुड्डू खान, अवधेश उरांव, हलीम अंसारी, प्रकाश सिंह, संजय चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# स्वीप कोषांग की बैठक में डीसी ने दिये निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों व गैर सरकारी संस्थानों से आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित मतदाता जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार के लिए चर्चा गयी। डाक विभाग, बैंक व आपूर्ति विभाग, गैस एजेंसी, द्वारा अपने-अपने ग्राहकों तक फ्लैक्स, बैनर, सेल्फी प्वाइंट, स्टीकर व स्टाम्प के जरिये मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाये जाने का सुझाव दिया गया।

उपायुक्त द्वारा नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग को आवश्यक डिजाईन उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता हेतु सभी कार्यालयों में सेल्फी प्वाइंट अधिष्ठापित करने और हस्ताक्षर अभियान चलाये जाने की चर्चा की गयी।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पक्षमी क्षेत्र सलगी पंचायत के धौरा असना पानी गांव निवासी जोहन टोपनो के 25 वर्षीय पुत्र सुनील टोपनो ने घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार की सुबह सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कुडू थाना के नवपदस्थापित थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, एसआइ सुकु सोरेन दल बल के साथ पहुंचे और जरूरी पूछताछ एवं कागजी कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर भेज दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि सुनील कुछ दिनों से किसी बात को लेकर खोया खोया रहता था। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मानसिक अवसाद में युवक ने इस तरह का कदम उठाया होगा। हालांकि आत्महत्या के स्पष्ट कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पायेगा।

# भरठुआ बंदूक के साथ लकड़ी तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र मे रेंजर अजय टोप्पो को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार शाम वन विभाग को मिली बड़ी सफलता मिली है। जंहा भरठुआ बंदूक, 4 पीस बिया का बोटा और बोटा को ढोने मे प्रयुक्त 4 साइकिल के साथ एक लकड़ी तस्कर को किया गिरफ्तार। इस संबंध में रेंजर अजय टोप्पो ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि लात पश्चिमी भाग 1 के बिया पानी नामक स्थान के पास तस्कर लकड़ी की तस्करी कर रहे है। साइकिल के माध्यम से तस्कर बिया का सिल्ली लेकर जा रहा था। इसी बीच पहले से वन विभाग के टीम घात लगाये हुए थे। वन विभाग के टीम को देखते ही सभी भागने लगे। जिसके बाद अजय सिंह पिता मुनेश्वर सिंह को धर दबोचा वही अन्य छवि सिंह पिता कलतु सिंह विजय सिंह पिता गंगा सिंह, मोहन सिंह, निन्ह सिंह दोनों पिता बिहारी सिंह, गुलामन सिंह पिता बिफन सिंह सभी टोला चट्टी खांड केड निवासी भाग निकले। वही इस छापामारी अभियान में प्रभारी वनपाल मुकेश उरांव, रजनीश कु सिंह, वनरक्षी समीर कश्यप, ट्रैकर बिहारी यादव और बीरू सिंह शामिल रहे।



## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग और 158 बटालियन सीआरपीएफ की सहभागिता से बटालियन मुख्यालय में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सदर अस्पताल लोहरदगा से डॉ. अलिप कुमार मिश्रा (जिला विबीडी स्पेश्लिस्ट), आलोक कुमार, मनीश कुमार, शिवानी गुप्ता पिरामल फाउंडेशन, अनेन्द्र कुमार के द्वारा 158 बटालियन के सभी अधिकारियों एवं जवानों एवं उनके परिजनों को फाइलेरिया के रोकथाम हेतु एल्बेंडाजोल और डीईसी की गोलियां वितरित की गयी। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर डॉ. अलिप कुमार मिश्रा द्वारा जवानों को फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों के काटने से होने वाली फाइलेरिया (हाथी के पांव) बीमारी के संक्रमण व इसके उन्मूलन हेतु उपाय भी बताये गये ।

## योग्य छात्राओं का नामांकन प्राथमिकता पर होगा : जयनाथ महतो



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा में विद्यालय स्तरीय नमांकन समिति की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयनाथ महतो की अध्यक्षता में गुरूवार को संपन्न हुआ। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने समिति के सदस्यों से कहा की विद्यालय में कक्षा 6 में नया नमांकन पाने को लेकर 494 आवेदन विद्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसे कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 75 आवेदन को चयन कर स्वीकृति देना है। इस लिए एक एक बच्चियों के आवेदन का आलोकन किया जाये और योग्य बच्चियों का प्राथमिकता के अनुसार नमांकन लिया जायेगा। जिसे नामांकन के लिए प्राप्त आवेदन का अवलोकन करें। वही समिति के सदस्यो द्वारा प्राप्त आवेदन को अवलोकन के उपरांत विद्यालय प्रबंध समिति को सूची बनाने का निर्देश दिया गया। जिसे की पुन बैठक कर सूची को अंतिम रूप दे योग्य छात्रओं का नामांकन लिया जायेगा।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखायी प्रतिभा

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लाल बहादुर शास्त्री प्लस टू विद्यालय के सभागार में गुरुवार को प्रखंड के मध्य व उच्च विद्यालय स्तर के विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान मेला में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडलों को प्रस्तुत किया। छात्रों ने पवन ऊर्जा से विद्युत ऊर्जा बनाने की तकनीक को प्रदर्शित किया। इस दौरान छात्रों ने प्रदूषण, हाईड्रोफोनिक्स, मछली पालन के साथ-साथ विद्युत उत्पादन, खेती में कीटनाशकों का उपयोग जरूरी नहीं तथा कुछ छात्राओं ने खरीफ और रबी फसलों के सहित प्रदर्शन को प्रस्तुत किया, जिसे सभी लोगों ने सराहा। दी। लोगों ने इन प्रस्तुतियों की काफी सराहना की। इस विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं को दो कैटेगरी में बांटा गया था पहले कैटेगरी में छठी सातवीं कक्षा दूसरी से कैटेगरी नवी के छात्रों के प्रदर्शन को रखा गया था ।

# अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान को सफल बनायें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत 'अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान' के सफल क्रियान्वयन के लिए ग्राम सभा/ एफआरसी के प्रक्रियात्मक सहयोग हेतु पंचायत स्तर पर चयनित वीर बंधुओं को मोबाइल एप्लीकेशन के संचालन के लिए सदर प्रखण्ड, सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अबुआ वीर दिशोम अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2006 में अधिनियमित एफआरए वन में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों और अन्य पारंपरिक वनवासियों के वन संसाधनों के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है। जिन पर ये समुदाय आजीविका, निवास तथा अन्य सामाजिक- सांस्कृतिक जरूरतों सहित विभिन्न आवश्यकताओं के लिये निर्भर थे। वनों पर निर्भर आदिवासियों एवं अन्य लोगों को वनाधिकार पट्टा देने के लिए अबुआ वीर दिशोम अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/ पुनर्गठन किया गया है। अबुआ वीर दिशोम अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन एवं वेबसाइट भी तैयार की गयी है। जिससे आदिवासी और वनों पर निर्भर रहने वाले लोगों को व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन वनाधिकार पट्टा मुहैया कराया जा सके। इस दौरान आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# भाजपा की लाभार्थी कार्यशाला आयोजित

संतोष सिन्हा

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ मंडल स्थित होटल लोटस में चतरा लोकसभा स्तरीय लाभार्थी कार्यशाला जिला अध्यक्ष श्री पंकज सिंह जी के अध्यक्षता एवं जिला संगठन प्रभारी श्री मुकेश निरंजन सिन्हा जी के मार्गदर्शन में की गयी। जहां मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा प्रभारी सह राज्य सभा सांसद आदरणीय श्री आदित्य साहू जी उपस्थित रहे। मंच पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह, चतरा लोकसभा के सह प्रभारी सीमा पासवान, लोकसभा लाभार्थी संयोजक सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, चतरा लोकसभा संयोजन राजधानी प्रसाद यादव, चतरा लोकसभा सह संयोजक अशोक शर्मा चतरा जिला संगठन प्रभारी विनय जयसवाल, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, लातेहार विधानसभा पूर्व विधायक प्रकाश राम, चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, प्रदेश महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री नीलम देवी, जिला महामंत्री बंशी यादव मंचस्थ रहे।

# नाबालिग स्कूली छात्रा अगवा, प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** प्रखंड के इचा गांव के एक 14 वर्षीय नाबालिक स्कूली छात्रा का अपहरण का मामला सामने आया है। इस संबंध में अपहृत नाबालिक बच्ची की मां ने घाघरा थाना में लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि गांव के ही दो नाबालिक युवकों के द्वारा उसके नाबालिक पुत्री का अपहरण किया गया है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि एक नाबालिक युवक साइकिल से उस बच्ची को गांव से बैठा कर घूमने के बहाने दूसरे गांव गम्हरिया तक पहुंचा दिया। जहां से दूसरा युवक पहले से इंतजार कर रहा था। उसके द्वारा नाबालिक बच्ची को अपने साथ ले जाया गया। जिसके बाद से अब तक नाबालिक का कोई भी पता नहीं चला है, गांव के स्तर से पंचायत लगाकर काफी इस पूरे मामले को लेकर के खोजबीन की गयी। लेकिन जब बच्ची बरामद नहीं हुई तो थाना में इसकी शिकायत की गई है। लिखित शिकायत के बाद घाघरा थाना प्रभारी तरुण कुमार के द्वारा दोनों ही युवक को थाना में लाकर पूछताछ किया जा रहा है।

**थानेदार ने कहा :** इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अपहरण का मामला नहीं है, दोनों ही युवक से बातचीत किया गया, तो यह पता चला कि लोहरदगा में कहीं पर वह बच्ची अपने खुद मर्जी से गई है। जिसे बरामद करने के लिए हम लोग अभी जा रहे हैं। इसके बाद आगे की बात बता पायेंगे।

### मिशन बदलाव ने समस्याओं के समाधान के लिए की खुली बैठक

# जनता दरबार में आये आवेदनों को गंभीरता से लें : भूषण भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के द्वारा सिसई प्रखण्ड के रेड़वा पंचायत के बैरटोली में गांव की समस्याओं के समाधान के लिए गांव में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मिशन बदलाव के संयोजक भूषण भगत, कामडारा प्रखंड अध्यक्ष मारवाड़ी विरहोर, कामडारा सलाहकार जेम्स होरो, ग्राम सदस्य की मौजूदगी में ग्रामीणों एवं महिलाओं ने गांव की समस्याओं पर चर्चा की और बताया कि गांव में बहुत समस्या है। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण को अपने विधायक और सासंद को ये



सवाल को जरूर पूछना चाहिए कि आपके समस्याओं और गांव की समस्याओं के समाधान के लिये क्या क्या पहल किया गया है। जिसमें की ग्रामीणों सड़कों की नालियां, अबुवा आवास योजनाओं की अनियमितता और आवागमन के लिए लिये सड़कों का आभाव और राशनकार्ड बनवाने में ग्रामीणों को परेशानी और विद्युत पोल पर लाइटें लगवाने आदि मुद्दों पर समाधान के लिये पहल किया करने का अपील किया गया है,मारवाड़ी विरहोर ने कहा कि विधायक और संसद आश्वासन देकर जनता को ठगने का कार्य करते है इससे सचेत होने की जरूरत है। जेम्स होरो और राजू टोप्पो ने सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा है कि छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान के लिये प्रसाशन एवं पदाधिकारी तक गांव में ही गांव से सम्बंधित समस्याओं को सुनने व उनका समाधान करने के लिए गांव में खुली बैठक का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं के समाधान के लिये पहल किया जाना चाहिए एवं जनता दरबार मे मिले आवेदनों को गंभीरता से समाधान के लिये पहल किया जाना चाहिए।

# कांग्रेस महिला मोर्चा ने लगाया न्याय शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस महिला मोर्चा की ओर से कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के समक्ष न्याय शिविर लगाया गया। जिसमें न्याय की आस लिए पहुंची महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं रखी। उन समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया गया। मोर्चा की जिलाध्यक्ष अमृता भगत ने बताया कि न्याय यात्रा न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगा। शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर यह कैंप लगाया गया है। जिसमें 30 से अधिक महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखी है। जिला प्रभारी नीलम सहाय ने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए इस शिविर लगा है। निश्चित इससे महिलाएं सशक्त होगी और उनमें न्याय की उम्मीद जगेगी। मौके पर प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी, महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा, रोहित उरांव, अरूण गुप्ता, अमर प्रदीप कुजूर, जय सिंह, शांति उरांव समेत अन्य लोग शामिल थे।

### अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी

# भाकपा सदस्य ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला कमेटी सदस्य सह झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनिट के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने जिले भर में अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी रोकने की मांग को लेकर गुमला उपायुक्त को ज्ञापन दिया है। श्री उरांव ने गुमला डीसी को दिए गए ज्ञापन में कहा है कि आवास योजना की सूची में लगभग 40% आर्थिक रूप से संपन्न लोगों का नाम शामिल है जिसे सत्यापन कर ही आवास योजना का लाभ देने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि गरीबों व जरूरतमंदों को आवास योजना का लाभ मिलना चाहिए। उपायुक्त के अनुपस्थिति में उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन रिसीव कराई गई है। विभिन्न जगहों से मिल रही जन शिकायत के बाद पार्टी ने जिला प्रशासन को इस मामले से अवगत कराया है। विदित हो कि अबुआ आवास योजना की सूची में सक्षम लोगों को शामिल किया गया है, वहीं गरीब परिवार खास कर जिनका घर छोटा है उन लोगों का नाम सूची से गायब है। इसका मतलब साफ है कि पैसा देकर आर्थिक रूप से मजबूत लोग अबुआ आवास योजना का लाभ लेना चाहते हैं। श्री उरांव ने यह भी कहा है कि कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में 28 फरवरी 2024 को गुमला में होनेवाली चेतावनी कार्यक्रम में इस मामले को प्रमुखता से उठायी जायेगी।

## गृह रक्षक गार्ड की बाइक चोरी





**गुमला (आजाद सिपाही)।** कुम्हरिया करौंदा निवासी सुलेंद्र नाग ने गुमला थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वो वर्तमान में गृह रक्षक आवास गार्ड में कार्यरत है। बीते 14 फरवरी को वो अपना ड्यूटी पूरा करके अपने घर चला गया। जिसके बाद उसने अपनी बाइक का हैंडल लॉक करके बारंमा में रख दिया। सुबह उठ कर देखा, तो वहां से बाइक गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर उसने गुमला थाना पहुंच कर बाइक चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी।

# आकाश बने लोकसभा चुनाव के कुरडेग प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आकाश सिंह को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कमेटी ने आकाश सिंह को कुरडेग प्रखंड का प्रभारी नियुक्त किया है। आकाश सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा मिली जिम्मेवारी को वे पूरी ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की प्रत्यासी कुरडेग प्रखंड से लीड करेगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से एवं आम लोगों से सहयोग की अपील की है। इधर आकाश सिंह को कुरडेग प्रभारी नियुक्त किये जाने पर विधायक भूषण बाड़ा, जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, जिप सदस्य जोसिमा खाखा



सहित कई कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in

# मुख्यमंत्री सर्व जन वृद्धा पेंशन योजना के शिविर की अंतिम तिथि 23 फरवरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के सभी पंचायतों अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजित किया गया। जिसमें 50 वर्ष की आयु पूरा कर चुकी सभी वर्ग की महिलाएं तथा 50 वर्ष की आयु पूरा कर चुके एसटी/ एससी वर्ग के बड़ी संख्या में पुरुषों ने आवेदन किया गया। पिछले 2 दिनों से लगाए गए शिविरों में अब तक 11 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। एवं लगातार तीन दिनों से लगाए गए शिविरों में सैंकड़ों की संख्या में लाभुकों की भीड़ देखने को मिली। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा भी ललन कुमार रजक ने भी विभिन्न पंचायतों में लगे शिविरों का औचक निरीक्षण करते हुए वहां हो रहे कार्यों की पुष्टि भी की। जिला सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ने कहा कि योग्य लाभुक सर्वजन पेंशन योजना का लाभ जरूर लें।सरकार के निर्देश पर सभी पंचायत भवनों में यह विशेष शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 20 फरवरी से 22 फरवरी तक लगाए जाने वाले शिविर की अंतिम तिथि को विस्तारित करते हुए 23 फरवरी तक कर दी गयी है।अतः कल शुक्रवार को भी जिले के सभी प्रखंडों अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद भी छूटे हुए योग्य लाभुक संबंधित पंचायत भवन में आवेदन जमा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना गरीब एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के हित में है।

# अबुआ आवास चयन में गड़बड़ी को लेकर ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** प्रखंड के हहरी गांव के ग्रामीणों ने अबुआ आवास चयन में गड़बड़ी होने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को घाघरा बीडीओ के कार्यालय कक्ष पहुंच लिखित आवेदन सौपा है। दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने बताया की की हहरी गांव में लगभग 500 लोगो की आबादी है। वर्ष 2011 में एसएससी डाटा में 8 लोगो का पूरा पंचायत में नाम आया था। इसके साथ ही वर्ष 2017 के आम सभा में आवास प्लस में 265 लोगों का पुरे पंचायत में नाम गया था। जिसमें 55 लोगो का योजना स्वीकृत हुआ था। लेकिन इन दोनों कार्यकाल में हहरी गांव में एक भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ। वही पुनः अबुवा आवास सूची में हहरी गाँव का जियो टैग की सूची में एक भी लोगों का नाम नहीं आया। जबकि ऑनलाइन और ग्राम सभा की पूरी प्रक्रिया की गयी थी। कई ग्रामीणों ने बताया कि वह अत्यंत गरीब परिवार के हैं। और उन्हें अबुआ आवास की बहुत ही जरूरत है लेकिन विभाग द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार से दूरभाष पर पक्ष पूछे जाने पर कहां की आवेदन ग्रामीणों द्वारा दिया गया है। जांच कराई जाएगी जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। आवेदन देने वाले लोगों में वीरेंद्र भगत, तिवारी उरांव, बिन्दयावती देवी, बुधनी उरांव, राजमुनी उरांव, शुशीला देवी सहित कई ग्रामीणों शामिल थे।

## राजधानी की खबरें

# मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव बने आसिफ एकराम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी, निदेशक संस्कृति पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद विभाग आसिफ एकराम को अपने कार्यों के साथ अगले आदेश तक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रांची का आप्त सचिव के पद में सरकारी कोटा के तहत अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं पदस्थापन की प्रतीक्षा में लेखराज नाग को अगले आदेश तक अवर सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय झारखंड रांची के पद पर पद स्थापित किया गया है। बेबी देवी के आप्त सचिव के पद पर विनय प्रकाश तिग्गा नियुक्त किये गये हैं। साथ ही उनकी सेवा मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्यवय विभाग को सौंप दी गयी है। इधर, झारखंड विधानसभा सचिवालय के अनुरोध पर झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विवेक कुमार मेहता कार्यपालक दंडाधिकारी देवघर को 3 नवंबर के प्रभाव से झारखंड विधानसभा सचिवालय रांची में सेवा सौंपी गयी है। विवेक कुमार विधानसभा अध्यक्ष के विशेष कार्य पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किये गये हैं। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### अडानी ग्रुप लगायेगा सीमेंट प्लांट

# गोड्डा में खुलेंगे रोजगार के द्वार, निशिकांत ने बताया संथाल के लिए मील का पत्थर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोड्डा में अडानी ग्रुप ने सीमेंट प्लांट लगाने का फैसला किया है। 4 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वाले इस प्लांट को लगाने की घोषणा उसने गुरुवार को की है। इस पर 1000 करोड़ की लागत आयेगी। फ्लाइ ऐश के जरिये प्लांट में सीमेंट तैयार किया जायेगा। प्लांट से लगभग 2500 लोगों को रोजगार भी मिलेगा। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने अडानी कंपनी के इस



फैसले पर खुशी जतायी है। साथ ही इसे मील का पत्थर बताया।

**सीमेंट प्लांट की खूबी :** गोड्डा में मोतिया गांव में सीमेंट प्लांट लगाया जायेगा। यह अडानी पावर लिमिटेड के पास बनेगा। पावर प्लांट से निकलने वाले फ्लाइएश से सीमेंट तैयार किया जायेगा। अंबुजा सीमेंट्स का पहले से ही झारखंड में 6 मिलियन टन प्रतिवर्ष की संयुक्त क्षमता के साथ दो सीमेंट प्लांट संचालित है।

# खरवार भोगता समाज ने सम्मेलन कर सरकार का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** खरवार भोगता विकास संघ द्वारा सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आभार रैली का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुमला जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी शामिल हुई। इस मौके पर छोटानागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष मंगल सिंह भोगता ने कहा गया कि 2022 से पहले भोगता समाज अनसूचित जाती के अंतर्गत आता था लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार और क्षेत्रीय सांसद अर्जुन मुंडा के पहल पर 8 अप्रैल 2022 को अनुसूचित जनजाति का श्रेणी मिला और हमारा हक अधिकार की प्राप्ति हुई जिसको देखते हुए आभार रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि समाज में शिक्षा के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी भागीदारी सुनिश्चित हो जिसे ध्यान में रखते हुए सामाजिक संगठन को मजबूती के लिए कार्यक्रम किया गया है। मंगल ने कहा कि समाज को विधानसभा चुनाव में भी पार्टी की ओर से भागीदारी मिलनी चाहिए खरवार भोक्ता समाज राज्य में काम से कम तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बना चुकी है। कार्यक्रम विभिन्न राज्य के साथ ही झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### प्रतिदिन साफ होगा 370 लाख लीटर पानी

# केंद्र सरकार कर रही विकास, राज्य सरकार भी सहयोग करे : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची शहर के नालों में बहने वाले गंदे पानी से बहुत जल्द शहरवासियों को मुक्ति मिलेगी। भारत सरकार के सहयोग से 302 करोड़ रुपये की लागत से बड़गाईं के लैंप में अत्याधुनिक सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। इसके माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के 53 वार्डों का पानी साफ और स्वच्छ होकर जुमार नदी में जायेगा। इस प्लांट में प्रतिदिन 370 लाख लीटर पानी का ट्रीटमेंट किया जायेगा। सांसद संजय सेठ ने



गुरुवार को परियोजना का अवलोकन और निरीक्षण किया। अधिकारियों से जानकारी ली। इस पर अविलंब युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। सांसद ने बताया कि इस प्लांट के आरंभ होने से प्रदूषण और बीमारी से शहर को मुक्ति मिलेगी। शहर के नाले स्वच्छ होंगे। इस प्लांट का निर्माण कार्य भारत सरकार के सहयोग से 2015 में आरंभ किया गया था। पांच एक-ड़ जमीन में तैयार हो रहा यह प्लांट आने वाले 30 साल की योजना को लेकर तैयार किया जा रहा है। यहां गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर उसे स्वच्छ बनाया जायेगा। इसके अलावा जो ठोस पदार्थ रहेंगे, उसे भी क्यूब में बदल कर खाद बनाने की प्रक्रिया पर काम चल रहा है। वर्तमान समय में रांची शहर के 9 वार्ड में पाइपलाइन का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष वार्ड में पाइप लाइन का कार्य करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। सांसद श्री सेठ ने बताया कि मोदी सरकार कई ऐसी परियोजनाओं पर काम कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे। कहा कि इस मामले में राज्य सरकार को भी थोड़ी सक्रियता दिखानी चाहिए। अविलंब इस प्लांट को बिजली कनेक्शन मुहैया कराना चाहिए।

## एनटीपीसी ने जिला प्रशासन को 27 चापाकल व 50 डीपबोर के लिए सौंपा एक करोड़ का चेक

# पलामू जिले में लगाये जायेंगे 100 डीप बोर व 77 चापाकलः उपायुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनटीपीसी ने पलामू जिले में 27 चापाकल और 50 डीपबोर के अधिष्ठापन के लिए पहली किस्त के रूप में एक करोड़ रुपये का चेक डीसी शशि रंजन को सौंपा। एनटीपीसी ने सीएसआर के तहत गुरुवार को डीसी कार्यालय कक्ष में यह चेक सौंपा गया। कुछ कार्य पूर्ण हो जाने के बाद दूसरी किस्त के रूप में और 50 लाख रुपये का चेक सौंपा जाएगा। इस अवसर पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, एनटीपीसी के जीएम पंकज ध्यानी, डीजीएम एसके सेनापति समेत जिला प्रशासन से शुभम एवं विक्की मौजूद रहे। गौरतलब हो कि इसके पूर्व जिला प्रशासन को सीसीएल द्वारा 50 चापाकल व 50 डीपबोर के निर्माण के लिए 4 किस्त के माध्यम से कुल दो करोड़ 31 लाख रुपये का एमओयू किया गया है।


एक करोड़ रुपये का चेक ग्रहण करते डीसी शशि रंजन।

### पेयजल की समस्याओं से लोगों को मिलेगा निजात

वहीं, चेक लेते हुए डीसी ने एनटीपीसी व सीसीएल के प्रतिनिधियों को साधुवाद दिया। कहा कि इस सीएसआर मद से जिले में कुल 77 चापाकल व 100 डीप बोर का अधिष्ठापन कराया जाएगा जिससे पेयजल से जुड़ी कई समस्याओं से निजात मिल पाएगी। यह कार्य भविष्य में पलामू के लिये मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि डीपबोर से जिले के कृषि कार्यों में बढ़ोतरी होगी व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। वहीं चापाकल के अधिष्ठापन से पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इस संबंध में जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार ने कहा कि डीसी इस कार्य के लिए लगातार प्रयासरत थे। आज जाकर सफल मिली है।

# विकास कार्यों से कोई समझौता नहीं करेंगेः डॉ एसबीपी मेहता

## पांकी विधायक ने एक दिन में किया पांच योजनाओं का शिलान्यास

**संवेदक को इमारदारी से गुणवत्तापूर्वक कार्य करने की दी हिदायत, ग्रामीणों से निगरानी करने की अपील की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


विकास योजनाओं का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ एसीबी मेहता।

**पांकी/पलामू।** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को पांच योजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें सतबरवा के लोहड़ी बस्ती में सड़क निर्माण कार्य, तरहसी के चिड़ीखुर्द में उपस्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास, पांकी प्रखंड के केल्हवा में उपस्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य का शिलान्यास, पांकी प्रखंड के सूड़ी में चेक डेम निर्माण कार्य शिलान्यास और प्रखंड के डंडार कला में सड़क निर्माण का शिलान्यास शामिल है।

इस दौरान विधायक डॉ मेहता ने कहा कि जनता की भावनाओं के अनुरूप रफ्तार से विकास हो रही है। विधायक ने सख्त तेवर में संवेदक को गुणवत्तापूर्ण और स्थानीय लोगो के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पांकी विधानसभा में विकास की लंबी लकीर खींची जा रही है। गांव की सड़कें मुख्य सड़क से जोड़ी जा रही है और विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर प्रो वचन ठाकुर, कामेश यादव, केल्हवा मुखिया वसारत हुसैन, मनोज सिन्हा, उदयपुरा 2 मुखिया सुजीत भुइयां, मुकेश गुप्ता, सुधीर तिवारी, कार्तिक सिंह, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, सुधीर तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, रोशन सिंह और मुकेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## राकेश सिंह ने दिया विश्रामपुर थाना में योगदान, स्थानीय लोगों के साथ बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर थाना में बतौर थाना प्रभारी के रूप में राकेश सिंह ने गुरुवार को योगदान दिया। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान और संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। नव नियुक्त थाना प्रभारी राकेश सिंह ने शांति व्यवस्था कायम रखने में लोगों से सहयोग करने की अपील की। कहा कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र में अमन चैन स्थापित रखन पहला उद्देश्य है। जिसमें सबका सहयोग अपेक्षित है। धन्यवाद ज्ञापन गांधी विचार मंच के संस्थापक अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय ने किया। बैठक में विधायक के प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, सलीमुदीन अंसारी, मनीष कुमार, शमशेर आलम, पेंटर जिलानी, मुनि तिवारी, विजय चौधरी, अवधेश केशरी, महेंद्र चौधरी और सुरेंद्र मेहता आदि मौजूद थे।

## भाजपा के दिवंगत नेता ललन सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल हुए सांसद व विधायक, दी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा के दिवंगत नेता ललन कुमार सिंह के श्राद्धकर्म में गुरुवार कई सांसद, विधायक व राजनीतिक दल के लोग शामिल हुए और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देते हुए पलामू सांसद बीड़ी राम ने कहा कि ललन बाबू ने सादगी पूर्ण जीवन व्यतीत किया। वे दलगत भावना से उपर उठ कर सभी लोगों के लिए काम करते रहे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से क्षेत्र को बड़ी क्षति हुई है। इस मौके पर औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह, डाल्टनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, भवनाथपुर विधायक भानुप्रताप साही, चंदौली विधायक सुशील सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पांकी पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह, लातेहार पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पूर्व सांसद घूरन राम व बृजमोहन राम, भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, नरेंद्र पांडे, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, बीडीओ रोशन कुमार आदि उपस्थित हुए।

## झारोटेफ ने नये सदस्यों को किया सम्मानित



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** एनएमओपीएस/झारोटेफ जिला इकाई पलामू एवं हरिहरगंज प्रखंड शिष्य मंडल ने गुरुवार को अपने नए सदस्य प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार बेदिया और पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीडीओ अरविंद कुमार बेदिया ने कहा कि सम्मान से संगठन ने यह साबित किया है कि वह सदस्यों के साथ उनकी कठिनाइयों और योजनाओं में एकजुट हैं। वहीं थाना प्रभारी चंदन कुमार ने कहा कि झारोटेफ के नए सदस्यों को सम्मानित करने का उपाय उनके प्रति आदरभावना को दर्शाता है और संगठन के उच्च स्तरों की प्रतिबद्धता को बढ़ाता है। इस मौके पर संगठन के संरक्षक डॉ अजय प्रसाद राय, जिला उपाध्यक्ष डॉ राजकुमार, जिला सयुंक्त सचिव राजेश कुमार, प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार, कोषाध्यक्ष संजीत कुमार, महिला उपाध्यक्ष अंजली कुमारी, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रवक्ता डॉ ओरेंदर यादव, उपाध्यक्ष एव नाजीर ब्रजेश कुमार, अंचल प्रभारी प्रधान सहायक प्रभाकर राम, प्रणव कुमार, रणवीर सिन्हा, नागदेव यादव, अबु शाद, करूणानिधि, कपिल कुलश्रेष्ठ और योगेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत ने शहर में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**


अतिक्रमण हटाते कार्यपालक पदाधिकारी व नपं कर्मी।

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत की ओर से गुरुवार को प्रशिक्षु आइएएस सह एसडीओ आशीष गंगवार के निर्देश पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी बिपुल सन्नी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी व नपं कर्मियों ने पुलिस बल के साथ शहर के रेलवे क्रॉसिंग से जेपी चौक होते हुए अनुमंडल गेट तक अतिक्रमण करने वाले कई दुकानदारों व सड़क पर यत्र-तत्र वाहन लगाने वाले करीब 25 लोगों से 10 हजार रुपये बतौर जुर्माना भी वसूला गया। इस अवसर पर कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि शहर के मुख्य बाजार समेत कई अन्य चौक पर जिन दुकानदारों व सब्जी विक्रेताओं ने अतिक्रमण किया है वह यथाशीघ्र अतिक्रमण हटा लें अन्यथा जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि शहर में क्रमवध तरीकें अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह, नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा, नगर पंचायत के नाजिर रविकांत पटेल, पर्वेक्षक रवि यादव, संजीत कुमार, अवधेश कुमार समेत पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

# हुसैनाबाद में झामुमो ने निकाली न्याय यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को केंद्रीय सदस्य वशिष्ट कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह के नेतृत्व में पदयात्रा व न्याय मार्च निकाला। पदयात्रा झामुमो कार्यालय से शुरू होकर अंबेडकर चौक होते हुए जेपी चौक पर पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। न्याय मार्च के दौरान सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण अपने हाथों में पार्टी का झंडा लेकर नारा लगा रहे थे। जेल का ताला टूटेगा हेमन्त सोरेन छुटेगा, केंद्र सरकार होश में आओ, ईडी व सीबीआई की मनमानी नहीं चलेगी। झामुमो के केंद्रीय सदस्य बबलू सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी होने के नाते भाजपा ने झूठे आरोप में फंसा कर आदिवासियों के मसीहा हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया है। इसे राज्य की जनता कभी माफ नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सभी अपने आदिवासी नेता हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। अगर शीघ्र ही उन्हें नहीं छोड़ा गया, तो हम सभी उग्र अंदोलन करेंगे। मौके पर रामप्रवेश सिंह, शशिभूषण सिंह, बिजय पासवान, बीरबल परहिया, बिजय पासवान, पिंटू गुप्ता, जगदीश राम, आजम खान, जाकिर हुसैन, रामजी पासवान, सुरेंद्र चौधरी, अभिमन्यु सिंह, राजेश कुमार सिंह, बिंध्याचल सिंह, अजित तिवारी, लालती देवी, मीना देवी, बबिता देवी, सुकनी देवी आदि थे।

## आइपीएल-2024 के 21 मैचों का शेड्यूल जारी

# 22 मार्च को सीएसके-आरसीबी के बीच होगा ओपनिंग मुकाबला

**मुंबई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग-2024 के 21 मैचों का शेड्यूल गुरुवार को जारी कर दिया गया। लोकसभा चुनाव के कारण इस सीजन का पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। दूसरे फेज का शेड्यूल लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद जारी होगा। इस सीजन का पहला मुकाबला 22 मार्च को डिफेंडिंग चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (एसरीबी) के बीच चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले फेज में 22 मार्च से 7 अप्रैल तक का शेड्यूल जारी घोषित हुआ है। इस दौरान 17 दिन में 21 मैच खेले जाएंगे, इनमें 4 डबल हेडर (एक दिन में दो मुकाबले) शामिल होंगे।

| तारीख | टीम-1 | टीम-2 | स्थान |
|---|---|---|---|
| 22 मार्च | सीएसके | आरसीबी | चेन्नई |
| 22 मार्च | पीबीकेएस | डीसी बनाम | कोलकाता |
| | केकेआर | एसआरएच | मोहाली |
| 24 मार्च | आरआर | एलएसजी | जयपुर |
| | जीटी | मुंबई इंडियन | अहमदाबाद |
| 25 मार्च | आरसीबी | पीबीकेएस | बेंगलुरू |
| 26 मार्च | सीएसके | जीटी | चेन्नई |
| 27 मार्च | एसआरएच | मुंबई इंडियन | हैदराबाद |
| 28 मार्च | आरआर | डीसी | जयपुर |
| 29 मार्च | आरसीबी | केकेआर | बेंगलुरू |
| 30 मार्च | एलएसजी | पीबीकेएस | लखनऊ |
| 31 मार्च | गुजरात टाइटन | एसआरएच | अहमदाबाद |
| | डीसी | सीएसके | विशाखापट्टनम |
| 01 अप्रैल | मुंबई इंडियन | आरआर | मुंबई |
| 02 अप्रैल | आरसीबी | एलएसजी | बेंगलुरू |
| 03 अप्रैल | डीसी | केकेआर | विशाखापट्टनम |
| 04 अप्रैल | जीटी | पीबीकेएस | अहमदाबाद |
| 05 अप्रैल | एसआरएच | सीएसके | हैदराबाद |
| 06 अप्रैल | आरआर | आरसीबी | जयपुर |
| 07 अप्रैल | मुंबई इंडियन | डीसी | मुंबई |
| | एलएसजी | जीटी | लखनऊ |

### सीएसके नौवीं बार खेलेगी आइपीएल का ओपनिंग मैच

सीएके की टीम नौवीं बार आइपीएल के किसी सीजन का पहला मुकाबला खेलेगी। इससे पहले टीम 8 दफा ऐसा कर चुकी है। टीम ने अब तक 10 फाइनल खेले हैं, इनमें 5 खिताब जीते हैं।

## विश्रामपुर सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बना सहारा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान गोल्डन कार्ड गरीबों का सहारा बन चुका है। इसके तहत मरीजों को जांच, इलाज, दावा और भोजन सब मुफ्त मिल रहा है। चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने बताया कि आयुष्मान कार्ड धारकों को हर सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। अभी इस योजना से लगभग 25 मरीजों का इलाज चल रहा है। गुरुवार को इस योजना के लाभार्थी मरीजों से चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इसके अलावा सभी वार्डों का जायजा भी लिया। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर डॉ मनोज थामस, डॉ धीरज कुमार, बीपीएम पंकज पाण्डेय, अविनाश कुमार, फिरोज अंसारी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## थाना प्रभारी ने तीन अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कुलहिया पंचायत क्षेत्र में गुरुवार को पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब भट्ठी निर्माण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुलहिया के जंगलों में चल रहे तीन अवैध शराब भट्ठी पर छापामारी कर धवस्त किया। उन्होंने बताया कि छापामारी के दौरान कई क्विंटल जावा महुआ के साथ प्लास्टिक ड्राम को नष्ट किया गया। जबकि 25 से 30 लीटर निर्मित महुआ शराब बहा दिया गया। बताया कि भट्ठी संचालक जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। हालांकि ग्रामीणों से भट्ठी संचालकों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इस अभियान में सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह और मनोज दास के साथ पुलिस बल शामिल थे।

## वोट मेरा अधिकार के तहत ग्राम संगठन में मेहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को ग्राम संगठन सतबरवा में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने वोट मेरा अधिकार नारे के साथ मेहंदी बनाओ कार्यक्रम का आयोजन किया। सभी महिलाओं ने अपने-अपने हाथों पर मेहंदी से बढाए कदम दिखाएं वोट का दम 2024 लिखकर सभी मतदाताओं को जागरूक किया। साथ ही संदेश दिया कि वोट मेरा अधिकार है चुनाव के समय मतदान केन्द्रों पर जाकर अपने मत का प्रयोग जरूर करें, और ईमानदार नेता चुनें। मौके पर प्रीति गुप्ता, संगीता देवी, रीता देवी, सविता देवी, गीत देवी, रूपा देवी, आशा देवी, किरण देवी, रेखा देवी, सरिता देवी और उर्मिला देवी आदि उपस्थित थीं।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ**
**(सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय)**
दूरभाष : 06553-296306(0), Email ID: ramgarhdpro@gmail.com

**कलादलों के जिला स्तरीय चयन एवं ग्रेडिंग हेतु**
**::–अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–::**

सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, रामगढ़ द्वारा "गीत नाट्य" के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पारंम्परिक लोक कला के माध्यम से ग्रामीणों तक सरल व स्थानीय भाषा/बोलियों में गीत–नाट्य एवं अन्य पारंपरिक माध्यमों के जरिए प्रचार–प्रसार हेतु रामगढ़ जिला अन्तर्गत स्थानीय कलादलों/कलाकारों को चयनित कर ग्रेडिंग करने हेतु इच्छुक सांस्कृतिक दलों से दिनांक 30/07/2022 के अपराह्न 04:00 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जिला जनसम्पर्क कार्यालय, रामगढ़ में स्वयं अथवा नामित प्रतिनिधि/निबंधित पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते है।

प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के उपरान्त जिलास्तर पर गठित चयन समिति के द्वारा कला–दलों का चयन कर उनकी ग्रेडिंग की जाएगी। प्रदर्शन की गुणवत्ता के अनुरूप कलादल को A,B,C ग्रेडिंग में वर्गीकृत किया जायेगा। ग्रेडिंग हेतु स्क्रीनिंग की तिथि निर्धारण कर कलादलों को बाद में सूचित की जाएगी।

कलादलों के चयन हेतु नियम एवं शर्तेः–

1. चयन के द्वारा की गई ग्रेडिंग अगले दो वर्षों तक के लिए मान्य रहेगी। आवश्यकतानुसार इस अवधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।
2. कला–दलों का चयन एवं ग्रेडिंग, कस्ट्यूम्स, मेक–अप वाद्य–वृन्द की कुशलता सहित वाछित, संदेश को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से आमजनों तक पहुँचाने की कुशलता के आधार पर की जाएगी।
3. प्रत्येक कलादल में न्यूनतम 08 (आठ) सदस्य होना अनिर्वाय है, जिसमें 04 (चार) महिला सदस्य होंगी। अपवाद स्वरूप ऐसे नृत्य कला कार्यक्रम जिसमें पारंपरिक रूप से केवल पुरूष या महिला सदस्य ही कला दल के सदस्य होते है, वैसे कलादलों के चयन में 08 सदस्यीय कलादल केवल महिला एवं केवल पुरूष से गठित हो सकते है।
4. दलों के चयन एवं ग्रेडिंग को मात्र झारखण्ड सरकार एवं कला–दलों के मध्य मात्र व्यवसायिक कार्य संबंध समझा जाएगा एवं यह किसी भी प्रकार से नियोजन के किसी भी प्रावधान को आकृष्ट नहीं करेगा।
5. चयन प्रक्रिया में स्थानीय कलादलों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. निबंधित–संस्था का निबंधन प्रमाण–पत्र का स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. सभी कलादलों को आवदेन पत्र के साथ Annexure-A,B,C प्रपत्र सहित संबंधित दस्तावेजों का संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. निबंधित कला दल को सरकार की ओर से कार्यक्रम करना है अतएव राज्य की गरिमा को ध्यान में रखते हुए कार्यानुशासन को हर हाल मे बनाए रखना कला–दलों की जिम्मेवारी होगी।
9. कार्यक्रम की असंतोषजनक प्रस्तुति अथवा दल के सदस्यों के द्वारा राज्य की गरिमा के विरूद्ध किए गए आचरण की शिकायत के उपरांत भुगतेय राशि में से कटौती एवं दल को काली सूची में डाले जाने के उपरांत उनका निबंधन रद्द किया जा सकेगा।
10. सांस्कृतिक कलादलों को प्रति कार्यक्रम के दर पर भुगतान किया जायेगा।
11. प्रति पंचायत में न्युनतम 2 घंटो का कार्यक्रम किया जाना अनिर्वाय होगा।
12. निम्नानुसार प्रति कार्यक्रम ग्रेड के अनुरूप पारिश्रमिक निर्धारित किया जाता हैः–

(1) A गेड कलादल – 7700 प्रति कार्यक्रम
(2) B गेड कलादल – 6600 प्रति कार्यक्रम
(3) C गेड कलादल – 6050 प्रति कार्यक्रम
(**Note:-** उपरोक्त मानदेय में यात्रा भत्ता एवं अन्य सभी व्यय शामिल है।)

13. चयन एवं ग्रेडिंग का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि किसी चयनित कला दल से कार्य कराये जाने के लिए जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी बाध्य है। बिना कारण बताए किसी दल से कार्य नहीं कराए जाने एवं उन्हे पैनल से हटाए जाने हेतु अधिकार जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा।

आवेदन का विहित प्रपत्र एवं पूर्ण जानकारी जिला जनसम्पर्क कार्यालय, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट www.ramgarh.nic.in/ पर उपलब्ध है।

ह०/–
जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, रामगढ़

PR 320037 District(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
11

## खुलासा : उप डाकघर में घोटाले की राशि बढ़ कर 9.38 करोड़ पहुंची

# 90 खाते फ्रीज, मुख्य आरोपी निलंबित

मुख्य आरोपित सुमीत सौरव पर लगाया जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



वरीय डाक अधीक्षक उत्तम सिंह।

### की गयी है सीबीआइ से जांच कराने की अनुशंसा : उत्तम सिंह

**धनबाद।** प्रधान डाकघर अंतर्गत गोविंदपुर के निजी शिक्षण संस्थान अवस्थित उप डाकघर में सरकारी राशि की हुई हेराफेरी बढ़ती जा रही है। शुरूआत में 1.80 करोड़ रुपए की हेराफेरी की बात सामने आई थी। पर अब तक की जांच में घोटाले की राशि बढ़कर 9 करोड़ 38 लाख रुपये तक पहुंच गई है। गुरुवार को वरीय डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी सुमित सौरभ को निलंबित कर दिया गया है। विभाग ने इस संदर्भ में कार्रवाई करते हुए अभी तक 90 खातों को फ्रीज कर दिया है। जांच अभी जारी है। घोटाले की राशि और बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि पहले हुई जांच में 20 लाख रुपए की रिकवरी भी हुई थी। विभाग के उच्च अधिकारियों से हरी झंडी मिलने के बाद ही इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाएगी। हमने सीबीआइ से जांच के लिए अनुशंसा कर दी है। उन्होंने यह भी बताया कि मुख्य आरोपी सुमीत सौरव जांच टीम के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# कार्य में कोताही बरतने पर रोजगार सेवकों का मानदेय रोकने का निर्देश

## चार दिनों में कार्य में प्रगति नहीं पाये जाने पर कार्रवाई की चेतावनी

बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, समय पर काम पूरा करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बलियापुर।** धनबाद डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर गुरुवार को बलियापुर प्रखंड कार्यालय कक्ष में बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा की अगुवाई में मनरेगा के अंतर्गत बिरसा सिंचाई कूप योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत नापेड/वर्मी कम्पोस्ट योजना की समीक्षा की गई। इस दौरान आमझर, आमटाल, बलियापुर पूर्वी, दूधिया और प्रधानखंटा पंचायत में पिछले एक सप्ताह से उक्त सभी योजनाओं की प्रगति नगण्य दिखी। जबकि प्रतिदिन सभी रोजगार सेवकों को निदेश दिया जा रहा है कि जल्द से जल्द सभी बिरसा सिंचाई कूप योजना और नापेड/वर्णी कम्पोस्ट योजना को चालू कर पूर्ण करें। पर इन पंचायतों के रोजगार सेवकों द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। इसलिए इन पंचायतों के रोजगार सेवकों का मानदेय स्थगित करते हुए यह निर्देश दिया गया कि अगले चार दिनों में प्रगति नहीं पाए जाने पर इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीसी को अनुशंसा की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य सभी पंचायतों के रोजगार सेवकों को कड़ी चेतावनी दी गई है कि जल्द से जल्द सभी योजनाओं को चालू करते हुए पूर्ण करें। समीक्षा बैठक में बीपीओ विशाल कुमार और पूजा वर्मा भी उपस्थित थे।

### आरडीपीएस में पूर्णाहूति के साथ शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ संपन्न

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** रुक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में नवनिर्मित शिव मंदिर में रुक्मिणी देवी एडुकेशनल एण्ड कल्चरल सोसायटी फुसरो के बैनर तले आयोजित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गुरुवार को शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा, विवाह, पुर्णाहूति के साथ संपन्न हुआ। बिहार से आए पंडित सर्वण पांडेय, श्यामसुदर पांडेय, राजीव पांडेय, बनारस से आए पंडित रोहित पांडेय, वृंदावन के पंडित सचिन पांडेय, देवघर के पंडित शुभम पांडेय ने मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान उचितनंद भारती व पत्नी रीना देवी से पूजन कराकर संपन्न कराया।

# सरकारी शराब दुकानों पर बेची जा रही है प्रिंट रेट से अधिक कीमतों पर शराब

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** सरकारी शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक कीमतों पर शराब बिक्री का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर अक्सर तनाव की स्थिति बनी रहती है। आए दिन ग्राहकों और दुकानदारों के बीच बहस एवं मारपीट की स्थिति बनी रहती है। शहर के बीचों बीच स्थित बदडीहा, सहबादी मार्केट, गांधी चौक, जिला परिषद ऑफिस के सामने, बस स्टैंड आदि सरकारी शराब दुकानों पर इस तरह की घटना होती रहती है। बतातें चलें कि जिले में कुल 100 शराब की सरकारी दुकान हैं। हालांकि उत्पादन आयुक्त महेंद्र सिंह का कहना है कि प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर शराब बेचे जाने की घटना पर अंकुश लगाने के लिए हमारी टीम लगातार कार्य कर रही है। सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हैं और करते रहेंगे। वहीं, जय माता दी कंपनी जिसे सरकारी शराब दुकानों का संचालन का कार्य दिया गया है के राहुल कुमार का कहना है कि शराब पीने के बाद ग्राहकों द्वारा इस तरह की घटना कभी कभार ही देखने को मिलती है। जिन दुकानों पर इस तरह की घटना सामने आ रही है, उन्हें चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। उत्पाद विभाग और हमारी टीम साथ मिलकर लगातार नकली शराब बनाने एवं बेचने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। कई फैक्ट्रियां जो नकली शराब बनाती हैं, उन्हें पकड़ा जा रहा है। हम लोग लागातार इस पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

### स्वामी सहजानंद राष्ट्रीय धरोहर : उमाकांत रजक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चंदनकियारी के भेलवा टांड में गुरुवार को किसान आंदोलन के अग्रदूत, स्वतंत्रता सेनानी, संपूर्ण भारत के किसानों एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत महान संन्यासी स्वामी सहजानंद सरस्वती जी की जंयती मनाई गई। पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर स्वामी जी को नमन किया। कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती राष्ट्रीय धरोहर हैं। ऐसे महामानव पृथिवी में बार-बार नहीं आते। सभी को उन्हें संजोए रखना है। उन्होंने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती जी का आशीर्वाद चंदनकियारी के लोग को प्राप्त है। मौके पर सीता राम माहथा, मनोज माहथा, अंबुज बनर्जी, दिनेश कुमार माहथा, गणेश माहथा, विजय माहथा, हीरालाल माहथा आदि मौजूद थे।

### अंबे माइनिंग आउटसोर्सिंग में अवैध उत्खनन के दौरान तीन लोग घायल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद के एसएसपी को अंधेरे में रखकर आउट सोर्सिंग कंपनियों के साथ साठगांठ कर अवैध धंधेबाद प्रतिदिन सैकड़ों टन कोयला ट्रकों के माध्यम से बोकारो के रास्ते बंगाल व अन्यत्र भेजने में सफल हो रहे है। ताजा मामला रामकनालीओपी क्षेत्र स्थित कुमहार पट्टी (बिट्टू बाबू के बंगला) के समीप बीसीसीएल एरिया चार अंतर्गत चल रहे मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी परियोजना में देखने को मिला। जहां दिनदहाड़े सैकड़ों मजदूरों द्वारा अवैध उत्खनन करने के दौरान गुरुवार सुबह चाल धसने से तीन मजदुर गंभीर रूप से घायल हो गए। धंधेबाजों ने आनन फानन में तीनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर देख धनबाद के एनएमसीएच और दूसरे को निचितपुर में भर्ती कराया गया। जबकि तीसरे की हालत ठीक बताई जा रही है। इसकी सूचना पाकर स्थानीय पुलिस सहित सीआइएसएफ के जवान मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक अंबे माइनिंग परियोजना में इन दिनों बीसीसीएल का अधिकार कम और कुख्यात कोल माफियाओं का अधिक है। धंधेबाजों द्वारा बेरोकटोक प्रतिदिन सैकड़ो टन कोयला उत्खनन करा कर बंगाल के रास्ते कोयला मंडियों में भेजी जाती है।

### वीर बंधुओं को दिया वन अधिकार अधिनियम का प्रशिक्षण




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** वन अधिकार अधिनियम 2006 पर गुरुवार को न्यू टाउन हॉल में वीर बंधुओं के लिए जिला कल्याण शाखा की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक सुरक्षा सह प्रभारी कल्याण शाखा के निदेशक नियाज अहमद ने बताया कि 2006 में वीर बंधुओं का चयन किया गया था। ग्राम सभा को सशक्त करने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि वन अधिकार अधिनियम 2006 में ग्राम सभा का क्या अधिकार है, लाभार्थी को कैसे आवेदन करना है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर वे अपने गांव में लोगों को सहायता प्रदान करेंगे। जिससे व्यक्तिगत वन पट्टा, सामुदायिक वन पट्टा, वन संसाधन अधिकार इत्यादि के लिए सही आवेदन समर्पित कर सकेंगे। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, सीएससो प्रतिनिधि चंदन कुमार, कल्याण शाखा के शैलेंद्र कुमार वैद्य, संजय कुमार, अनुज कुमार, शालिनी सिन्हा, आदित्य रंजन, मोहन रजक, खोगन मुर्मू के अलावा बाघमारा, तोपचांची, टुंडी, पूर्वी टुंडी से बड़ी संख्या में वीर बंधु उपस्थित थे।

# टुंडी की राजमाता का निधन, क्षेत्र में शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**टुंडी।** राजपरिवार की राजमाता विद्यावती देवी (76) का गुरुवार तड़के निधन हो गया। यह खबर जंगल में लगी आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। इसके बाद सभी जनप्रतिनिधी और ग्रामीण दौड़-दौड़े उनके आवास पहुंच गए। सर्वप्रथम भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा, जनहित मोर्चा के माना पाठक अपने सभी समर्थकों के साथ टुंडी स्थित राजागढ़ पहुंचे और शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाया। मौके पर राजनीतिक सलाहकार मुरारी सिंह, अशोक पाठक, अवधेश सिंह, नित्यानंद पांडेय, पार्वती चरण, अरूण रवानी, राजीव रंजन पाण्डेय, योगेश भगत, मनोज पाण्डेय आदि मौजूद थे।

### नव निर्मित क्वालिटी पार्क का उद्घाटन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** आरएमएचपी विभाग के रॉ मटेरियल स्टोरेज एरिया (आरएमएस -01) क्षेत्र में सीडइ विभाग की ओर से नवीनीकृत मानव संसाधन हॉल और संयंत्र के आतंरिक संसाधनों का उपयोग कर नव निर्मित क्वालिटी पार्क और एक वाटर फाउंटेन का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (सीडइ), मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) और विभाग व संयंत्र के वरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कार-बाइक की टक्कर में एक की मौत



**टुंडी (आजाद सिपाही)।** गोविंदपुर-गिरिडीह मुख्य मार्ग के टुंडी दुबराजपुर में गुरुवार अहले सुबह तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान वीरालाल मुर्मू (42) के रूप में हुई है। वह टुंडी का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक वीरालाल किसी काम से टुंडी बाजार से दुबराजपुर मंझिलाडीह की ओर बाइक से जा रहे थे, तभी गोविंदपुर की तरफ से तेजगति से आ रही कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार वीरालाल की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। समाचार लिखे जाने तक घटना से आक्रोशित लोगों ने गोविंदपुर-गिरिडीह मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। पता चला है कि मृतक टुंडी वन विभाग में चालक के पद पर कार्यरत था। इसलिए वन विभाग से पांच लाख रुपए मुआवजा एवं एक व्यक्ति को नियोजन की मांग की जा रही है। वहीं, सूचना पाकर टुंडी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए और ग्रामीणों को समझा बुझा कर सड़क जाम हटाने का प्रयास किया। मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि कनक गुप्ता, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लोलिन बास्की, फूलचंद किस्कू, मैनेजर हेंब्रम, टुंडी मुखिया प्रतिनिधि नंदकिशोर रविदास जेबीबीकेएस के रविकांत मंडल उपस्थित थे।

### दुर्गा मां और शनि देव मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पूजा



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** गौशाला मोड अटल चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्रीश्री मारुति नंदन महायज्ञ के तहत दुर्गा माता एवं शनि देव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गुरुवार को पूजा अर्चना की गई। मारवाड़ी समाज की ओर से कोरोना काल में गरीबों की सेवा, गरीब कन्याओं की शादी, मंदिर का निर्माण, गरीब छात्र-छात्राओं की सहायता, गर्मी में राहगीरों के लिए पानशाला, कुएं का निर्माण, धर्मशाला का निर्माण, ठंड में पुराने वस्त्र- कंबल वितरण समाज की ओर से किया जाता है।

### घर का ताला तोड़कर छह लाख नकद चोरी, मामला दर्ज



**धनसार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बरमसिया के कृष्णा नगर स्थित विकास कुमार महतो के घर में बुधवार की रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर छह लाख रुपये नगद चोरी कर ली। इस संबंध में विकास की पत्नी आशा देवी ने धनसार थाना में ज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस इस मामले के उद्भेदन में जुट गई है। पुलिस मुहल्ले में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। वहीं, पीड़िता ने बताया कि 15 दिसंबर 2023 को ही पूरा परिवार नए घर में शिफ्ट हुआ था। बुधवार को पति अपने दुकान में थे। शाम को आठ वर्षीय पुत्र को धनबाद स्टेशन छोड़ने चले गए। स्टेशन छोड़ने के बाद लौटने में थोड़ी देर हो गई। रात करीब आठ बजे घर वापस आई तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। जब आलमारी देखा तो उसमें रखे छह लाख रुपये नकद गायब थे। इसके बाद धनसार पुलिस को सूचना दी। भुक्तभोगी विकास धनबाद के रांगाटाड़ में गिफ्ट की दुकान है। वहीं, मामला दर्ज होने के बाद पुलिस डॉक स्क्वाईं की मदद से जांच करने की तैयारी में जुट गई है।

## नयी दिल्ली डीएवी कॉलेज के कोषाध्यक्ष का सिंदरी डीएवी दौरा

# अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी: एके अदलखा

आजाद सिपाही संवाददाता



नृत्य प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

**सिंदरी।** नई दिल्ली डीएवी कॉलेज के कोषाध्यक्ष ब्रिगेडियर एके अदलखा ने गुरुवार को धनबाद-सिंदरी डीएवी पब्लिक स्कूल का भ्रमण किया। वे विद्यालय के वार्षिक बजट एवं अन्य गतिविधियों के अनुपालन एवं कार्यान्वयन के संदर्भ में पहुंचे थे। उसके साथ अमीता अदलखा भी थीं, जिन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से मिली। वार्षिक बजट की समीक्षा बैठक के बाद विद्यालय के नव निर्मित खेल मैदान में बालिकाओं के लिए निमार्णाधीन ग्रीन रूम का अवलोकन किया। इस स्थल पर चिर स्मृति के लिए युगल दंपत्ति ने वृक्षारोपण किया। इसके बाद जूनियर संकाय का निरीक्षण एवं बाल सभा के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बच्चों ने कई तरह की प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। वहीं, विद्यालय में बने हुए राष्ट्र प्रथम स्थल का दर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि यह स्थान विद्यालय के बच्चों एवं आसपास के लोगो के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। यहां के बच्चों में असीम संभावना है। यहां के बच्चें अनुशासित एवं संयमित है। अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी है। विद्यालय के खेल मैदान को देखकर कहा कि आज अध्ययन के साथ शारीरिक विकास की आवश्यकता है। विद्यालय इन सभी आवश्यकताओं पर सही उतरने का प्रयास कर रहा है, जो दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत है। बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि डीएवी सिंदरी विकास के सतत प्रयास पर अग्रसर है। आने वाले समय में यहां असीम संभावना है। यह पहला अवसर है कि अमर शहीदो को याद कर लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA.**
**e-Procurement Tender Notice**

**2nd Call**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/F2-08/2023-24** **Date :- 22-02-2024**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- Construction of Series of Checkdam on Gulda Nala Block- Simdega | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Paper (Rs.) |
| | | 2,15,04,051.12 | 4,30,100.00 | 10,000.00 |
| 2. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) | | |
| 3. | Date of Publication of Tender on website | 28-02-2024 (2:00PM.) | | |
| 4. | Last date/Time for submission of Bids (online) | 13-03-2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 5. | Last date for Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (http://jharkhandtenders.gov.in ) 13-03-2024 (up to 5:00 PM.) | | |
| 6. | Date of opening of e-tender | 15-03-2024 ( 02.00 PM) | | |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. | | |
| 8(a) | Contact no. of Procurement officer | 7004377291 | | |
| (b) | E-mail of e-procurement Officer | midivsimdg@gmail.com | | |
| 9. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 | | |

**Note :-(1) Only e-Tenders will be accepted.**
**(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.**
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
M.I.Division,Simdega.

PR 319974 Minor Irrigation(23-24)D

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**SOIL INVESTIGATION DIVISION, ADVANCE PLANNING,**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,RANCHI**
**NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002**

**e-Procurement (Very Short Tender Notice)**
**Letter of Invitation (LOI) No.-27/2023-24 2nd Call**
**e-Tender Ref No:–RCD/SID/AP/RAN/27/2023-24** **Date:-21.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Feasibility cum Detailed Project Report for the Repairing and Strengthening Rehabilitation of Bridge/High Level Bridge Over Damodar River in Bhurkunda to Giddi Road under Ramgarh Distict in the State of Jharkhand. (Tentative Length 250.m) *Empanelled consultant with RCD under category-II vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to Bid. |
| 2 | Tentative Length | 250.m |
| 3 | Period of Completion of Work | 60 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Rs 5,000/- (Five Thousand) only. Non refundable Fee.Tender fee will be recived through online mode only. The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 35,000 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.- 4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Perothen Deposit be received in online mode only through e-procurement (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating sistim Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 23.02.2024,10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Bid Submission | 29.02.2024 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 29.02.2024 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 01.03.2024 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Soil Investigation Division,Advance Planning,RCD, Ranchi Mob-9905660677. |
| 13 | P.R.NO.- | 317464 Road (2023-24) |

Note:-Only e-Tender shall be accepted.

**Sd./-**
**(Ravi Shankar Pravakar)**
**Executive Engineer,**
**Soil Investigation Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department,Ranchi.**

**PR 319925 Road(23-24).D**

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
12

## बारबाटी स्टेडियम का नवीकरण किया जायेगा



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कटक बारबाटी स्टेडियम नये स्वरूप में नजर आयेगा। 600 करोड़ रुपये की लागत से बारबाटी स्टेडियम को नया रूप मिलेगा। ओसीए संपादक के सूचना मुताबिक, पूरे स्टेडियम का पुनर्निर्माण किया जायेगा। बारबाटी विश्व स्तरीय बारबाटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स होगा। जहां जिम, स्पा, टेबल टेनिस, स्विमिंग पूल, फाइव स्टार होटल जैसा रेस्टोरेंट, इंटरनेशनल स्टेडियम जैसी आधुनिक सुविधाएं होंगी। फिलहाल स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 42 हजार है लेकिन इसे बढ़ाकर 60 हजार किया जायेगा। बारबाटी स्टेडियम केवल क्रिकेट के लिए आरक्षित रहेगा, जबकि अन्य खेलों के लिए अन्यत्र व्यवस्था की जायेगी। बारबाटी स्टेडियम 1952 में बनाया गया था। स्टेडियम के नवीनीकरण का काम बीसीसीआई, ओसीए और ओडिशा सरकार के संयुक्त प्रयास से किया गया है। राज्य सरकार जमीन को दोबारा लीज पर देगी। 3 साल में बारबाटी नये रूप में दिखेगी। सीएम नवीन पटनायक 27 तारीख को स्टेडियम का शिलान्यास करेंगे।

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# ओड़िशा को डबल इंजन सरकार की जरूरत : रक्षा मंत्री राजनाथ

आजाद सिपाह संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नबरंगपुर में बीजेपी कोर कमेटी की बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए. कार्यक्रम में शामिल हुए राजनाथ ने कहा, ओडिशा से मेरा भावनात्मक रिश्ता है। हमने कांग्रेस सरकार के समय यहां से भारत यात्रा की शुरू किया था। मैंने जगन्नाथ की भूमि से भारत सुरक्षा यात्रा शुरू की थी। उस समय आतंकवाद और नक्सलवाद हर जगह थे। लेकिन आज हमारे देश में आतंकवाद और माओवादी गतिविधियां कम हो गयी हैं। सिंह ने कहा कि पुलवाम की घटना के बाद कड़ा जवाब दिया गया है।

दूसरी ओर, रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि देश में मोदी सरकार फिर से सत्ता में आयेगी। साथ ही ओडिशा को भी डबल इंजन सरकार की जरूरत है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनावी वादे पूरे किये हैं। भाजपा एकमात्र पार्टी है जो जो कहती है उसे करती है। वादे के अनुसार, अनुच्छेद 370 और तीन तलाक को समाप्त कर दिया गया है। राजनाथ ने कहा कि 9 साल में देश में गरीबों की संख्या में काफी कमी आयी है।

हालांकि, केंद्र सरकार ने कभी भी ओडिशा के साथ भेदभाव नहीं किया है। ओडिशा में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या पहले की तुलना में बढ़ी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ओडिशा के 30 लाख लोगों को पक्का घर मिले हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 24 घंटे में से 12 घंटे पार्टी के लिए देने का भी आह्वान किया।

### आइआइटी भुवनेश्वर में मातृभाषा दिवस मनाया गया

## मातृभाषा के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण समय की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर ने 21 फरवरी 2024 को भव्य तरीके से मातृभाषा दिवस (अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस) मनाया। ओडिशा सरकार के कृषि और किसान सशक्तिकरण विभाग के तहत कृषि संवर्धन और निवेश निगम ऑफ ओडिशा लिमिटेड (एपीआईसीओएल), भुवनेश्वर के सहायक निदेशक, प्रख्यात वक्ता डॉ कृष्णकेशव षडंगी की एक भाषण इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण थी था। डॉ षडंगी उड़िया, संस्कृत और देवनागरी भाषाओं के एक प्रख्यात वक्ता, संगीतकार, संपादक, अनुवादक और टिप्पणीकार के रूप में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने उड़िया, संस्कृत, देवनागरी और अंग्रेजी में 15 से अधिक स्तोत्र/भजन का अनुवाद किया है; 4 से अधिक पुस्तकों का संपादन किया। विभिन्न समाचार पत्रों में 130 से अधिक लेख लिखे और प्रकाशित किये टीवी शो में 150 से अधिक लाइव कमेंट्री दी है। यह कार्यक्रम यूनेस्को घोषणा के अनुसार विश्वव्यापी उत्सव के अनुरूप, भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया था। इस वर्ष, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का विषय था 'बहुभाषी शिक्षा अंतर-पीढ़ीगत शिक्षा का एक स्तंभ है'।

इस अवसर पर आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर ने इस बात पर जोर दिया कि मातृभाषा हृदय की भाषा है। भाषा केवल संचार का साधन नहीं है, यह हमारी संस्कृति, इतिहास और पहचान का भंडार है। उन्होंने संस्कृत और उड़िया साहित्य के विभिन्न उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा कि हमारी मातृभाषा, जिसकी एक समृद्ध विरासत है, को संरक्षित और बढ़ावा देने के प्रयास किये जाने चाहिए। संस्थान के कुलसचिव बामदेव आचार्य ने भी समाज के बड़े उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मातृभाषा के महत्व पर बात की।

## ओड़िशा केंद्रीय विवि ने विशेष व्याख्यान शृंखला शुरू की



भुवनेश्वर। ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने 21 फरवरी, 2024 को सुनाबेदा परिसर में 'भारतीय वैचारिक परंपराएं' नामक एक विशेष व्याख्यान श्रृंखला शुरू की है। वृंदावन के श्रद्धेय संत स्वामी माधवानंद महाराजजी ने भगवद्गीता की नैतिक शिक्षाओं पर विशेष जोर देते हुए एक सर्वभक्त व्याख्यान दिया। विवि के कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने समारोह की अध्यक्षता की और याध्यक्ष भाषण दिया। उन्होंने ओडिशा के संत कवि भीम भोई द्वारा लिखित 'मो जीबन पछे नरके पड़ि थाउ जगत उद्धार हेउ' के कालातीत आदर्शों को याद किया, जिसने मानव जाति के लिए पूरी दुनिया को भारत का एक महान संदेश दिया है।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand). Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

SYMBIOSIS PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E., NEW DELHI
BUNDU, RANCHI- 835204
E-mail:- symbiosisbundu@gmail.com, Website :- www.symbiosispublicschool.com





ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Application forms for classes Pre-Nursery to Class IX and XI are available at the school office on all working days between 9:00 A.M. to 2:00 P.M.
AGE CRITERIA
PRE NURSERY: 2.5 + AS ON 1 APRIL 2024
NURSERY : 3+ AS ON 1 APRIL 2024
OUR FEATURES
- Qualified Faculty
- Play Way Learning For Toddlers.
- Experiential Learning
- Multidisciplinary Approach.
Bus facility available from all major routes Ranchi, Tamar, Dewri, Sonahatu, Rahe and Arki.
HOSTEL FACILITY AVAILABLE (FOR BOYS AND GIRLS)
Phone :- 9835108162, 9939339329
E-mail:- symbiosisbundu@gmail.com, Website :- www.symbiosispublicschool.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**